शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 96 | गुवाहाटी | गुरुवार, 2 नवंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



चूनाव में कांग्रेस को दुष्प्रचार का जवाब मिलेगा : प्रदेश भाजपा — पेज 3
6 राज्यों के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री की शुभकामना और बधाई संदेश — पेज 4
उप्र में पीएम विश्वकर्मा योजना को लगे पंख, सभी 18 ट्रेड्स में अब तक... — पेज 5
राज विस चुनाव : दलित विरोधी, महिला अत्याचार और सनातन विरोधी सरकार... — पेज 8


**सुप्रभात**

*अपनी जिंदगी में अगर वाकई कुछ हासिल करना है तो अपने तरीकों को बदलों, अपने इरादों को कभी नहीं।*

– अब्दुल कलाम


পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771


## न्यूज गैलरी

### राज्य कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री का कार्यालय लोकसेवा भवन में स्थानांतरित होने के बाद बुधवार को पहली बार राज्य कैबिनेट की बैठक डॉ. हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में हुई। राज्य कैबिनेट की बैठक में शिक्षा विभाग के दो पुरस्कारों की घोषणा के अलावा कई अन्य -शेष पृष्ठ दो पर

# अखौरा-अगरतला रेल लिंक का उद्घाटन, हमारे रिश्तों में नई ऊंचाई : पीएम




**नई दिल्ली/ढाका।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बांग्लादेश की अपनी समकक्ष शेख हसीना के साथ डिजिटल माध्यम से तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और कहा कि दोनों देशों के संबंध निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं तथा पिछले नौ वर्षों में दोनों ने मिलकर जितना काम किया है, उतना काम कई दशकों में भी नहीं हुआ। मोदी और हसीना ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें त्रिपुरा के निश्चिंतपुर और बांग्लादेश के गंगासागर के बीच एक महत्वपूर्ण रेल संपर्क, 65 किलोमीटर लंबी खुलना-मोंगला बंदरगाह रेल लाइन और बांग्लादेश के रामपाल में *मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट* की दूसरी इकाई शामिल हैं। करीब 15 किलोमीटर लंबे अगरतला-अखौरा क्रॉस बॉर्डर रेल संपर्क से सीमा पार व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है और ढाका के रास्ते अगरतला तथा कोलकाता के बीच यात्रा के समय में काफी कमी आएगी। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए हसीना के साथ बातचीत में कहा कि यह खुशी की बात है कि हम भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए एक बार फिर जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि हमारे संबंध निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में हमने मिलकर जितना काम किया है, उतना काम कई दशकों में भी नहीं हुआ था। हसीना ने कहा कि तीनों परियोजनाएं दोनों देशों के बीच बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग को और मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का संयुक्त उद्घाटन दिखाता है कि हमारे बीच दोस्ती और सहयोग का मजबूत बंधन है... मैं सितंबर में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए मेरी यात्रा के दौरान गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद भी देती हूं। मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता की बहाली के लिए दोनों देशों के बीच दशकों से लंबित, जमीन सीमा समझौता किया गया और समुद्री सीमा संबंधी मामलों को भी सुलझाया गया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों की साझा अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भारत-बांग्लादेश ने अवसंरचना और संपर्क के विकास पर विशेष बल दिया। पिछले नौ वर्षों में तीन नई बस सेवाएं और तीन नई रेल सेवाएं शुरू किए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि साल 2020 से तो भारत-बांग्लादेश के बीच कंटेनर और पार्सल ट्रेन भी चल रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में समुद्री मार्ग को सवारी और माल के यातायात के लिए विकसित किया गया। इसी रास्ते से बांग्लादेश से त्रिपुरा के लिए निर्यात का रास्ता खुल गया है। मोदी ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच विश्व की सबसे बड़ी क्रूज सेवा *गंगा विलास* के शुरू होने से पर्यटन को बढ़ावा मिला है जबकि चटगांव और मोंगला बंदरगाह के रास्ते से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़े जाने का लाभ भी दोनों देशों को हुआ है। -शेष पृष्ठ दो पर

## रेल लिंक से और मजबूत होंगे रिश्ते, बढ़ेगा पर्यटन : माणिक साहा

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रोफेसर डॉ. माणिक साहा ने बुधवार को कहा कि अगरतला-अखौरा रेलवे लिंक परियोजना के उद्घाटन से भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध और मजबूत होंगे। इससे पर्यटन बढ़ेगा। त्रिपुरा अब एक प्रमुख पर्यटन और परिवहन प्रवेश द्वार बनने की ओर अग्रसर है। इससे अगरतला और कोलकाता के बीच की दूरी 1600 किमी से कम होकर 500 किमी हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एचआईआरए (हीरा) मॉडल और देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखने की भी सराहना की, जिसमें पूर्वोत्तर के 91 और त्रिपुरा के तीन स्टेशन शामिल हैं। डॉ. साहा ने बताया कि तीन रेलवे स्टेशनों, धर्मनगर, कुमारघाट और कैलाशहर को लगभग 96.60 करोड़ रुपए की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास किया जाना है। इसके अलावा 245 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ अगरतला रेलवे स्टेशन को अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर अपग्रेड करने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद प्रधान मंत्री मोदी ने शेष भारत के साथ पूर्वोत्तर कनेक्टिविटी को बढ़ाने के प्रयास शुरू किए, जिससे राज्य की -शेष पृष्ठ दो पर

# मणिपुर में दिल से दिल की बातचीत की जरूरत : राजनाथ सिंह



**टीपा ( मिजोरम )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को मणिपुर में युद्धरत मैतेई और कुकी समुदायों से एक साथ बैठने और दिल से दिल से बातचीत करने की अपील की। बुधवार को राजनाथ सिंह ने म्यांमार की सीमा से लगे दक्षिणी हिस्से में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है और मणिपुर में दोनों समुदायों को अशांत राज्य में स्थिति में सुधार के लिए एक-दूसरे से बात करनी चाहिए। सिंह ने आगे कहा कि पिछले नौ वर्षों में पूर्वोत्तर शांतिपूर्ण रहा है। हालांकि, हमने मणिपुर में हिंसा देखी है और यह हमारे लिए दर्दनाक है। सिंह ने कहा कि हिंसा -शेष पृष्ठ दो पर

# कांग्रेस के समय में पिछड़ गया पूर्वोत्तर : सोनोवाल



**एजल।** भारतीय जनता पार्टी ने मिजोरम में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मिजोरम के दौरे पर हैं। बुधवार को केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय को यह ध्यान रखना चाहिए कि कांग्रेस शासन के दौरान -शेष पृष्ठ दो पर




**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**


# अक्तूबर में सरकार की कमाई जीएसटी कलेक्शन से 1.72 लाख करोड़




**नई दिल्ली।** अक्तूबर महीने में त्योहारी सीजन के दम पर शानदार जीएसटी कलेक्शन देखने को मिला है। अक्तूबर 2023 में जीएसटी कलेक्शन कुल 1.72 लाख करोड़ रुपए रही है। एक जुलाई 2017 को जीएसटी के लागू होने के बाद से अक्तूबर 2023 में जीएसटी कलेक्शन का दूसरा सबसे उच्च स्तर है। इस वर्ष अक्तूबर में 1.72 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है जो पिछले वर्ष अक्तूबर में संग्रहित जीएसटी 151718 करोड़ रुपए की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी कर व्यवस्था के लागू होने के बाद अक्तूबर में संग्रहित कर राजस्व अब का दूसरा सबसे अधिक कर है। इससे पहले अप्रैल 2023 में इस मद में 187035 करोड़ रुपए का जीएसटी संग्रहित हुआ था। वित्त मंत्रालय ने आज यहां आंकड़े जारी करते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में अब तक औसत मासिक जीएसटी राजस्व संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष अक्तूबर में कुल जीएसटी संग्रह 172003 करोड़ रुपए रहा है। इसमें सीजीएसटी 30062 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 38171 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 91315 करोड़ रुपए जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित कर 42127 करोड़ रुपए भी शामिल है। क्षतिपूर्ति अधिभार के रूप में 12456 करोड़ रुपए संग्रहित हुए हैं, जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1294 करोड़ रुपए भी शामिल है। सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 42873 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 36614 करोड़ रुपए दिये है। इस तरह से अगस्त में सीजीएसटी 72934 करोड़ रुपए और एसजीएसटी 74785 करोड़ रुपए रहा है।

# डेडलाइन समाप्त : पाकिस्तान के स्कूलों से अफगानी छात्र निकालने लगे



**इस्लामाबाद।** वैश्विक मंचों पर मुसलमानों के अधिकारों का रोना रोने वाला पाकिस्तान अपनी डेडलाइन खत्म होते ही क्रूरता पर उतर आया है और धक्के मारकर अफगानों सहित लाखों प्रवासियों को देश से बाहर निकाल रहा है। यही नहीं पाक ने अफगानी छात्रों को भी स्कूलों से खदेड़ना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान में सोमवार से अफगान बच्चों के स्कूलों को बंद किया जाने लगा है, या फिर जिन स्कूलों में अफगान बच्चे बढ़ रहे हैं, उन्हें स्कूलों से बाहर निकाले जाने लगा है। पाकिस्तान ने कहा है, कि वो एक एक अफगान शरणार्थियों को देश से बाहर निकाल देगा और उसने अफगानों को 31 अक्तूबर तक खुद देश छोड़कर चले जाने के लिए कहा था और घोषणा की थी जो अफगान 31 अक्तूबर तक देश छोड़कर नहीं जाएंगे, उन्हें एक नवंबर से जबरन देश से बाहर निकाला जाएगा। बुधवार से, अधिकारी बिना दस्तावेज वाले अफगानों को गिरफ्तार करेंगे और उन्हें देश भर में स्थापित डिटेंशन सेंटर्स में ले जाएंगे, जहां से उन्हें निर्वासित करने के लिए सीमा पर भेज दिया जाएगा। वहीं, तालिबान ने पाकस्तान सरकार की इस कार्रवाई को बर्बर बताते हुए गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी है। तालिबान शासन के रक्षा मंत्री मुल्ला उमर के बेटे मुल्ला याकुब ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने का आह्वान किया है। पाकिस्तान का कहना है, कि देश में करीब 17 लाख अफगान शरणार्थी अवैध ढंग से रहते हैं और पाकिस्तान में होने वाले आतंकी हमलों के लिए वो जिम्मेदार हैं। पाकिस्तान ने कहा है, कि जो अफगान 31 अक्तूबर से पहले देश नहीं छोड़ेगा, उनकी एक नवंबर से गिरफ्तारी शुरू कर दी जाएगी और उनकी संपत्ति को जब्त कर लिया जाएगा। पाकिस्तान में अफगान बच्चों के लिए स्कूल बंद होने का असर उनके भविष्य पर पड़ेगा, खासकर लड़कियों के। क्योंकि अफगानिस्तान के तालिबान शासन ने लड़कियों की शिक्षा पर पाबंदी लगा रखी है। अफगानिस्तान में लड़कियों के माध्यमिक शिक्षा पर प्रतिबंध है।

## अज्ञात शव



**गुवाहाटी।** जीएमसीएच के मुरदाघरमें एक अज्ञात व्यक्ति का शव बीते 22 अक्तूबर से पड़ा है। मृतक आर्यनगर ओवर ब्रिज के नीचे सोया पड़ा था, जिसे लोगों ने जीएमसीएच में भर्ती कराया। जहां वह मरा हुआ पाया गया। 49 वर्षीय पुरुष का नाम-पता किसी को मालूम नहीं है। इसकी सूचना भांगागढ़ थाने ने दी है।

## सरयू नदी में पलटी नाव तीन मरे, 12 लापता

**पटना ( हि.स. )।** बिहार के छपरा में बुधवार देर शाम एक बड़ी नाव दुर्घटना हो गई। यहां मांझी के मटियार के पास सरयू नदी में नाव पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 12 से ज्यादा मजदूरों के लापता होने की सूचना है। नाव पलटने से अफरा-तफरी का माहौल है। बताया जा रहा है कि दियारा में खेती करने के बाद ये लोग नाव से घर लौट रहे थे। इस बीच नाव सरयू नदी में पलट गई।

# दिल्ली से 16 को पूर्वोत्तर राज्यों के लिए रवाना होगा विशेष पर्यटक ट्रेन



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** भारतीय रेलवे ने पूर्वोत्तर राज्यों के अनछुए स्थानों पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ साझेदारी में *नॉर्थ ईस्ट डिस्कवरी* टूर शुरू किया है। भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन टूर के तहत ट्रेन 16 नवंबर को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से अपनी यात्रा शुरू करेगी। रेल मंत्रालय के अनुसार 15 दिनों के दौरान ट्रेन असम के गुवाहाटी, शिवसागर, जोरहाट और काजीरंगा, त्रिपुरा के उनाकोटि, अगरतला और उदयपुर, नगालैंड के कोहिमा और दीमापुर तथा मेघालय के शिलांग और चेरापूंजी शहर सहित उत्तर पूर्व के विभिन्न गंतव्यों को कवर करेगी। 14 रातों और 15 दिनों के इस टूर के लिए चलने वाली इस ट्रेन का पहला पड़ाव गुवाहाटी है, जहां पर्यटक कामाख्या मंदिर और उसके बाद उमानंद मंदिर तथा ब्रह्मपुत्र नदी में सूर्यास्त क्रूज का भ्रमण करेंगे। इसके बाद यह ट्रेन रात्रिकालीन यात्रा पर नाहरलागुन रेलवे स्टेशन के लिए रवाना होगी, जो अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर से लगभग 30 किलोमीटर दूर है। यात्रा का अगला पड़ाव शहर शिवसागर है, जो असम के पूर्वी हिस्से में स्थित है और अहोम साम्राज्य की पुरानी राजधानी है। यहां के प्रसिद्ध शिव मंदिर सिवाडोल के साथ-साथ तलातल घर और रंग घर (पूर्व का कोलोसियम) जैसे अन्य विरासत स्थलों की यात्रा भी इस कार्यक्रम का हिस्सा है। इसके अलावा पर्यटकों को जोरहाट में चाय के बागानों और काजीरंगा में रात भर रुकने के साथ-साथ काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में सुबह की जंगल सफारी का अनुभव भी कराया जाएगा। इसके बाद यह ट्रेन त्रिपुरा राज्य के लिए प्रस्थान करेगी, जहां मेहमानों को सघन जम्पुई पहाड़ियों में प्रसिद्ध विरासत स्थल उनाकोटि के दर्शनीय स्थलों की यात्रा कराई जाएगी। इसके बाद वे राजधानी अगरतला के लिए आगे बढ़ेंगें, जहां की यात्रा में उन्हें प्रसिद्ध उज्जयंता पैलेस, नीरमहल और उदयपुर में त्रिपुरा सुंदरी मंदिर की यात्रा कराई जाएगी। त्रिपुरा के बाद यह ट्रेन नगालैंड राज्य को कवर करने के लिए दीमापुर के लिए प्रस्थान करेगी।

# चीन ने अपने नक्शों से इजराइल को हटाया




**बीजिंग।** इजराइल और हमास जंग के बीच चीन ने एक चौंकाने वाला कदम उठाया है। गाजा में इजराइली हमलों के दौरान चीन ने कथित रूप से इजराइल को अपने ऑनलाइन नक्शे से हटा दिया है। उधर, बोलीविया सरकार ने गाजा पट्टी में हमास उग्रवादियों के खिलाफ इजराइली सैन्य हमले को समाप्त करने का आह्वान करते हुए मंगलवार को इजराइल के साथ राजनयिक संबंध खत्म कर दिए। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जनरल ने सोमवार को सबसे पहले दी रिपोर्ट में कहा गया है कि डिजिटल नक्शे में बाइडू ने इजराइल और फिलीस्तीन को अलग-अलग क्षेत्र के रूप में दिखाया गया है लेकिन उन्हें देश के रूप में पहचान नहीं बताई है। इसके अलावा चीन की शीर्ष कंपनियों बाइडू और अलीबाबा इजराइल को अब उसके नाम से नहीं बुलाएंगी। रिपोर्ट के अनुसार इसी तरह का नक्शा अलीबाबा समूह ने भी जारी किया है जिसमें लक्जमबर्ग जैसे छोटे देश का स्पष्ट रूप से जिक्र किया गया है लेकिन इजराइल का नाम देश के रूप में नहीं है। चीन के कई इंटरनेट यूजर्स का इजराइल को हटाने के असामान्य कदम पर गया है। यह अब चीन में चर्चा का विषय बन गया है। अलीबाबा और बाइदू दोनों ने ही अभी तक इस बदलाव की वजह नहीं बताई है। गाजा युद्ध शुरू होने के बाद चीन ने सीजफायर का समर्थन किया है ताकि और ज्यादा तनाव भड़कने तथा मानवीय पीड़ा से रोका जा सके। बोलीविया सरकार ने गाजा पट्टी में हमास उग्रवादियों के खिलाफ इजराइली सैन्य हमले को समाप्त करने का आह्वान करते हुए मंगलवार को इजराइल के साथ राजनयिक संबंध खत्म कर दिए। बोलीविया के उप विदेश मंत्री फ्रेडी ममानी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बोलीविया ने गाजा पट्टी में जारी भीषण इजराइली सैन्य हमले की निंदा करते हुए इजराइल के साथ राजनयिक संबंध तोड़ने का फैसला किया है। देश के वामपंथी राष्ट्रपति लुइस अर्से लंबे समय से इज़राइल के आलोचक रहे हैं और इससे पहले 2009 में गाजा से जुड़ी लड़ाई को लेकर उन्होंने इज़राइल के साथ राजनयिक संबंध तोड़ दिए थे। साल 2020 में राजनयिक संबंध फिर से बहाल हुए थे। इस बीच पिछले सप्ताह चीन ने माना था कि इजरायल के पास हमास से बचाव का अधिकार है। इससे पहले चीन के गाजा युद्ध को लेकर रुख की कड़ी आलोचना हुई थी। इससे पहले शी जिनपिंग ने तत्काल सीज फायर घोषित करने की मांग की थी। चीन के खाड़ी देशों में राजदूत ने कहा है कि चीन मिस्त्र के साथ लगातार संपर्क में बना हुआ है।

# पृष्ठ एक का शेष

## *अखौरा-अगरतला रेल...*

प्रधानमंत्री ने कहा कि संपर्क पहल ने कोरोना महामारी के दौरान जीवनरेखा का काम किया और तभी *ऑक्सीजन एक्सप्रेस* के जरिए 4,000 टन से ज्यादा ऑक्सीजन भारत से बांग्लादेश पहुंचाई गई। भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र पर चार नई आव्रजन जांच चौकी खोले जाने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में हमारा आपसी व्यापार लगभग तीन गुना हो गया है। इन नौ वर्षों की यात्रा में, आज *अखौरा-अगरतला रेल संपर्क* का उद्घाटन भी एक ऐतिहासिक पल है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से बांग्लादेश का ये पहला रेल संपर्क है। बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के समय से त्रिपुरा का इससे गहरा नाता रहा है। इस संपर्क के माध्यम से पूर्वोत्तर भारत के राज्य बांग्लादेश के बंदरगाहों से भी जुड़ेंगे। अधिकारियों ने बताया कि भारत ने अगरतला-अखौरा क्रॉस बॉर्डर रेल संपर्क के लिए बांग्लादेश को अनुदान सहायता के रूप में 392.52 करोड़ रुपए दिए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि खुलना-मोंगला बंदरगाह रेल लाइन के बनने से अब बांग्लादेश का मोंगला बंदरगाह, रेल के रास्ते ढाका और कोलकाता के व्यापार केंद्रों से जुड़ गया है। मैत्री ताप विद्युत परियोजना की दूसरी इकाई के उद्घाटन को प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों में बिजली और ऊर्जा सहयोग में एक नई कड़ी करार दिया और कहा कि हमारे आपसी सहयोग से बांग्लादेश की ऊर्जा सुरक्षा को बल मिला है। ऊर्जा क्षेत्र में बांग्लादेश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हुआ है। भारत, बांग्लादेश और नेपाल के बीच बिजली के आदान-प्रदान पर बनी सहमति का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने *सबका साथ, सबका विकास* के अपने रुख को बांग्लादेश जैसे अपने निकटतम पड़ोसी मित्र के लिए भी प्रासंगिक माना है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश का सबसे बड़ा विकास साझेदार होने पर हम गौरवान्वित महसूस करते हैं। पिछले नौ वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए लगभग 10 अरब डॉलर की सहायता दी गई है। हमने साथ मिलकर पुराने, रुके हुए काम तो पूरे किए ही हैं, लेकिन आज के कार्यक्रम की एक और विशेषता है। आज जिन तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है, उनका निर्णय भी हमने लिया था, और इन्हें लोगों को समर्पित करने का सौभाग्य भी हमें ही मिला है। दोनों देशों के संयुक्त प्रयासों की सफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने शेख हसीना का आभार प्रकट करते हुए कहा कि *स्मार्ट बांग्लादेश* को आगे बड़ाने में भारत पूरा सहयोग देता रहेगा। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि बांग्लादेश के 12 जिलों में 12 आई-टी पार्क बनाने में भारत सहयोग दे रहा है। फिनटेक के क्षेत्र में दोनों देशों के पेमेंट गेटवेज को जोड़ने के लिए भी सहमति बनी है। मेरा पूर्ण विश्वास है कि हमारे साझा प्रयासों से बंगबंधु के *सोनार बांग्लादेश* का विजन साकार होगा।

## *रेल लिंक से और...*

कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा अब 19 ट्रेनों से जुड़ा है, जिनमें 13 एक्सप्रेस ट्रेनें, 5 डेमू ट्रेनें और एक लोकल ट्रेन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि अगरतला-अखौरा रेलवे लिंक जो 12.24 किमी है, जिसमें त्रिपुरा में 5.46 किमी और बांग्लादेश में 6.76 किमी तक फैला है। इस परियोजना के लिए कुल 972 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। भारतीय खंड के लिए 580 करोड़ रुपए बांग्लादेशी खंड के लिए 392 करोड़ नामित किए गए थे। इरकॉन भारतीय हिस्से की देखरेख कर रहा है, जबकि टेक्सामैको बांग्लादेश के हिस्से को संभाल रहा है। डॉ. साहा ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी।

## *मणिपुर में दिल से ...*

किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। हमें दिल से दिल की बातचीत की जरूरत है। मैं दोनों समुदायों से एक साथ बैठने और विश्वास की कमी को खत्म करने की अपील करता हूं। मणिपुर में पिछले कुछ महीनों में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच शत्रुता के कारण बड़े पैमाने पर हिंसा देखी गई है। उल्लेखनीय है कि 3 मई को राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 180 से अधिक लोगों की जान चली गई है। ये हिंसा तब फैली जब मैतेई समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में *आदिवासी एकजुटता मार्च* आयोजित किया गया था। मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी, जिनमें नागा और कुकी शामिल हैं, 40 प्रतिशत हैं और ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि हिंसा किसी राजनीतिक दल के कारण नहीं हुई। यह कुछ स्थितियों के कारण हुआ। रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर राजनीतिक लाभ के लिए मणिपुर की स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब मणिपुर में स्थिति बिगड़ रही थी, तब कांग्रेस ने इस पर राजनीति करने की पूरी कोशिश की। उन्होंने कहा कि मिजोरम और पूर्वोत्तर समेत पूरे देश को कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति से दूर रखने की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का मानना है कि जब तक पूर्वोत्तर वास्तव में विकसित नहीं होगा, एक मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा नहीं होगा। अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि अगर राज्य में भाजपा सत्ता में आती है तो मिजोरम को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। रक्षा मंत्री ने 1966 में केंद्र की कांग्रेस सरकार द्वारा मिजोरम में वायुसेना के इस्तेमाल का भी जिक्र किया। उन्होंने 1966 की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जब कांग्रेस केंद्र में शासन कर रही थी, तब उन्होंने मिजोरम पर देश का पहला हवाई हमला किया था। अब, भाजपा सत्ता में है और हम ऐसी चीजें कभी नहीं करेंगे।

## *कांग्रेस के समय...*

कनेक्टिविटी और विकास के मामले में पूरा पूर्वोत्तर क्षेत्र पिछड़ गया था। अब केंद्र में भाजपा के सत्ता में आने के बाद चीजें बदल गईं। अंतर हर किसी के देखने लायक है। उन्होंने कहा कि मिजोरम में विकास के लिए भाजपा सरकार जरूरी है। केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद पूर्वोत्तर के राज्यों का विकास बहुत तेजी से हुआ है। सोनोवाल ने कहा कि मिजोरम के लोगों को वोट देकर अपने राज्य में विकास सुनिश्चित करना चाहिए और राज्य में भाजपा को सत्ता में लाना चाहिए। चूंकि मिजोरम में लोग शिक्षित हैं, वे निश्चित रूप से राज्य में भाजपा को सत्ता में लाने और विकास सुनिश्चित करने पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि आज पूर्वेत्तर का विकास देखिए। संपूर्ण पूर्वोत्तर अब राष्ट्रीय और वैश्विक पर्यटकों और निवेशकों के लिए एक गंतव्य बन गया है। इस बीच मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने विश्वास जताते हुए कहा कि उनकी पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) राज्य में अपने दम पर सरकार बनाएगी। सत्तारूढ़ एमएनएफ मिजोरम में सत्ता बरकरार रखेगी। उन्होंने एक बार फिर कहा कि अगर उनके (भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए) सिद्धांत मिजो लोगों के खिलाफ हैं, तो हम इसका विरोध करेंगे। जोरमथांगा ने यह विश्वास जताते हुए कहा कि उनकी पार्टी एमएनएफ राज्य में अपने दम पर सरकार बनाएगी। हमें सरकार बनाने के लिए 21 सीटों की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि कम से कम हम 25 या उससे भी अधिक तक जाएंगे। वह राज्य में आगामी चुनावों में एमएनएफ की संभावनाओं और चुनाव बाद गठबंधन की संभावना पर मीडिया के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने भी दोहराया कि राज्य में सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के बीच संबंध मुद्दा आधारित है। हम (एमएनएफ) सिद्धांतों के एक सेट का पालन करते हैं जो भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के अनुरूप नहीं हो सकते हैं। अगर उनके (भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए) सिद्धांत मिजो लोगों के खिलाफ हैं, तो हम इसका विरोध करेंगे। इससे पहले भी मिजोरम के मुख्यमंत्री ने अपनी नीतियों के लिए भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की आलोचना की थी।

## *राज्य कैबिनेट की...*

महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। राज्य कैबिनेट की बैठक के बाद लिए गए निर्णयों की जानकारी मंत्री जयंत मुल्ला बरूवा ने मीडिया को दी। मंत्री ने बताया कि शिक्षा विभाग के लिए दो पुरस्कार दिवस की घोषणा की गई है। राज्य के 27,183 छात्रों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के तहत डीबीटी प्रक्रिया के माध्यम से प्रत्येक को 15 हजार रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दूसरा पुरस्कार बानिकान्त काकती पुरस्कार है। यह पुरस्कार क्रमश: 30 नवंबर और 1 दिसंबर को दिए जाएंगे। मंत्री ने अताया कि छात्रों को बानिकांत काकती पुरस्कार के तहत स्कूटर दिए जाएंगे। इसके तहत राज्य के 35,776 छात्रों को स्कूटर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भूटान के राजा 3-4 नवंबर को असम का दौरा करेंगे और भूटान के छात्रों के लिए पांच मेडिकल सीटें आरक्षित होंगी।

## मिजोरम की उन्नति के लिए कांग्रेस की जीत जरूरी : सोनिया



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि मिजोरम की समृद्धि, उन्नति और शांति के लिए वहां कांग्रेस की सरकार बननी जरूरी है। ऐसे में वह राज्य की जनता से आह्वान करती हैं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाएं। सोनिया गांधी ने बुधवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि मिजोरम उनके दिल के करीब है। वह कई बार राज्य की यात्राएं कर चुकी हैं। वहां के रीति-रिवाज और संस्कृति बहुत खूबसूरत है। उनकी जरूरतों और भावनाओं को कांग्रेस समझती है। इसलिए राज्य की जनता से वह अनुरोध करती हैं कि वह कांग्रेस के साथ खड़ी हो। सोनिया ने राज्य की जनता से अपील किया कि यह समय प्रयोग का नहीं है। भाजपा शासनकाल में लोकतंत्र खतरे में है। यह सरकार डेमोक्रेसी और डायलॉग पर भरोसा नहीं करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास राज्य के विकास का विजन है। हम जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं। कांग्रेस ने जो वादे कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में किए उसे पूरा करके दिखाया है। ऐसे में मिजोरम के विकास के लिए कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी है।

# कोलकाता में मैच के दौरान फहराया फिलिस्तीनी झंडा, चार गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में मंगलवार को पाकिस्तान-बांग्लादेश विश्व कप क्रिकेट मैच के दौरान कुछ लोगों ने फलस्तीन का झंडा फहराया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों को हिरासत में ले लिया। इसकी जानकारी पुलिस ने दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उनमें से दो झारखंड के निवासी हैं, जबकि अन्य दो कोलकाता के इकबालपुर और पड़ोसी हावड़ा के हैं। अधिकारी ने कहा कि हमने उनमें से दो को गेट नंबर 6 के पास और अन्य दो को ब्लॉक जी1 पर फलस्तीनी झंडा लहराने के लिए हिरासत में लिया है। हम उनके मकसद का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि चारों को कानून लागू करने वालों ने मैदान पुलिस स्टेशन से हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने विस्तार से बताया कि वहां तैनात पुलिसकर्मी पहले तो समझ ही नहीं पाए कि प्रदर्शनकारी क्या कर रहे हैं। फिर उन्होंने फलस्तीन का झंडा लहराया और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। हालांकि, उन्होंने कोई नारा नहीं लगाया। कोलकाता पुलिस के सूत्रों ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि चार लोग, जिनकी उम्र लगभग 20 वर्ष के बीच है, गाजा में चल रहे इजरायल-हमास संघर्ष का विरोध कर रहे थे और उन्होंने अपने आंदोलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मैच को चुना।

## विपक्ष को चुप कराने के लिए मंत्रियों पर केंद्र का निशाना : ममता

**कोलकाता ( हि.स. )।** दिल्ली के शराब नीति भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई के नोटिस को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र के खिलाफ मुखर आवाज उठाने वालों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को डराकर चुप कराने के लिए ऐसा किया जा रहा है। राशन वितरण भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार अपने कैबिनेट के मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी केंद्र के खिलाफ है, उन्हें किसी भी तरह से परेशान करना इनका काम है। इसलिए अरविंद केजरीवाल को भी नोटिस भेजा गया है। बुधवार को सचिवालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र पर हमला करते हुए दावा किया कि वह विपक्ष को चुप कराने के लिए आप नेता अरविंद केजरीवाल और बंगाल के मंत्रियों को निशाना बना रही है। ममता ने कहा कि अरविंद (अरविंद केजरीवाल) को भी नोटिस भेजा गया है। पांच से छह सांसद कह रहे हैं कि उनके फोन हैक हो गए हैं। उन्होंने फिर कहा कि उन्हें (केंद्र को) ऐसा करना जारी रखने दीजिए। बंगाल हमारी भूमि है यहां वह अपनी जितनी ताकत लगा लें, कुछ नहीं कर पाएंगे। बनर्जी ने यह भी कहा कि मनरेगा बकाया को लेकर तृणमूल कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि हम 16 दिसंबर तक इंतजार करेंगे, फिर हम अपने अगले आंदोलन की घोषणा करेंगे।

## लाचित सेना पर प्रतिबंध की मांग

**हैलाकांदी।** असम में एक नागरिक समाज ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से एक समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए वीर लाचित सेना पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। नागरिक समाज के एक सदस्य, हरेन डे ने सीएम शर्मा को लिखे एक पत्र में उल्लेख किया है कि लाचित सेना के सदस्यों ने पूरे बंगाली समुदाय के खिलाफ बयान देना शुरू कर दिया है, जहां उन्होंने कहा कि बंगाली आक्रमणकारी हैं और उनकी कोई संस्कृति नहीं है। उन्होंने कहा कि इन टिप्पणियों ने समग्र रूप से बंगाली समुदाय की भावनाओं को आहत किया है। डे ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर कुछ पोर्टलों ने इन क्लिपिंग की घटना की परवाह किए बिना इन टिप्पणियों को प्रमुखता से उजागर किया है।

# ब्यूटी पार्लर में आइब्रो बनवाने पर बीवी को शौहर ने कहा- तलाक, तलाक, तलाक



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कानपुर से बेहद अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। यहां एक शौहर ने अपनी बेगम को फोन पर तीन तलाक दे डाला, वो भी सिर्फ इसलिए कि उसने ब्यूटी पार्लर जाकर अपने आइब्रो बनवा लिए थे। महिला ने कई बार शौहर को फोन किया, लेकिन उसने उसका कॉल नहीं उठाया। ससुराल वालों को फोन किया तो उन्होंने भी बेटे का साथ दिया। परेशान होकर महिला ने पुलिस में पति समेत ससुराल के 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मामला कानपुर के कुली बाजार इलाके का है। यहां रहने लाली गुलसबा नामक महिला का निकाह 17 जनवरी 2022 को प्रयागराज के रहने वाले सालिम से हुआ था। परिवार प्रयागराज के फूलपुर में रहता है। जबकि, सालिम सऊदी अरब में रहकर नौकरी करता है। महिला ने ससुराल वालों को दहेज के लिए परेशान करने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक, 30 अगस्त 2023 को सालिम नौकरी के लिए सऊदी अरब गया। लेकिन पीछे से ससुराल वाले उसे दहेज के लिए परेशान करने लगे। कुछ दिन पहले ही वो अपने मायके आई। यहां से भी उसी सालिम से वीडियो कॉल के जरिए बात होती थी। फिर 4 अक्तूबर को सालिम ने जब उसे वीडियो कॉल किया पूछने लगा कि क्या तुमने अपनी आइब्रो बनवाई है। इस पर गुलसबा ने कहा कि हां मैंने आइब्रो सेट करवाई है। बस यह सुनते ही सालिम गुस्सा हो गया। गुलसबा ने कहा कि मेरे पति थोड़े पुराने ख्यालात के हैं।



# चुनाव में कांग्रेस को दुष्प्रचार का जवाब मिलेगा : प्रदेश भाजपा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता पंकज बोरा ने कांग्रेस को चेतावनी दी कि कांग्रेस गलत प्रचार कर असम की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। आगामी हर चुनाव में कांग्रेस को इस दुष्प्रचार का जवाब दिया जाएगा। भाजपा के प्रवक्ता बोरा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के दौरान स्वशासी परिषदों का इस्तेमाल लूटपाट के अड्डे के रूप में किया गया था। कांग्रेस शासनकाल में लंबे समय तक स्वशासी परिषदों में कोई अनुशासित वित्तीय प्रबंधन नहीं था। इसलिए उस समय विभिन्न स्वायत्त परिषदों में भ्रष्टाचार ने विकास को बाधित किया। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के गठन के बाद स्वायत्त परिषदों में वित्तीय प्रबंधन को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया गया है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि असम की छठी अनुसूची के तहत स्वायत्त परिषदों और जनजातीय स्वायत्त परिषदों के नियमों के अनुसार लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराने के बाद, ये स्वायत्त परिषदें अब केंद्र और राज्य के वित्त विभाग के दिशा निर्देशों और नियमों का पूरी तरह से पालन कर रही हैं। सरकारों ने विकास गतिविधियों में भाग लिया है। उन्होंने कहा कि जन जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग विकास विभाग और पहाड़ी विकास विभाग के माध्यम से स्वशासी परिषदों को आवंटित धन का उपयोग वर्तमान में अच्छी तरह से किया गया है। कांग्रेस सरकार के दौरान सीएजी रिपोर्ट के हर पन्ने पर आदिवासी और अन्य पिछड़े वर्ग के विभागों में भ्रष्टाचार दर्ज था, हालांकि, भारतीय जनता पार्टी के तहत, कैग रिपोर्ट केवल जनजातीय स्वायत्त परिषदों के वित्तीय अनुशासन को दर्शाती है। यह स्पष्ट रूप से साबित करता है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनाई गई शून्य सहिष्णुता की नीति स्वायत्त परिषदों पर भी लागू होती है। प्रवक्ता ने कहा कि देश की स्वशासी परिषदें अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की *सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास* की नीति के आधार पर विकास की ओर बढ़ रही हैं। कांग्रेस गलत प्रचार कर असम की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। असम के लोग कांग्रेस पार्टी के ऐसे प्रयासों का विरोध करेंगे। इसलिए, यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करना आवश्यक है कि देश की अर्थव्यवस्था इन परिवर्तनों से प्रभावित न हो।

## नकली भारतीय मुद्रा के साथ एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** नकली भारतीय मुद्रा (एफआईसीएन) की डीलिंग और डिलीवरी के संबंध में एक इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, एसटीएफ ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि बीती रात गुवाहाटी के वशिष्ठ थानांतर्गत लालमाटी स्थित महर्षि विद्या मंदिर स्कूल, बोरसोजाई, जागरण पथ के पास एसटीएफ ने कम्फर्ट होम होटल में छापेमारी की। इस दौरान नकली भारतीय मुद्रा के 500 रुपए मूल्य के 280 नोट, 2 मोबाइल फोन, एक एफआईसीएन प्रिंटिंग मशीन, 21 स्पार्कलिंग टेप, 2 पारदर्शी बुक कवर, एक एचपी डेस्कजेट 2332 प्रिंटर, एक रीम सफेद ए-4 आकार का कागज, एक स्केल, एक यूटिलिटी चाकू, 38 हरा रंग लपेटा हुआ, 500 रुपए के आकार के सफेद कागजों का एक बंडल, ऊपरी परत में 500 मूल्यवर्ग के लिए उपयोग किया हुआ आदि बरामद किया गया।

# पचास मवेशी समेत चार गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** राज्य में सख्त पशु कानून लागू होने के बावजूद मवेशियों की तस्करी जारी है। इसी कड़ी में खेत्री पुलिस की टीम ने तलाशी अभियान चलाकर 50 मवेशियों को लेकर जा रहे दो वाहन को जब्त किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर आउट पोस्ट क्षेत्र के जोरावर क्रॉसिंग इलाके में चलाये गये अभियान के दौरान ट्रक (एएस-17सी-5591) से 44 मवेशियों समेत दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार पशु तस्करों की पहचान मफिजूल खान (23, कलगछिया) और अमीनुल हक (27, रुपहीहाट) के रूप में की गई है। वहीं जोराबाट पुलिस ने अन्य एक अभियान के दौरान से छह मवेशी समेत दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। बोलोरो पिकअप (एएस-12बीसी-7812) के जरिए छह पशुओं की तस्करी की जा रही थी। गिरफ्तार दोनों पशु तस्कर की पहचान शरीफुल इस्लाम (22) और तफज्जुल इस्लाम (21) के रूप में की गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपी कोलियाबर के रहने वाले बताए गए हैं। जब्त किए गए पशुओं को बड़े ही क्रूर तरीके से दोनों वाहनों के भीतर ले जाया जा रहा था। पुलिस इस संबंध में पशु अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का मनाया गया स्थापना दिवस

**इटानगर ( हिंस )।** आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, दिल्ली, लक्षद्वीप और पुडुचेरी का स्थापना दिवस आज अरुणाचल प्रदेश के राजभवन में मनाया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनाईक और राज्य की प्रथम महिला अनघा परनाईक के साथ-साथ 8 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों ने भाग लिया। राज्यपाल ने कहा कि 1 नवंबर भारत के इतिहास में एक अहम तारीख है, क्योंकि इस दिन उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक बड़ी संख्या में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की स्थापना हुई थी। उन्होंने प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की संपत्ति और अरुणाचल प्रदेश के साथ इन राज्यों की समानता पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने स्थापना दिवस मनाने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों को अरुणाचल प्रदेश की विकासात्मक प्रगति में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने उनकी सांस्कृतिक प्रस्तुति की भी सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि अन्य राज्यों में अपने स्थापना दिवस मनाने में देश के हर हिस्से से लोगों की भागीदारी *एक भारत, श्रेष्ठ भारत* की भावना को मजबूत करती है।

# रिश्वत लेते लाट मंडल गिरफ्तार

**नलबाड़ी ( असम ) ( हिंस )।** असम के सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (एसीबी) की टीम ने बुधवार को एक लाट मंडल (लेखपाल) को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के आधिकारिक बयान में बताया गया है कि निदेशालय में एक शिकायत मिली थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि सर्कल अधिकारी, मुकालमुआ राजस्व सर्कल, जिला-नलबाड़ी के कार्यालय में नयन डेका, लाट मंडल (लेखपाल) ने शिकायतकर्ता के म्यूटेशन संबंधी कार्यों के लिए एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। बाद में लाट मंडल 70 हजार रुपए देने पर काम करने को तैयार हो गया था। इस शिकायतकर्ता ने लोक सेवक के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निदेशालय से संपर्क किया। पुलिस के अनुसार सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय की टीम ने जाल बिछाकर आरोपी नयन डेका को दारांगीपारा स्थित उसके आवास से शिकायतकर्ता से रिश्वत के 10 हजार रुपए लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। इस संबंध में एसीबी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# जिला अल्पसंख्यक मोर्चा ने *शुक्रिया मोदीजी* कार्यक्रम आयोजित किया

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के निर्देशानुसार गुवाहाटी महानगर जिला अल्पसंख्यक मोर्चा ने बुधवार को *शुक्रिया मोदीजी* कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा ने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति, लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए आभार जताया। बुधवार को जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समुदाय की लगभग एक सौ महिलाएं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की पहल पर तीन तलाक जैसी प्रथा को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं को संवैधानिक सुरक्षा देने और लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए आयुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक प्रशंसा पत्र भी भेजा गया। कार्यक्रम में प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शांतिस कुजूर, प्रदेश महासचिव खलीलुर रहमान, जिला अध्यक्ष तपन चंद्र दास, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक बोर्ड के सदस्य जेफरीन महजबीन, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष इंदर सिंह, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य उस्मान गनी और पार्टी कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे।

### नगालैंड पहुंचा बांग्लादेश वायु सेना का प्रतिनिधिमंडल

# मुक्ति संग्राम में भारत के योगदान को किया याद




**डिमापुर ( हिंस )।** बांग्लादेश वायु सेना (बीएएफ) की 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने नगालैंड का दौरा कर बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में भारत के महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। बुधवार को बांग्लादेश वायु सेना के प्रतिनिधिमंडल का डिमापुर में ड्यूटी पर तैनात भारतीय वायु सेना के अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान डोर्नियर व एमआई17-वी5 स्क्वाड्रन के अधिकारियों और जवानों ने बांग्लादेश वायु सेना के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत की। हालिया दौरे में 28 सितंबर, 1971 को डिमापुर में किलो फ्लाइट और बांग्लादेश वायुसेना के बीच ऐतिहासिक संबंध पर विशेष चर्चा हुई। माना जा रहा है कि बीएएफ कर्मियों की डिमापुर यात्रा दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच मजबूत बंधन और गहरे रिश्ते का संदेश देगी।

## तामुलपुर के काउली हायर सेकेंडरी स्कूल में चोरी

**तामुलपुर ( हिंस )।** तामुलपुर के काउली हायर सेकेंडरी स्कूल में चोरी का मामला सामने आया है। चोरी की घटना बीती रात तामुलपुर के काउली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई। चोरों ने स्कूल के कंप्यूटर रूम में छात्रों के कई दस्तावेजों के साथ कुर्सी जला दी। छात्रों के कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलाए जाने की आशंका जताई जा रही है। पूरी घटना को चोरों ने बड़ी चालाकी से अंदर घुसकर अंजाम दिया। कंप्यूटर बैग भी ले जाने की आशंका है। चोरी का मामला तब सामने आया जब आज छात्र और शिक्षक स्कूल में कंप्यूटर रूम में गए। उक्त घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच करते हुए एक प्राथमिकी दर्ज की। ज्ञात हो कि इससे पहले भी संस्थान में एक बार चोरी हो चुकी है।

# 17 सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों को मिला पेंशन का लाभ




**रंगिया ( विभास )।** 31 अक्तूबर को सेवानिवृत्त हुए कामरूप जिले के कुल 17 प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों और कर्मचारियों को आज पेंशन लाभ के लिए विभागीय मंजूरी पत्र सौंपे गए। अतिरिक्त आयुक्त डॉ. जीवन कृष्ण गोस्वामी ने सेवानिवृत्त शिक्षकों से समाज में सकारात्मक योगदान जारी रखने और कामरूप जिले द्वारा शुरू की गई सेवानिवृत्त और पूर्व छात्रों की शैक्षिक स्वेच्छासेवी (भेस्पा) योजना में खुद को शामिल कर पास के किसी भी स्कूल में पढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में कामरूप जिले के स्कूल निरीक्षक अपूर्ब ठाकुरिया ने भाग लिया, जिन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों के कल्याण के लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों के बारे में बताया। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों से सेवानिवृत्ति के दौरान भी शिक्षा व्यवस्था से जुड़े रहने का आग्रह किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर गुवाहाटी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. तरनीकांत हालोई शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का समाज में सभी सम्मान करते हैं। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों से समाज हित में सेवा जारी रखने का आग्रह किया। बैठक में आमंत्रित अतिथि के रूप में पूब कामरूप महाविद्यालय के असमिया विभाग के सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक खगेन तालुकदार ने भाग लिया। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों से अपनी पढ़ाई जारी रखने और समाज को ज्ञान के प्रकाश से रोशन करने का आग्रह किया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायेट), कामरूप की अध्यक्षा डॉ. पंकजा बरुवा ने सेवानिवृत्त शिक्षकों से समाज के लाभ के लिए सेवा जारी रखने का आग्रह किया। बैठक को सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी रॉबिन पाठक ने संबोधित किया और सेवानिवृत्त शिक्षकों से स्वेच्छा से वेस्पा योजना में शामिल होने का आग्रह किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमुख शिक्षाविद परेश वैश्य ने सेवानिवृत्त शिक्षकों से कामरूप की *वेस्पा* योजना के तहत अपनी सुविधा के अनुसार स्कूलों में सेवा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कुछ सरकारी पेंशनभोगी शिक्षक निजी स्कूलों में सेवा देना चाहते हैं। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों से सरकारी स्कूलों में सेवा देने का आग्रह किया। बैठक में कामरूप जिले के अधिविद्या परिषद के सचिव रफीकुद्दीन अहमद और सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## उत्सव की *दिवाली एडिट* प्रदर्शनी सह बिक्री कल

**गुवाहाटी ( विभास )।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर *उत्सव* की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक दिवसीय *दिवाली एडिट* नामक प्रदर्शनी सह बिक्री का आयोजन आगामी 3 नवंबर को किया जाएगा। आयोजक नेहा अग्रवाल व स्विटी अग्रवाल ने बताया कि पल्टन बाजार स्थित होटल नंदन में सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे के बीच आयोजित होने वाले इस फैशन एंड लाइफ स्टाइल एक्जिविशन में युवती एवं महिलाओं के लिए पारंपरिक व वेस्टर्न परिधानों के अलावा फैंसी दीये, बंदनवार, घरेलू साज-सज्जा से जुड़ी वस्तुएं उचित दरों पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी सह बिक्री के माध्यम से महिला उद्यमियों को एक मंच पर लाकर उनके कलेक्शन व डिजाइन को लोगों तक पहुंचाना है। आगामी दिवाली के मद्देनजर महिलाओं एवं युवतियों की मांग को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय फैशन एंड लाइफ स्टाइल एक्जिविशन में एक से बढ़कर एक परिधान उपलब्ध होंगे।

## धेमाजी में डेंगू के छह मामलों की पुष्टि

**धेमाजी ( असम ) ( हिंस )।** धेमाजी में इस समय डेंगू का बुखार फैला हुआ है। धेमाजी में अब तक डेंगू के छह मामलों की पहचान की गई है। डेंगू के छह मामलों में दो जोनाई, दो सिलापथार और एक-एक गोगामुख एवं माछखोवा से हैं। देश में डेंगू के 1000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग प्रदेश भर में 1 से 14 नवंबर तक विशेष डेंगू जागरूकता अभियान चला रहा है। स्वास्थ्य विभाग धेमाजी जिले के जोनाई, सिलापथार, सिसिबरगांव, धेमाजी और गोगामुख के शहरी क्षेत्रों में डेंगू जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा और पत्रक वितरित करेगा। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी जारी की है कि यदि आप गंभीर बुखार, गंभीर सिरदर्द और लाल आंखें जैसे लक्षणों का अनुभव करते हैं तो तुरंत चिकित्सा सलाह लें।

# लघु उद्योग भारती का गुवाहाटी में दिवाली मेला *उड़ान* चार से




**गुवाहाटी ( विभास )।** देश के अग्रणी सामाजिक-आर्थिक संगठन, लघु उद्योग भारती पूर्वोत्तर के तत्वावधान में 4 व 5 नवंबर को दो दिवसीय दिवाली मेला उड़ान जू रोड स्थित वृंदावन गार्डन में आयोजित किया जाएगा। लघु उद्योग भारती, उत्तर पूर्वी ग्राम और शिल्पी प्रकोष्ठ और संगठन की महिला समिति के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय मेला मे स्वदेशी ग्रामीण कारीगरों को उनकी उपज - मिट्टी के दीपक, आतिशबाजी के लिए एक बाजार देने का प्रयास करता है। लघु उद्योग भारती पूर्वोत्तर के प्रांतीय अध्यक्ष रवि सुरेका ने गुवाहाटी प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में कहा कि पिछले दो वर्षों से लघु उद्योग भारती पूर्वोत्तर विलेज एंड आर्टिस्ट सेल के सहयोग से इस तरह के प्रयास कर रही है। गत पहले वर्ष में नलबाड़ी जिले के कुल-बिल हीरापारा के कुम्हारों द्वारा उत्पादित लगभग एक लाख मिट्टी दीपक खरीद कर राज्य के विभिन्न हिस्सों में वितरित और बेचा गया। दूसरे चरण में, पिछले साल धुबड़ी जिले के चापर, अशरकांदी और रंगाली में कुम्हारों से एक लाख से अधिक मिट्टी के दीपक खरीदकर खुले बाजार में बेचा गया और वितरित किया गया। इस वर्ष दिवाली मेले का आयोजन व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। इन दोनों बार के सफल प्रयासों से संबंधित स्थानीय कलाकारों को आर्थिक लाभ हुआ है। इस वर्ष, असम के माननीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री बिमल बोरा ने मेले का मुख्य संरक्षक बनने में रुचि व्यक्त की है। गौरतलब है कि पिछले सफल प्रयासों की असम के माननीय मुख्यमंत्री और असम के माननीय राज्यपाल ने काफी सराहना की थी। असम की बुनाई उद्योग शैली पर गर्व करने वाली पद्मश्री हेमप्रभा चुटिया को इस वर्ष सम्मानित करने की व्यवस्था की गई है। महिला समिति की अध्यक्ष नेहा खंडेलवाल और कार्यक्रम संयोजिका रंजना भजनका ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए लघु उद्योग भारती महिला समिति के बारे में बताते हुए कहा कि इस मेले में दिवाली के सजावटी सामान, रंगोली सजावट के सामान, आतिशबाजी, सजावटी दीपक आदि की कुल 62 स्टॉल लगेगी जो पूर्वोत्तर के विभिन्न गांव और शहरों के लोगों द्वारा लगाई जाएगी। गांव की कुछ स्टॉलों को नि:शुल्क स्टॉन उपलब्ध कराया गया है। इस मेले में लघु उद्योग के विषय में एक कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। ग्राम शिल्पी प्रकोष्ठ संयोजक अरुप बरपुजारी ने कहा कि इस मेले से गांव में बसने वाले छोटे-छोटे हस्त शिल्पियों को अपने उत्पाद बेचने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान होगा। लघु उद्योग भारती के प्रांतीय महामंत्री विवेक अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद दिया।

# समाजसेवी तथा साहित्यकार श्री वासुदेव गोस्वामी का देहांत



**गुवाहाटी ( विभास )।** लोकतंत्र सेनानी का राज्य सरकार द्वारा सन्मान प्राप्त, लेखक, साहित्यकार, समाज सेवक, बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता तथा स्वयं सेवक संघ के कई संघठनों से जुड़े रहे, पूर्व अध्यक्ष तथा उपदेष्टा विश्व हिंदू परिषद, गुवाहाटी महानगर, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के पूर्व कोषाध्यक्ष, बृहत्तर फैंसी बाजार साहित्य सभा के उपदेष्टा, संस्थापक सदस्य श्रीराम सेवा समिति तथा समाजहित कार्यों में अग्रणी गुवाहाटी निवासी श्री वासुदेव गोस्वामी का दिनांक 1 नवंबर, 2023 को प्रातः 3 बजे देहांत 80 वर्ष की उम्र में हो गया। उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 2 नवंबर, 2023 को उनके शांतिपुर स्थित निवास स्थान प्रातः 11 बजे भूतनाथ के लिए निकलेगी। आप मन से शांत एवं धर्मप्रेमी व्यतिक्त के धनी थे और धार्मिक कार्यक्रमों के कार्य हेतु तत्पर रहते। आपातकाल के समय कई महीनों कारावास झेला और समजिक उत्तरदायित्व निभाया।

# महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना के साथ किया करवा चौथ व्रत



**गुवाहाटी ( विभास )।** उत्तर पूर्व भारत का पारंपरिक लोक त्योहार करवा चौथ व्रत को नगर की सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु की कामना लेकर मनाया। इस दिन महिलाएं सारा दिन निराहार रहकर रात को चंद्रोदय होने पर चंद्र को अर्ध देकर करवा प्रदान करती है। उसके पश्चात पति के द्वारा पत्नी को मुंह मीठा कर व्रत का समापन करवाया जाता है। यह व्रत पश्चिम भारत के राजस्थान, हरियाणा में अपने स्थानीय परंपरा के अनुसार मनाया जाता है तो पंजाब में इसको एक अलग ही परंपरा के अनुसार मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश, बिहार और असम में भी इस पर्व की धूम देखने को मिलती है। पश्चिम भारत के गुजरात व महाराष्ट्र में भी इस पर्व की बड़ी मन्यता है। इस व्रत में महिलाएं अपने पति के अलावा अपने घर परिवार की सुख समृद्धि की भी कामना के साथ अर्धदान करती है। रात्रि को चंद्र उदय होने के साथ ही महिलाएं अपने-अपने घरों की छत पर चढ़कर या खुली सड़क या मैदान में आकर चंद्र को अर्ध प्रदान करती है। इससे पहले महिलाएं सामूहिक रूप से करवा की पूजन कर कथा सुनती है।

# तेजपुर सीआरपीएफ के 30वें बटालियन ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस




**तेजपुर।** 30वीं बटालियन केरिपु बल द्वारा मंगलवार को *लौह पुरुष* सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर *राष्ट्रीय एकता दिवस* के रूप में पूरे जोश, एवं उमंग के साथ मनाया मनाया गया। इस अवसर पर बटालियन के कमांडेंट अरुण कुमार मीणा के मार्गदर्शन में तथा आशुतोष कुमार, सहायक समादेष्टा के नेतृत्व में तेजपुर स्थित सीआरपीएफ की बी/30 कंपनी ने शहर में शोणितपुर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित एकता दौड़ में भाग लिया जिसमें जिला आयुक्त देव कुमार मिश्रा अन्य प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्र, छात्राएं तथा आम नागरिक शामिल हुए। सीआरपीएफ की बी/30 बटालियन के सभी कार्मिकों ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर सपथ पाठ किए देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए अपना योगदान दे रहे अधिकारियों जवानों ने अपना संकल्प संकल्प कायम रखने की सपतली एवं शोनितपुर पुलिस के साथ मिलकर पुलिस ब्रास बैंड की मधुर धुन पर शहर में शानदार मार्च पास्ट का आयोजन कर आम नागरिकों के बीच एकता का संदेश फैलाया साथ ही आजादी का अमृत महोत्सव तथा अमृत कलश की सफल समाप्ति को यादगार बनाया। उल्लेखनिय है कि 30वीं बटालियन के मुख्यालय एवं इसकी एसीडी तथा श्व कंपनियां अपने तैनाती के जिलों सोनितपुर, विश्वनाथ, नॉर्थ लखीमपुर एवं धेमाजी में *राष्ट्रीय एकता दिवस* के अवसर पर *एकता दिवस शपथ* के साथ-साथ *एकता केलिए दौड़* तथा *एकता दिवस मार्च पास्ट* का भी आयोजन किया गया और राष्ट्रीय एकता दिवस का मुख्य कार्यक्रम चारद्वारा स्थित 30वीं बटा. सीआरपीएफ के मुख्यालय में हुआ जहां कमांडेंट मीणा ने वाहिनी के सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को एकता दिवस की शपथ दिलाकर देश के हित में तथा देश के लिए कार्य करने को समर्पित रहने का आह्वान किया। अपने संबोधन में उन्होंने देश की एकता को अक्षुन्न रखने तथा विघटनकारी शक्तियों के विरुद्ध अपनी ड्यूटी पूर्ण निष्ठा से करने की बात दुहराई।

# 6 राज्यों के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री की शुभकामना और बधाई संदेश



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आज (1 नवम्बर) को भारत के अनेक राज्य अस्तित्व में आए थे। एक नवम्बर को ही दक्षिण के केरल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक राज्यों की स्थापना हुई तो उत्तर में हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ की भी स्थापना भी हुई। इन सभी राज्यों के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई संदेश भेजे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर हिन्दी, अंग्रेजी व राज्यों की भाषा में भी बधाई संदेश भेजे हैं। हरियाणा के स्थापना दिवस पर उन्होंने लिखा- हरियाणा के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। इस प्रदेश ने हमेशा ही कृषि और रक्षा जैसे बड़े क्षेत्रों में देश को महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यहां के युवा इनोवेशन की दुनिया में भी अपना परचम लहरा रहे हैं। मेरी कामना है कि विकास के हर मानदंड पर यह राज्य नए-नए कीर्तिमान गढ़ता रहे। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा- मध्य प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। विकास की नित-नई ऊंचाइयों को छू रहा हमारा मध्य प्रदेश अमृतकाल में देश के संकल्पों को साकार करने में अहम योगदान दे रहा है। मेरी कामना है कि यह राज्य प्रगति के पथ पर यूं ही निरंतर अग्रसर रहे। छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर भेजे गए बधाई संदेश में प्रधानमंत्री ने लिखा, छत्तीसगढ़ के अपने सभी भाइयों और बहनों को राज्य के स्थापना दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। यहां के लोगों की जीवंतता इसे एक विशेष राज्य बनाती है। इस राज्य की संस्कृति को समृद्ध बनाने में हमारे आदिवासी समुदायों का बहुत ही अहम योगदान है। प्रदेश की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक विरासत हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है।

मैं प्राकृतिक और सांस्कृतिक वैभव से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। कर्नाटक के राज्योत्सव पर कन्नड़ और अंग्रेजी में भेजे गए संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, कर्नाटक के राज्योत्सव पर हम उनकी महान भावना का उत्सव मना रहे हैं जो प्राचीन नवाचार और आधुनिक उद्यम का उद्गम स्थल है। इस राज्य के लोग गर्मजोशी और बुद्धिमत्ता का मिश्रण हैं, और अपने राज्य की महानता को बनाए रखने व निरंतर प्रगति को बढ़ावा देते हैं। स्थापना दिवस पर कर्नाटक का विकास और नवप्रवर्तन की प्रेरणा मिलती रहे। प्रधानमंत्री ने मलयालम और अंग्रेजी में केरल के बारे में लिखा- केरल पिरावी के विशेष अवसर पर शुभकामनाएं। अपने परिश्रम और अपनी सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध छवि के लिए पहचाने जाने वाले केरल के लोग लचीलेपन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक हैं। उन्हें हमेशा सफलता मिले और वे अपनी उपलब्धियों से प्रेरित होते रहें। आंध्र प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, इस गतिशील राज्य के लोगों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। अपनी असाधारण प्रतिभा, अटूट संकल्प और दृढ़ दृढ़ता के साथ, एपी के लोगों ने उत्कृष्टता के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ी है। मैं उनकी निरंतर समृद्धि और सफलता के लिए प्रार्थना करता हूं।

# राजस्थान में बनेगी भाजपा की सरकार, तिजारा से हुआ शंखनाद: आदित्यनाथ




**अलवर, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और तिजारा से इसका शंखनाद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री अलवर के सांसद और तिजारा से भाजपा प्रत्याशी बाबा बालकनाथ के नामांकन के लिए तिजारा आए थे। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि राजस्थान में हिंदू विरोधी कांग्रेस की सरकार है। राजस्थान में गोमाता को नुकसान हुआ है। अपराध, गोकशी, बलात्कार के बढ़ते मामलों से राजस्थान फेमस हो गया है। हम उत्तर प्रदेश में अपराध मिटा सकते हैं तो राजस्थान में क्यों नहीं मिटाया जा सकता। योगी ने कहा कि राजस्थान में अराजकता नहीं बल्कि रामराज्य लाएंगे। भाजपा की सरकार बनी तो उत्तर प्रदेश की तरह अपराधियों में यहां भी खौफ होगा। आदित्यनाथ ने कहा कि बालकनाथ का अपना कोई परिवार नहीं है। बालकनाथ ने तिजारा को ही अपना परिवार माना है। उनका एक ही मकसद है कि कोई भी इंसान परेशान नहीं हो, इसलिए बालकनाथ तिजारा आए हैं। उन्होंने इस दौरान मोदी सरकार की जमकर तारीफ की। उन्होंने मोदी सरकार की योजनाओं को भी गिनाया। योगी ने मोदी को संत के रूप में काम करने वाला प्रधानमंत्री बताया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आतंकियों द्वारा मारे गए कन्हैया के परिवार को पांच लाख का सहयोग भी बड़ी मुश्किल से मिलता है जबकि गोतस्करों को सरकार 50 लाख की सहायता दे देती है।

जयपुर में बाइक भिड़ंत में 50 लाख का मुआवजा दिया, आखिर यह भेदभाव क्यों है। आदित्यनाथ के स्वागत के लिए सभास्थल के बाहर रोड पर करीब दो दर्जन बुलडोजर खड़े रहे। बुलडोजर से कार्यकताओं ने योगी का फूलों से स्वागत किया। आतिशबाजी भी की गई। महंत बालकनाथ ने कहा कि अलवर की भूमि सौभाग्यशाली है। यहां से राजस्थान की जीत का शंखनाद आज से हो गया है। पहले प्रत्याशी के रूप में वह नामांकन दाखिल कर रहे हैं। पहली तारीख है और योगी आदित्यनाथ का आगमन हुआ है, इससे सुखद अवसर कहां हो सकता है। राजस्थान में भाजपा का झंडा लहराएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर पार्टी में भजनलाल सैनी, श्योनारायण, हितेश यादव, भारत सैनी, नवीन यादव, अशोक यादव, निरंजन सैन, सतपाल प्रजापत, फूलसिंह सैनी आदि को पार्टी में शामिल किया। इस दौरान बाबा बालकनाथ, पूर्व सभापति संदीप दायमा, अलवर प्रभारी लक्ष्मीकांत, भाजपा नेता रामकिशन मेघवाल, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, जिलाध्यक्ष उम्मेद भाया, फूलनाथ महाराज सहित बड़ी संख्या में साधु-संत मौजूद रहे।

# नौसेना ने विध्वंसक जहाज से बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**- मिसाइल ने मिशन के सभी उद्देश्य हासिल करके समुद्र में दिखाई भारत की आत्मनिर्भरता**
**- दुनिया के सामने एक बार फिर भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता मजबूत हुई**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय नौसेना ने पूर्वी बेड़े के एक विध्वंसक जहाज से बुधवार को बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया। मिसाइल ने मिशन के सभी उद्देश्य हासिल करके समुद्र में भारत की आत्मनिर्भरता और भारतीय नौसेना की मारक क्षमता के एक और चमकदार प्रतीक को चिह्नित किया है। जहाज से लॉन्च की गई ब्रह्मोस मिसाइल ने 2.8 मैक या ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना तेज गति से उड़कर लक्ष्य पर सटीक हमला किया, जिससे एयरोस्पेस की दुनिया में एक बार फिर भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता मजबूत हुई। नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि भारतीय नौसेना ने स्वदेशी बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल के एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण किया है, जो भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। ब्रह्मोस मिसाइल के उन्नत संस्करण की लंबी दूरी की सटीक स्ट्राइक क्षमता को सफलतापूर्वक मान्य किया गया। लक्ष्य के पिन पॉइंट विनाश ने फ्रंटलाइन प्लेटफार्मों की लड़ाई और मिशन की तत्परता का प्रदर्शन किया। यह आत्मनिर्भर भारत के लिए एक और शॉट था। इस ब्रह्मोस मिसाइल में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। डीआरडीओ के सूत्रों ने बताया कि इस ब्रह्मोस मिसाइल में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। आज किया गया सफल परीक्षण आत्मनिर्भर भारत के लिए एक और शॉट था। नियंत्रण प्रणाली सहित नई अतिरिक्त तकनीकों के साथ किये गए परीक्षण से मिले विस्तृत आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है। समुद्र से समुद्र में वार करने वाले संस्करण की मिसाइल ने निर्धारित लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम के तहत किया जा रहा है। इस संयुक्त उद्यम में डीआरडीओ भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है। नौसेना इससे पहले भी अपने वॉरशिप आईएनएस विशाखापत्तनम, गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस मोरमुगाओ, युद्धपोत आईएनएस दिल्ली, आईएनएस रणविजय, स्वदेशी स्टील्थ डिस्ट्रॉयर आईएनएस चेन्नई से सतह से सतह पर मार करने वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का परीक्षण कर चुकी है। समुद्र में दागने के लिए ब्रह्मोस मिसाइल के चार वैरिएंट्स हैं। युद्धपोत से दागी जाने वाली एंटी-शिप मिसाइल और लैंड-अटैक मिसाइल नौसेना के पास पहले से हैं। पनडुब्बी से दागी जाने वाली एंटी-शिप मिसाइल और लैंड-अटैक मिसाइल का भी सफल परीक्षण हो चुका है और जल्द ही नौसेना के जखीरे में शामिल होंगी।

# आतंकवादी हमलों की ताजा घटनाओं के मद्देनजर पूरे कश्मीर में सुरक्षा बढ़ी



**श्रीनगर, (हि.स.)।** आतंकवादी हमलों की ताजा घटनाओं के मद्देनजर पूरे कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पिछले कुछ दिनों में हुए आतंकी हमलों में एक पुलिस कर्मी और एक गैर-स्थानीय मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने शहर के कई हिस्सों के साथ-साथ घाटी के अन्य हिस्सों में वाहनों और पैदल चलने वालों की जांच तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि शहर के सभी प्रमुख चौराहों, इस्के प्रवेश और निकास बिंदुओं, जिला मुख्यालयों की ओर जाने वाली महत्वपूर्ण सड़कों पर नाका और मोबाइल वाहन चौकियां (एमवीसीपी) स्थापित की गई हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के जवानों को संवेदनशील स्थानों खासकर अल्पसंख्यक आबादी वाले इलाकों के आसपास तैनात किया गया है। स-रक्षा बल उन क्षेत्रों पर भी नजर रख रहे हैं जहां गैर-स्थानीय लोग रहते हैं। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम के कारण अधिकांश गैर-स्थानीय मजदूर घाटी छोड़ चुके हैं, लेकिन कुछ अभी भी यहूदी बस्तियों में रह रहे हैं। कश्मीर घाटी में आतंकवादी हमलों का ताजा दौर देखने को मिला है। बारामूला जिले में मंगलवार को आतंकवादियों ने सात बच्चों के पिता एक पुलिसकर्मी की उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी। इससे पहले रविवार को श्रीनगर में आतंकवादियों की गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि सोमवार को पुलवामा जिले में उत्तर प्रदेश के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

# यूनेस्को के 55 क्रिएटिव शहरों में ग्वालियर और कोझिकोड किया गया शामिल




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** यूनेस्को ने 55 क्रिएटिव शहरों की सूची जारी की है, जिसमें भारत के दो शहरों को जगह मिली है। इनमें मध्य प्रदेश के ग्वालियर और केरल के कोझिकोड को यूनेस्को ने अपनी सूची में स्थान दिया है। ग्वालियर (तानसेन की नगरी) को संगीत और कोझिकोड को साहित्य के लिए चुना गया है। ग्वालियर के बेहट में संगीत सम्राट तानसेन का जन्म हुआ था। संगीत घरानों के लिए भी ग्वालियर की प्रसिद्धि है। बुधवार को केन्द्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने ट्वीट करके कहा कि यूनेस्को की क्रिएटिव सिटी नेटवर्क की नवीनतम सूची में केरल के कोझिकोड को यूनेस्को द्वारा 'साहित्य के शहर' और ग्वालियर को 'संगीत के शहर' के रूप में नामित किया गया है। इन शहरों को संस्कृति और रचनात्मकता के प्रति लोगों की मजबूत प्रतिबद्धता को मान्यता मिली है। उन्होंने मध्य प्रदेश और केरल के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि भारत के लिए गर्व का क्षण है। इस उपलब्धि से शहर की संस्कृति और कला को वैश्विक मंच पर पहचान मिलने के साथ पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# 23 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की रेप के दोषी की सजा, आपसी सहमति बताई वजह



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने 23 साल पुराने एक रेप केस में आरोपी की सजा रद्द कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार उच्चतम न्यायालय ने कहा कि घटना के वक्त पीड़िता बालिग थी और दोनों के बीच आपसी सहमति से संबंध बने थे। जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस सी.टी. रवि कुमार और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में नाकाम रहा की घटना के वक्त लड़की की उम्र 16 साल से कम थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जहां तक बात रेप की है, हमें ऐसा कोई सबूत नहीं मिला जिससे साबित होता हो कि याचिकाकर्ता और आरोपी के बीच शारीरिक संबंध बने, भले ही यह आपसी सहमति से हुआ या गैर सहमति से। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत ने पीड़िता की उम्र की ढंग से जांच ही नहीं की। उम्र का पता स्कूल रजिस्टर और ट्रांसफर सर्टिफिकेट से चलता, लेकिन न्यायालय के सामने यह रखा ही नहीं गया। अदालत ने कहा मेडिकल रिपोर्ट में भी पीड़िता की उम्र 16 साल बताई गई है। उसकी मां का कहना भी यही है और खुद लड़की को 16 साल का बताया है। कोर्ट ने कहा कि पीड़िता की उम्र 16 साल से कम रही होती, तब सहमति वाले बिंदु को नजर-अंदाज किया जा सकता था और रेप का मामला बनता, लेकिन मेडिकल रिपोर्ट से पता लगता है कि घटना के वक्त लड़की की उम्र 16 साल से ज्यादा थी।

बता दें कि साल 2012 में सहमति की उम्र 16 से बढ़ाकर 18 साल की गई थी। दरअसल यह पूरा वाकया साल 2000 का है। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक घटना पीड़िता की बहन के ससुराल में हुई थी। पहले तो परिवार वालों ने पीड़िता और आरोपी की शादी कराने की कोशिश की। बाद में आरोपी के परिजनों ने यह कहते हुए इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया कि लड़की उम्र महज 16 साल है। इसके बाद आरोपी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कराया गया था। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को रेप का दोषी माना और 7 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। बाद में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने भी सजा को बरकरार रखा। इसके बाद आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# भाजपा ने शराब, कोयला सहित विभिन्न क्षेत्रों में घोटाले का लगाया आरोप

**-छत्तीसगढ़ में प्रलोभन देकर किया जा रहा धर्मांतरण : भाजपा नेता सतपाल महाराज**



**रायपुर(ईएमएस)।** उत्तराखंड राज्य सरकार में मंत्री और भाजपा नेता सतपाल महाराज ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर शराब, कोयला, आवास, खनिज सहित विभिन्न क्षेत्रों में घोटाले का आरोप लगाते हुए जनता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार को समर्थन देने का आह्वान किया। राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के एकात्म परिसर में मीडिया से चर्चा में उन्होंने उत्तराखंड-छत्तीसगढ़ उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश-छत्तीसगढ़ को रामायण सर्किट के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में गरीबों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि मोदी जी ने लीडरशिप में युद्धग्रस्त यूक्रेन सेभारतीयों को सुरक्षित निकाला गया ।

# लद्दाख युद्ध में वीरता और बुद्ध में आस्था के लिए जाना जाता है : राष्ट्रपति



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि लद्दाख में आध्यात्मिक, एडवेंचर, इको और स्वास्थ्य पर्यटन से जुड़ी अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि लद्दाख युद्ध में वीरता और बुद्ध में आस्था के लिए जाना जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की लद्दाख यात्रा के दूसरे दिन बुधवार को लद्दाख प्रशासन की ओर से सिंधु घाट पर एक नागरिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपति और लद्दाख के एलजी द्वारा सिंधु नदी की पूजा करने के साथ हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लेह में उनके सम्मान में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने लेह और लद्दाख के सौन्दर्य की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के माध्यम से केन्द्र शासित प्रदेश के 80 प्रतिशत परिवारों तक नल से जल पहुंच चुका है। उन्होंने यहां के लोगों की वीरता की प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने लद्दाख की जनता से विभिन्न क्षेत्रों में अपने योगदान को बढ़ाते रहने का आह्वान किया । उन्होंने आशा व्यक्त की कि अपनी भौगोलिक ऊंचाइयों की भांति ही लद्दाख की जनता भी प्रगति की ऊंचाइयां छुएगी।

# दिल्ली में सांसों पर संकट बढ़ा, एक्यूआई का स्तर 336



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में लगातार वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। बुधवार को समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यूआई) 336 पहुंच गया। मंगलवार को एक्यूआई 327 दर्ज किया गया था। पिछले तीन दिन से एक्यूआई में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फॉरकास्टिंग एंड रिसर्च (एसएएफएआर) के मुताबिक आने वाले दिनों में प्रदूषण की स्थिति और गंभीर रूप धारण कर सकती है। सफर के मुताबिक धीरपुर में पीएम 2.5 के साथ एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी के तहत 380 पर था। पूसा और दिल्ली विश्वविद्यालय में एक्यूआई ने पीएम 2.5 को 311 और 391 को बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया। वहीं, नोएडा में वायु गुणवत्ता सूचकांक 357 रहा, जबकि गुरुग्राम का एक्यूआई 323 दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# सेना की स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड यूनिट का "जासूस" मेजर बर्खास्त


**- एक कर्नल और ब्रिगेडियर समेत चार सैन्य अधिकारी पहले ही हो चुके हैं निलंबित**
**- बर्खास्त मेजर के जरिए भारत के परमाणु कार्यक्रम के भी लीक होने का था खतरा**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले सेना के एक मेजर को बर्खास्त कर दिया है। स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड (एसएफसी) यूनिट में तैनात मेजर के खिलाफ मार्च, 2022 से जांच चल रही थी। इसी जासूसी मामले में एक कर्नल और ब्रिगेडियर समेत चार वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। बर्खास्त किए गए मेजर पर आरोप है कि उसने उत्तर भारत में एसएफसी यूनिट में तैनाती के दौरान अपने मोबाइल में "पटियाला पेग" नाम से व्हाट्स ऐप ग्रुप बनाया और इसी के माध्यम से एक पाकिस्तानी एजेंट को महत्वपूर्ण डेटा लीक किया। सेना के एक एलटी कर्नल, ब्रिगेडियर और दो अन्य शीर्ष अधिकारी भी इसी व्हाट्स ऐप ग्रुप का हिस्सा थे। इसीलिए उन्हें 2022 में ही निलंबित कर दिया गया था। पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में रहने के आरोप में एसएफसी यूनिट में तैनात भारतीय सेना के मेजर के खिलाफ तभी से जांच की जा रही थी। भारतीय सेना की स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड ही देश के परमाणु हथियारों का प्रबंधन करती है, इसलिए 2022 से जांच के दायरे में आए मेजर के जरिए भारत के परमाणु कार्यक्रम के भी लीक होने का खतरा था। मेजर पर सैन्य नियमों के विपरीत अपने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में गुप्त दस्तावेज रखने का आरोप था।

राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौते से संबंधित मामलों की जांच के लिए अधिकारियों का एक बोर्ड बनाया गया था। जांच में पता चला कि मेजर ने अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर गुप्त दस्तावेज की एक प्रति रखी थी। साथ ही वह सोशल मीडिया चैट के जरिए एक पाकिस्तानी खुफिया संचालक के भी संपर्क में था। राष्ट्रपति ने सेना अधिनियम, 1950 की धारा 18, संविधान के अनुच्छेद 310 के साथ पठित और इस संबंध में सक्षम अन्य सभी शक्तियों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिया कि मेजर की सेवाओं को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया जाए।

# दीपोत्सव की तैयारी शुरू, इस बार रामायण के सातों कांड पर निकलेंगी झांकियां



**लखनऊ, (हि.स.)।** प्रभु श्रीराम की नगरी में अयोध्या में सातवें दीपोत्सव को लेकर सरकारी विभाग अपनी-अपनी ओर से अलग-अलग तैयारी करने में लगे हैं। पर्यटन विभाग भी सातवें दीपोत्सव को एक नए कीर्तिमान के रूप में स्थापित करने के लिए अपने ढंग से तैयारी कर रहा है। दीपोत्सव में रामायण के सातों कांड पर आधारित झांकियां पर्यटन विभाग की ओर से निकाली जाएंगी। इसके अलावा पंचकोसी, 14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थापित मठ मंदिरों व सामाजिक स्थलों पर पर्यटन विभाग सात लाख दीप जलाएगा।

**पर्यटन विभाग की ओर से निकाली जाएंगी कुल आठ झांकियां** - पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव पर कुल आठ झांकियां निकाली जाएंगी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि तुलसीकृत राम चरित मानस के सात अध्याय बाल काण्ड, अयोध्या काण्ड, अरण्य काण्ड, सुन्दर काण्ड, किष्किंधा काण्ड, लंका काण्ड व उत्तर काण्ड पर आधारित सात झांकियां होंगी, इसके अलावा एक राम रथ की झांकी निकाली जाएगी। ये झांकियां साकेत महाविद्यालय से प्रारंभ होकर नया घाट तक जाएंगी। झांकियों को सजाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

**दीपोत्सव पर सात लाख दीपक जलाएगा पर्यटन विभाग** - दीपोत्सव में 24 लाख दीपक जलाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पर्यटन विभाग सात लाख दीपक जलाकर सहयोग करेगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि अयोध्या की पंचकोसी, 14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थापित सभी मठ मंदिरों एवं सामाजिक स्थलों पर पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव पर दिए जलाने की व्यवस्था की जा रही है। योगी सरकार इस बार का दीपोत्सव एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस कीर्तिमान को पूरा करने के लिए पर्यटन विभाग भी पूरी ताकत लगा रहा है।

# उप्र में पीएम विश्वकर्मा योजना को लगे पंख, सभी 18 ट्रेड्स में अब तक आए 76 हजार आवेदन

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के कारीगरों (विश्वकर्मा) को आत्मनिर्भर और स्वावलम्बी बनाने के लिए शुरू हुई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना 'पीएम विश्वकर्मा' को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। 17 सितम्बर से प्रदेश में लागू हुई इस योजना में अब तक सभी 18 ट्रेड्स में कुल मिलाकर करीब 76 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके सत्यापन का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है। योगी सरकार के निर्देश पर कई जोन में पहले स्तर का सत्यापन कार्य जारी है तो कई जोन में दूसरे स्तर के सत्यापन की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। सत्यापन पूर्ण होने के बाद सभी चयनित विश्वकर्मा की ट्रेनिंग शुरू होगी और उन्हें ई-वाउचर के रूप में टूलकिट की खरीद के लिए 15 हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही बैंक के माध्यम से उन्हें लोन दिलाने के लिए कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 17 सितम्बर को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की थी। इसके तहत 18 ट्रेड्स से जुड़े 'विश्वकर्मा' को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा। इसमें उनकी आर्थिक स्थिति के साथ-साथ कौशल को भी निखारने के लिए भी योजना बनाई गई है।

**सर्वाधिक आवेदन दर्जी ट्रेड में** - राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रदेश सरकार को सभी ट्रेड में कुल मिलाकर 76 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें सर्वाधिक 42 हजार से अधिक आवेदन दर्जी ट्रेड में प्राप्त हुए हैं। इसी तरह मिस्त्री ट्रेड में करीब 9000, बढ़ई ट्रेड में लगभग 7 हजार, लोहार ट्रेड में करीब 4 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। नाई ट्रेड में 2600 से अधिक, मालाकार में 1500 से अधिक, हैमर और टूल किट मेकर ट्रेड में 1300 से अधिक और धोबी व टॉय मेकर में एक-एक हजार से अधिक आवेदन मिले हैं।




यही नहीं, फिशिंग नेट मेकर, बॉस्केट मेकर और कॉबलर ट्रेड में भी अच्छी-खासी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन सभी ट्रेड में मिले आवेदनों का सत्यापन कार्य जारी है और सत्यापन पूर्ण होने पर इन्हें कौशल विकास से जोड़ा जाएगा, जिसके बाद इनकी आर्थिक सहायता कर इन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य किया जाएगा।

**तीन स्तर पर होगी सत्यापन की कार्यवाही** - प्रवक्ता ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभ लेने की जो प्रक्रिया निर्धारित की गई है, उसके अनुसार सबसे पहले लाभार्थी को आवेदन करना होगा, जिसके बाद तीन स्तर पर (पंचायत या यूएलबी, जिला और राज्य) सत्यापन की कार्यवाही होगी। लाभार्थी को पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट और आईडी कार्ड मिलेगा। साथ ही लाभार्थी की डिटेल को एमएसडीई को भी भेजा जाएगा।

इसके बाद 5 दिन की बेसिक स्किल ट्रेनिंग और सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया जाएगा। चुनिंदा लोगों को 15 दिन या इससे अधिक की एडवांस स्किल ट्रेनिंग और सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। लाभार्थी को इसके बाद 15 हजार रुपये टूलकिट इंसेंटिव्स या टूलकिट के लिए प्रदान किए जाएंगे। साथ ही एक लाख रुपये के प्रारंभिक वित्त अंश के लिए आवेदन की जानकारी को बैंक से साझा किया जाएगा। क्रेडिट रिपोर्ट देखने के बाद बैंक लाभार्थी को एक लाख रुपये का लोन प्रदान करेंगे। डिजिटल ट्रांजेक्शन के जरिए लोन चुकाने वाले और 15 दिन की एडवांस ट्रेनिंग लेने वाले लाभार्थी 2 लाख रुपये के दूसरे लोन के लिए आवेदन करने के योग्य होंगे।

**डिजिटल पेमेंट के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित** - सरकारी प्रवक्ता के अनुसार लोन के डिजिटल पेमेंट के लिए भी प्रदेश सरकार लाभार्थियों को प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए डिजिटल लेनदेन को सक्षम बनाने के लिए डिजिटल भुगतान एग्रीगेटर्स को विवरण दिया जाएगा। लाभार्थियों को क्यूआर कोड और यूपीआई प्रोवाइड कराया जाएगा। लाभार्थी इसका उपयोग कर डिजिटल ट्रांजेक्शन में सक्षम हो सकेंगे। लाभार्थियों के विवरण से साथ ही उनके द्वारा किए गए ट्रांजेक्शंस को एनपीसीआई के साथ ही मिनिस्ट्री ऑफ एमएसएमई से साझा किया जाएगा। इसके बाद प्रत्येक लाभार्थी को प्रति ट्रांजेक्शन एक रुपए का इंसेंटिव प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस योजना के क्वालिटी सर्टिफिकेशन, ब्रांडिंग, एडवरटाइजिंग, पब्लिसिटी और दूसरी मार्केटिंग पहलों के लिए 250 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बनाई है।

# 271 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे मुख्यमंत्री योगी

**गोरखपुर, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 03 नवम्बर (शुक्रवार) को गोरखपुर जिले को लगभग 271 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। वह छह कार्यदायी संस्थाओं की 221.10 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण 89 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 08 कार्यदायी संस्थाओं की 49.48 करोड़ रुपये की लागत वाली 51 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। लोकार्पण व शिलान्यास का यह कार्यक्रम रामगढ़ताल के समीप चम्पा देवी पार्क में प्रस्तावित है। गोरखपुर के अपने दौरे पर प्रायः विकास कार्यों की बौछार करने वाले मुख्यमंत्री योगी नवम्बर माह के दौरों की शुरूआत भी उपहार देकर करेंगे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली विकास परियोजनाओं में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड की 04, लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड तीन की 08, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की 06, यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड की 01, नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड की 20 और जल निगम ग्रामीण की 50 परियोजनाएं शामिल हैं। जबकि शिलान्यास वाली परियोजनाओं में से 12 की कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड, 01 की लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड, 01 की सीएण्डडीएस (14), 04 की पुलिस आवास निर्माण निगम, 01 की यूपी सिडको, 02 की यूपीसीएलडीएफ, 04 की ग्रामीण अभियंत्रण विभाग व 26 की कार्यदायी संस्था नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली विकास परियोजनाओं में सर्वाधिक संख्या उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) की हैं। कुल 50 परियोजनाओं पर 184 करोड़ 90 लाख 36 हजार रुपये खर्च कर 50 ग्राम पंचायतों में घर-घर नल से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। पेयजल की इन नई परियोजनाओं से पिपराइच, कैम्पियरगंज, गोरखपुर ग्रामीण, चिल्लूपार, खजनी, चौरीचौरा, बांसगांव विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। ज्ञातव्य हो कि सरकार हर गांव को नल से जल योजना के दायरे में लाने का कार्य कर रही है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विगत छह माह में 2800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास कर चुके हैं। 02 सितम्बर को उन्होंने 193 गांवों के लिए 567.21 करोड़ रुपये तथा 20 जून को 623 गांवों के लिए 2245.28 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास किया था।

## यातायात माह का शुभारम्भ, यातायात नियमों के पालन करने की दिलाई शपथ



**आजमगढ़, (हि.स.)।** एक नवम्बर यानि यातायात माह का शुभारंभ। इस दिन यातायात विभाग की ओर से नगर के पुलिस लाइन परिसर से यातायात माह की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी अनुराग आर्य ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर एसपी ने उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन करने की शपथ भी दिलाई। बुधवार को ट्रैफिक विभाग द्वारा यातायात माह का शुभारंभ किया गया। इस दौरान एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि यातायात विभाग हर वर्ष नवंबर में यातायात माह मनाता है। इस दौरान दुर्घटनाएं रोकने को लेकर लोगों को जागरूक किया जाता है। वहीं कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी जाती है। इसके साथ नियम उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी होती है। उन्होंने सभी को यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान करते हुए कहा कि चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट व दोपहिया में हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए। ओवर स्पीडिग न करने, रेड लाइट जंप न करने, वाहन चलाते समय मोबाइल व ईयर फोन प्रयोग न करने और नशे में वाहन न चलाने की अपील की।

# बिजनौर एसपी ने तीन आरक्षियों को निलंबित किया, विभागीय जांच के आदेश




**बिजनौर, (हि.स.)।** पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बुधवार को तीन आरक्षियों को निलंबित कर दिया। इन तीनों पर कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं अकर्मण्यता बरतने के आरोप में कार्रवाई हुई है। एसपी ने बताया कि पीआरवी में तैनात मुख्य आरक्षी सचिन कुमार, अमित रस्तोगी और वाहन चालक अंकुर राठी निलंबित किए गए हैं। यह तीनों रूट चार्ट प्वाइंट से हटकर अन्य स्थान पर ड्यूटी के दौरान पीआरवी वाहन से अलग आराम करते हुए पाये गए हैं। साथ ही इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश देते हुए रिपोर्ट क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद को सुपुर्द की गयी है। सात दिन के भीतर वे अपनी जांच कर जांच रिपोर्ट एसपी को प्रस्तुत करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि कोई भी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति उदासीनता न बरते अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक कमलेश सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार से समर्थन लिया वापस



**रांची (झारखंड), (हि.स.)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। वे राज्य के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। उन्होंने बुधवार को धुर्वा स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की। इस संबंध में उन्होंने राज्यपाल को भी लिखित रूप में बताया है। कमलेश सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद को जिला बनाने की मांग के मुद्दे पर उन्होंने चार सालों तक समर्थन दिया। खुद 2019 के चुनाव के बाद यूपीए के नेता उनके पास लिखित में समर्थन मांगने आए थे लेकिन जिस मुद्दे पर सपोर्ट किया था, उस पर डेडलाइन 31 अक्टूबर तक समय देने के बावजूद गंभीरता नहीं दिखाई। अब ऐसे में इस सरकार को समर्थन देना संभव नहीं। कमलेश ने कहा कि वे 2019 के विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद से निर्वाचित हुए थे। इसके बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठित सरकार को समर्थन दिया था लेकिन यह सरकार राज्य की 3.25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतरी। ऐसे में वे लाचार और निराश होकर हेमंत सरकार से तत्काल प्रभाव से समर्थन वापस ले रहे हैं। कमलेश ने कहा कि हुसैनाबाद को जिला का दर्जा देने के अलावा बालू घाटों की बंदोबस्ती करने, पलामू जिले के पांच अंचलों के त्रुटिपूर्ण सर्वे के आनलाइन इंट्री को ठीक करने व अधिकारियों की पदस्थापना की मांग लगातार सीएम से की गई लेकिन चार सालों तक सिर्फ आश्वासन मिला। मार्च 2021 में तत्कालीन पार्टी लीडर शरद पवार को हुसैनाबाद को जिला बनाने के लिए चर्चा हुई थी। उन्होंने आश्वस्त किया था कि हेमंत सरकार जल्द ही इस पर काम करेगी। इसके अलावा कई बार एनसीपी की ओर से मुख्यमंत्री को लिखित रूप में हुसैनाबाद को जिला बनाने को पत्र लिखा। कमलेश ने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल में विगत दो माह से पुलिस का महत्वपूर्ण पद (एसडीपीओ) प्रभार में चल रहा है। हुसैनाबाद, हरिहरगंज के विभिन्न ब्लॉक, अंचलों और अन्य विभागों (बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ वगैरह) में अधिकारी नहीं हैं। बालू संकट से जनता त्रस्त है। पलामू में मंगलवार को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में एक भी स्थानीय विधायक, जिला परिषद सदस्य नहीं होने को उन्होंने जनता की सरकार से नाराजगी का बड़ा उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि सरकार पलामू सहित अन्य जगहों पर जनता की नाराजगी का सामना करने को तैयार रहे। आगामी चुनाव में भी यह दिखेगा।

## हाई कोर्ट ने विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार रखी




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट ने एसटी-एससी एक्ट से जुड़े दुमका की विशेष अदालत में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ चल रहे शिकायतवाद केस में विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार रखी है। मामले की सुनवाई बुधवार को जस्टिस एसके द्विवेदी के कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता सुनीला देवी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले के अगली सुनवाई 28 नवंबर निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने एक सितंबर को मामले में विधायक के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई थी। विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा में धरना प्रदर्शन के दौरान जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने एवं गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए सुनीला देवी ने शिकायतवाद दर्ज करायी थी। जामताड़ा की निचली अदालत ने मामले में संज्ञान लिया था। शिकायतवाद में कहा गया था कि वर्ष 2022 में विधायक इरफान अंसारी अपने समर्थकों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे थे और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गली-गलौज किया और उनके टेंट और तंबू को उखाड़ कर फेंक दिया था। बाद में यह मामला जामताड़ा की निचली अदालत से दुमका की विशेष अदालत में ट्रांसफर हो गया था, जहां यह मामला अभी लंबित है। याचिकाकर्ता इरफान अंसारी की ओर से शिकायतवाद को निरस्त करने एवं अदालत द्वारा लिये गये संज्ञान आदेश को निरस्त करने का आग्रह हाई कोर्ट से किया गया है।

# झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर पुलिस अलर्ट, सीसीटीवी से होगी निगरानी



**रांची, (हि.स.)।** आदिवासी बहुल और नक्सल प्रभावित राज्यों झारखंड और छत्तीसगढ़ में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। ऐसा छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर किया गया है। दोनों राज्य मिलकर एक साथ नक्सलियों के खिलाफ जॉइंट अभियान भी चला रहे हैं, ताकि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में नक्सली बाधक न बने। छत्तीसगढ़ में सात नवंबर को पहले चरण का मतदान होगा। ऐसे में झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। झारखंड पुलिस के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर अलर्ट होने के पीछे कई वजहें हैं। दरअसल, झारखंड के सिमडेगा, गुमला, चाईबासा और गढ़वा जैसे जिलों की सीमाएं सीधे छत्तीसगढ़ से जुड़ी हुई हैं। छत्तीसगढ़ के नक्सली अक्सर खुद को सुरक्षित करने के लिए झारखंड आ जाते हैं और जब झारखंड में दबाव बढ़ता है तब छत्तीसगढ़ की और कूच कर जाते हैं। छत्तीसगढ़ चुनाव में भी नक्सली बड़े बाधक हैं। ऐसे में झारखंड और छत्तीसगढ़ पुलिस के बैठक में तय किया गया था कि दोनों राज्य मिलकर नक्सलियों के खिलाफ मोर्चा लेंगे। लिए गए निर्णय के आधार पर ही झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ के सभी सीमाओं पर पुलिस अलर्ट हो गई है। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा कई निर्देश जारी किए गए हैं। उन्हीं निदेशों के आधार पर झारखंड पुलिस, छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ मिलकर काम कर रही है। सिमडेगा और गुमला से सटे छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर सीसीटीवी कैमरे अस्थाई तौर पर लगाए जा रहे हैं। झारखंड पुलिस की कोशिश है कि छत्तीसगढ़ बॉर्डर की निगरानी पूरी तरह से सीसीटीवी के जरिए की जाए। सीसीटीवी लगाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर मोबाइल चेक पोस्ट के जरिए पूरे बॉर्डर की निगरानी रखी जा रही है। अधिकांश स्थानों पर स्थाई चेकपोस्ट बना दिया गया है। चेक पोस्ट पर झारखंड और छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान पूरी तरह से मुस्तैद हैं। झारखंड छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर नक्सलियों के आवागमन के साथ-साथ अवैध शराब, अवैध हथियार और नशे के दूसरे सामानों के आवाजाही पर पूरी तरह से ब्रेक लगाने के लिए जवानों को कड़ी नजर रखने का निर्देश जारी किया गया है। सिमडेगा और गुमला पुलिस के द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ कोऑर्डिनेशन मीटिंग भी कई बार हो चुकी है। मीटिंग में दोनों तरफ मूव करने वाले नक्सलियों और अपराधियों की सूची भी एक दूसरे को सौंपी गई है, ताकि उन पर नजर रखी जा सके। झारखंड पुलिस के जवानों को नक्सलियों, अपराधियों और नशे के अलावा पैसे के आवागमन को लेकर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है। चुनाव आयोग के द्वारा जारी किए गए निर्देश से अधिक यदि किसी भी वाहन से पैसे बरामद होते हैं तो उसे तुरंत जब्त किया जाए और मामले की जानकारी अधिकारियों को दी जाए। सीमा क्षेत्र में किसी भी वाहन को बिना चेक किए जाने की अनुमति नहीं देने का भी सख्त निर्देश दिया गया है।

# राजेश हंसदा हत्याकांड के अभियुक्तों को जल्द गिरफ्तार करो : माकपा



**सहरसा, (हि.स.)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य व्यापी आह्वान पर 01 नवंबर 2023 को सहरसा माकपा जिला कमिटी के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय शारदा नगर से आक्रोश मार्च, चांदनी चौक कपड़ा पट्टी, शंकर चौक, डीबी रोड होते थाना चौक पर मधेपुरा पुलिस प्रशासन का पुतला फूंक कर विरोध जताया। वक्ताओं ने कहा विगत दिनों 23 अक्टूबर 2023 को शाम सात बजे मधेपुरा जिला के मुरलीगंज प्रखंड के नया नगर रजनी वार्ड नं 17 निवासी मुरलीगंज माकपा अंचल मंत्री राजेश हंसदा अपने दुकान पर पत्नी के साथ में थे। उसी क्रम में का.राजेश हंसदा को भूमाफिया गठजोड़ ने पत्नी के सामने गोली मारकर हत्या कर दी। चुकी नया नगर रजनी गांव में करीब 250 एकड़ जमीन आदिवासी महादलित परिवार को बटाईदारी पर्चा मिला हुआ है। जिस पर बटेदार आजतक दखल कब्जा किए हुए है। कामरेड राजेश हंसदा के हत्यारों को मधेपुरा पुलिस प्रशासन के पकड़ से बाहर है।क्योंकि हत्यारों को सत्ता धारी राजनीति दल का संरक्षण प्राप्त है। सरकार जातीय जनगणना कर अपना पीठ थपथपा रही है और नारा देती है जिसकी जितनी संख्या भारी देश की सत्ता और संपत्ति में उतना उसकी हिस्सेदारी। जबकि कम्युनिस्ट पार्टी जन्मकाल से ही संघर्ष चला रही है। हजारों हजार एकड़ जमीन बटेदारी आन्दोलन चलाकर गरीबों का दखल कब्जा करवाया जो जमीन को जोते बोए वो जमीन के मालिक हैं। इसी कड़ी को मुरलीगंज थाना के रजनी गांव में जमीन पर बटेदारी 50-60 बरसों से बटेदारी चला रहे हैं। बिहार सरकार बटेदारो को बेदखल करने की साजिश रचने वाले को पूरजोर मदद कर रही है। अगर सरकार के सही सही भूमी सुधार कानून लागू करना होता तो डीबंधु उपाध्याय आयोग का रिपोर्ट आज धुल नहीं फाकता। उस इलाके के सफेद पोश नव धनाढ्य भू माफिया अपराधियों की नजर जमीन को कब्जा करने का पूर्व से ही है। 1985 में शहीद कामरेड राजेश हंसदा के पिता बाबूलाल मरांडी एवं मंगल टुडू,1999 में कपलेश्व दास की हत्या की गई। सरकार एवं जिला प्रशासन की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते वहां एक पर एक हत्या हो रही है। प्रशासन की मिलीभगत से पूरे जिला में अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। आये दिन मधेपुरा में कई हत्या हुई है। राजेश हंसदा हत्याकांड के नामजद अभियुक्तों कि जल्द गिरफ्तारी करने एवं पीड़ित परिवार को 20 लाख मुआवजा और एक सरकारी नौकरी एवं परिवार को सुरक्षा मुहैया कराये जाने के साथ न्याय दिलाने की मांग एक स्वर से की।

## पटना के गांधी मैदान में 25 हजार शिक्षकों को मिलेगा नियुक्ति पत्र



**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में राज्य के करीब सभी जिलों से पहुंचे 25 हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इनके अलावा अन्य शिक्षकों को जिला मुख्यालय पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। कुल एक लाख 20 हजार 336 अध्यापकों को नियुक्ति पत्र मिलेंगे। इनमें 14 हजार अभ्यर्थी दूसरे राज्यों के हैं। शिक्षा विभाग के पत्र के मुताबिक इस नियुक्ति की खास बात यह है कि जिस उम्मीदवार की काउंसलिंग जिस जिले में हुई है, उन्हें उसी जिले में योगदान का अवसर मिलेगा। इस बात का खास ध्यान रखा गया है कि बिहार की महिला अभ्यर्थियों को उनके गृह जिले में योगदान का अवसर मिलेगा जबकि बाहरी राज्यों और पुरुष शिक्षकों को राज्यभर के किसी भी जिले, जिसमें उन्होंने काउंसलिंग की है, उसमें शिक्षक बनने का अवसर दिया जायेगा।

**किस जिले में कितने चयनित शिक्षक**

अररिया-3184, अरवल-1274, औरंगाबाद, 4117, बांका, 3381, बेगूसराय-4873, भागलपुर-4185, भोजपुर-2374, बक्सर-2078, दरभंगा-8234, पूर्वी चंपारण-4239, गया-5640, गोपालगंज-2708, जमुई-1786, जहानाबाद-994, कैमूर-2609, कटिहार-2607, खगड़िया-2003, किशनगंज-1470, लखिसराय-1175, मधेपुरा-2859, मधुबनी-2995, मुजफ्फरपुर-7150, नालंदा-2425, नवादा-2053, पटना-5243, पूर्णिया-4025, रोहतास-2361, सहरसा-2230, समस्तीपुर-9147, सारण-3147, शेखपुरा-1469, शिवहर-462, सीतामढ़ी-1833, सिवान-2539, सुपौल-2377, वैशाली-2846 और पश्चिमी चंपराण-4767 है।

# दस वर्षों से गायब लड़की को अकबरपुर पुलिस ने किया बरामद, अपहरण कांड का पटाक्षेप



**नवादा, (हि.स.)।** जिले में अकबरपुर थाने के रुन्निपुर गांव से 2013 से ही गायब लड़की गुड़िया उर्फ सुमन पिता नंदू मांझी को अकबरपुर के थाना प्रभारी अजय कुमार ने बरामद कर बुधवार को उनके परिजनों से मिलाया। मां-पिता दस वर्ष बाद बेटी को देखकर फूट-फूट कर रोई। परिजनों ने बताया कि नौवीं क्लास में पढ़ती थी वो कही चली गई थी। उसकी मां सुषमा देवी के द्वारा इसी थाने के माखर गांव के तीन मुस्लिम लड़के मो.ईशा ,मो भोला ,और गांव के राहुल कुमार पिता तुलसी सिंह को आरोपित करते हुए अपहरण का कोर्ट में परिवाद दर्ज किया था। लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं हुयी थी। वर्ष 2019 में कोर्ट परिवाद पर अकबरपुर थाना कांड संख्या 32 /19 दर्ज किया गया। लगभग दस वर्षों से कांड लंबित चला आ रहा था। इसके बाद पता चला की फतेहपुर थाना गया में एक लड़का और दो महिला के बीच लड़ाई झगड़ा के कारण से उन्हें फतेहपुर थाना लाया गया है। लड़का गया का रहनेवाला सीडी चौधरी ने दो शादी किया है। पहली पत्नी बीएमपी में सिपाही है, जो मधुबनी में पदस्थापित है । दूसरी पत्नी गुड़िया उर्फ सुमन है ,जो अकबरपुर की रुनीपुर की रहने वाली है।

गया के चंदौती थाना अंतर्गत एक जमीन खरीदकर सीडी चौधरी मकान बनाकर गुड़िया को रहने लाया था। तब ये समाचार उसकी दूसरी पत्नी को मालूम हुआ, तो वह अपने मां-बाप ,भाई के साथ वहां पहुंची और मारपीट शुरू कर दी। मामला फतेहपुर थाना पहुंचा और सभी को थाना लाया गया। थाना पर गुड़िया से पूछने पर उसने बताया कि मैं अकबरपुर की रहने वाली हूं। तब फतेहपुर थाना के प्रभारी ने मुझे फोन किया तब जाकर उस गुड़िया को अकबरपुर थाना लाया। पूछताछ किया तो कुछ नही बता पा रहीं थी। बाद में अपने पिता का नाम नंदू मांझी बताया। चौकीदार ने बताया की ग्राम रूनीपुर में नंदू मांझी है, जिसकी बेटी पहले गायब हुई थी। लड़की केवल अपनी जान देने की बात कर रही थी। रूनीपुर के एक व्यक्ति को व्हाट्सएप पर इसका फोटो भेजा तो इसको पहचान लिया । उसके परिवार को सूचना दिया वो थाना आए और 10 वर्षों से बिछड़ी लड़की अपने भाई, बाप और बहन एक दूसरे को देखकर आपस में बिलखकर बिलखकर रोने लगे। इसके बाद अपहरण कांड का पटाक्षेप हो गया।

## सम्पादकीय

# टिकट बंटवारे का सवाल



**मध्यप्रदेश** विधानसभा चुनावों में टिकट वितरण को लेकर बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टियों में असंतुष्टों के विरोध प्रदर्शन की खबरें नेतृत्व के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। लेकिन यह किसी खास राज्य या चुनाव तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में मध्य प्रदेश कांग्रेस की ही एक बैठक के दौरान दो पूर्व मुख्यमंत्रियों कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच हुई एक मजाकिया नोकझोंक का विडियो वायरल हुआ था, जिसमें दोनों इस बात पर बहस कर रहे थे कि टिकट बंटवारे से नाराज कार्यकर्ताओं को किसके कपड़े फाड़ने चाहिए। इस विडियो को कांग्रेस नेताओं के बीच आपसी सद्भाव के सबूत के रूप में पेश किया गया था, लेकिन वह इस बात का भी प्रमाण था कि भारतीय राजनीति में टिकट बंटवारे से पार्टी में उपजने वाले असंतोष को कितना सहज और सामान्य मान लिया गया है। वैसे देखा जाए तो एक स्तर पर यह तमाम दलों में बढ़ते अति केंद्रीकरण का भी सबूत है। राष्ट्रीय ही नहीं, तमाम क्षेत्रीय दलों में भी यह प्रवृत्ति दिखती है, जिसे नेतृत्व की मजबूती के रूप में पेश किया जाता है। हालांकि कई विशेषज्ञ इसे राजनीतिक दलों में नेताओं और कार्यकर्ताओं की बदलती निष्ठा की समस्या से जोड़कर देखते हैं और नेतृत्व की ओर से किए जाने वाले रिस्क घटाने के प्रयासों का हिस्सा मानते हैं। पार्टी की ओर से आर्थिक और अन्य फायदों का केंद्रीकृत बंटवारा भी इसमें शामिल है। आखिरकार इन सबका मकसद पार्टी पर किसी खास नेता या गुट या परिवार का नियंत्रण बनाए रखना ही होता है। इसीलिए यह प्रवृत्ति न केवल पार्टी के दूरगामी हितों के खिलाफ है बल्कि लोकतंत्र की सेहत के लिए भी नुकसानदेह साबित होती है। इसके बचाव में दलीलें चाहे जो भी दी जाएं इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि यह पार्टी नेतृत्व और स्थानीय पार्टी काडर के बीच बढ़ती खाई का संकेत है। ध्यान रहे, किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में कार्यपालिका और आम नागरिकों के बीच पुल का काम यह स्थानीय पार्टी काडर ही करता है। जाहिर है, इसका पार्टी नेतृत्व से जुड़ाव कम होना या टूटना लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की जनता के प्रति जवाबदेही को कमजोर करता है। यही वजह है कि अन्य देशों में लोकल पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। उदाहरण के लिए, ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी पिछले दो दशकों से प्राइमरीज के जरिए प्रत्याशियों का चयन करने पर जोर दे रही है, जिसमें वोटर भी शामिल होते हैं। 2019 के चुनाव में तो उसने प्रत्याशियों की सूची अंतिम मंजूरी के लिए लोकल यूनिटों के पास भेज दी थी। अन्य देशों में ऐसे और भी प्रयोग गौर करने लायक हैं। हालांकि इन तमाम प्रयोगों के अपने फायदे और नुकसान हैं। इसलिए इन्हें ज्यों का त्यों अपना लेने की वकालत नहीं की जा सकती, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि अति केंद्रीकरण की प्रवृत्ति से बचने का सचेत प्रयास अपने देश में भी होना चाहिए।

**सुविचार**

जीवन में मुसीबत आये तो कभी घबराना मत,
गिरकर उठने वाले को ही बाजीगर कहते हैं।

**मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने हाल ही में एक मामले में फैसला दिया है कि पति के खिलाफ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाने का केस नहीं चल सकता क्योंकि रेप मामले में पति को अपवाद में रखा गया है और अब अप्राकृतिक संबंध भी रेप के दायरे में आते हैं। मैरिटल रेप का मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है और उस पर बहस होनी है। जानकार मानते हैं कि रेप कानून में हुए बदलाव के बाद जो नए सवाल खड़े हुए हैं, उनका परीक्षण होना जरूरी है।**

# रेप कानून के बदलने से खड़े हुए कई सवाल

**मध्य** प्रदेश हाईकोर्ट ने हाल ही में एक मामले में फैसला दिया है कि पति के खिलाफ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाने का केस नहीं चल सकता क्योंकि रेप मामले में पति को अपवाद में रखा गया है और अब अप्राकृतिक संबंध भी रेप के दायरे में आते हैं। मैरिटल रेप का मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है और उस पर बहस होनी है। जानकार मानते हैं कि रेप कानून में हुए बदलाव के बाद जो नए सवाल खड़े हुए हैं, उनका परीक्षण होना जरूरी है।

**क्या है मामला**

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा है कि 2012 के निर्भया कांड के बाद आईपीसी(इंडियन पीनल कोड) में रेप को जिस तरह से परिभाषित किया गया है उसे देखते हुए पति के खिलाफ अप्राकृतिक संबंध के मामले में केस नहीं बनेगा। पति-पत्नी के बीच के संबंध में कोई बैरियर नहीं है।

दरअसल, 2013 के नए रेप लॉ के तहत जो परिभाषा है, उसमें जबरन अप्राकृतिक दुराचार और जबरन यौनाचार दोनों को रखा गया है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि होमोसेक्सुअलिटी पर जजमेंट में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सहमति से अप्राकृतिक संबंध अपराध नहीं होगा। यहां मामला पति और पत्नी का है। चूंकि रेप लॉ की परिभाषा के तहत अप्राकृतिक संबंध भी उसी दायरे में आ गए हैं और पति व पत्नी के केस में सहमति मायने नहीं रखती, इसलिए मामला नहीं बनता।



आईपीसी की धारा-375 में रेप को परिभाषित किया गया है। आगे बढ़ने से पहले इस संबंध में कानूनी प्रावधानों पर एक नजर डाल लेते हैं।

-कानून कहता है कि कोई शख्स किसी भी महिला के साथ उसकी मर्जी के खिलाफ संबंध बनाता है तो वह रेप होगा।

-महिला के शरीर के किसी भी अंग में अगर पुरुष अपना प्राइवेट पार्ट जबरन डालता है तो वह रेप होगा।

-महिला के गुप्तांग में पुरुष कोई भी ऑब्जेक्ट डालता है तो वह भी रेप होगा।

-महिला (अविवाहित) की उम्र अगर 18 साल से कम है तो उसकी सहमति के मायने नहीं हैं। यानी 18 साल से कम उम्र की लड़की की सहमति से बनाए गए संबंध भी रेप ही माने जाएंगे।

-अगर कोई लड़की 15 साल से कम उम्र की है और उसके पति ने उससे संबंध बनाए तो वह रेप होगा।

-लेकिन अगर पत्नी की उम्र 15 साल से ज्यादा है तो फिर पति द्वारा सहमति के बगैर बनाया गया संबंध रेप नहीं होगा। मैरिटल रेप को अपवाद में रखा गया है।

-11 अक्टूबर 2017 को दिए एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने 15 साल से ऊपर की नाबालिग पत्नी के अपवाद को निरस्त कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि अगर पत्नी की उम्र 15 साल से लेकर 18 साल के बीच है और उसकी मर्जी के खिलाफ उससे संबंध बनाए जाते हैं तो वह पति के खिलाफ रेप का केस दर्ज करा सकती है।

साफ है कि अगर पत्नी की उम्र 18 साल से ज्यादा है तो नए रेप लॉ के तहत वह पूरी तरह से अपवाद की श्रेणी में है।

यहां यह भी गौर करने लायक है कि आईपीसी की धारा-377 अप्राकृतिक संबंध को अपराध बनाती है। कानूनी प्रावधान कहता है कि अगर कोई शख्स किसी आदमी या औरत या फिर जानवर के साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाता है तो आईपीसी की धारा-377 के तहत दोषी पाए जाने पर उसे 10 साल तक कैद या फिर उम्रकैद की सजा होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सहमति से अप्राकृतिक संबंध को अपराध के दायरे से बाहर कर दिया था। लेकिन अगर जबरन ऐसा कोई संबंध बनाता है तो वह अपराध होगा।

एडवोकेट रेखा अग्रवाल मानती हैं कि रेप लॉ में बदलाव के बाद पति-पत्नी के मामले में अप्राकृतिक संबंध भी अपवाद के दायरे में आ गए हैं, लेकिन उनका कहना है कि इस कारण महिलाओं के ज्यादा विक्टिमाइज होने का डर है। दरअसल, नया रेप कानून कहता है कि महिला के शरीर के किसी भी अंग में अगर पुरुष जबरन अपना प्राइवेट पार्ट डालता है तो वह रेप होगा। देखा जाए तो कानून बनाने वालों ने महिलाओं को ज्यादा प्रोटेक्ट करने के लिए रेप के दायरे को बढ़ा दिया, लेकिन इससे रेप में मिले अपवाद का दायरा भी बढ़ गया। महिलाओं को प्रताड़ना से बचाने के लिए कानून में उसे ज्यादा सुरक्षा दी गई है तो कानून बनाने वालों से उम्मीद की जानी चाहिए कि वे इस पहलू पर भी विचार करें ताकि महिलाएं बेवजह विक्टिमाइज होने से बचें।

एडवोकेट ज्ञानंत सिंह का नजरिया इस मामले में कुछ अलग है। वह कहते हैं कि निर्भया केस के बाद रेप लॉ में जो बदलाव हुआ है उसके बाद की स्थिति में किसी महिला के साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाया जाता है तो दो सेक्शन लागू होते हैं- आईपीसी की धारा-377 (जबरन अप्राकृतिक संबंध) और 376 (बलात्कार)। क्रिमिनल जूरिस्प्रूडेंस कहता है कि अगर किसी मामले में दो धाराएं लागू होती हैं तो फिर जिसमें कम सजा हो, वह आरोपी पर लागू होगी। उनके मुताबिक ऐसी स्थिति में धारा-377 अप्लाई होना चाहिए क्योंकि सजा इसमें कम रखी गई है।

**सुप्रीम बहस जरूरी**

मगर इन सवालों पर सुप्रीम बहस की रोशनी में ही कुछ निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। यह तय होना जरूरी है कि अगर किसी मामले में महिला के साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाया जाता है तो सिर्फ रेप का सेक्शन लगेगा या फिर धारा-377 भी लगाया जाएगा। अगर धारा-376 यानी रेप का ही सेक्शन लगेगा तो फिर धारा-377 की परिभाषा में बदलाव की जरूरत होगी। अगर दोनों सेक्शन लगेंगे तो क्या क्रिमिनल जूरिस्प्रूडेंस के तहत जिसमें कम सजा होगी, उस सेक्शन के हिसाब से गुनहगार को सजा दी जाएगी? नए रेप लॉ की परिभाषा व्यापक हो गई है और सजा भी सख्त है। ऐसे में महिलाओं को ज्यादा प्रोटेक्शन मिले इसके लिए इन कानूनी पहलुओं की व्याख्या जरूरी है।

## मार्ग-दर्शन

# कलाम को स्वामीजी से मिली अनूठी सीख

**पूर्व** राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन से जुड़ी एक घटना है। वायुसेना में चयन न होने की वजह से वे काफी दुखी थे। मानसिक शांति की खोज में वे स्वामी शिवानंद के आश्रम पहुंचे। स्वामीजी का भव्य व्यक्तित्व देखकर कलाम बहुत प्रभावित हुए। जब उन्होंने स्वामीजी को अपना परिचय दिया, तो वे बड़े स्नेह से उनसे मिले। कलाम ने उस भेंट के विषय में एक जगह लिखा है- ऋमेरे मुस्लिम नाम की उनमें जरा भी प्रतिक्रिया नहीं हुई। मैंने उन्हें वायुसेना में अपने नहीं चुने जाने की असफलता के विषय में बताया तो वे बोले- इच्छा, जो तुम्हारे हृदय और अंतरात्मा से उत्पन्न होती है, जो शुद्ध मन से की गई हो, एक विस्मित कर देने वाली विद्युत चुंबकीय ऊर्जा होती है। यही ऊर्जा हर रात को आकाश में चली जाती है और हर सुबह ब्रह्मांडीय चेतना लिए वापस शरीर में प्रवेश करती है। अपनी इस दिव्य ऊर्जा पर विश्वास रखो और अपनी नियति को स्वीकार कर इस असफलता को भूल जाओ। नियति को तुम्हारा पायलट बनना मंजूर नहीं था। अतः असमंजस और दुख से निकलकर अपने लिए सही उद्देश्य की तलाश करो।ऋ स्वामी शिवानंद के शब्दों ने जादू-सा असर दिखाया और कलाम ने दिल्ली आकर डीटीडीएंडपी जाकर अपने साक्षात्कार का नतीजा पता किया। नतीजा उनके पक्ष में था और वे वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक के पद पर नियुक्त हुए। आगे चलकर वे देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हुए। कथा का सार यह है कि कभी इच्छा, संकल्प और प्रयत्न के बावजूद भाग्य साथ नहीं देता है, किंतु इससे निराश होने के स्थान पर स्थिर चित्त से विचार कर कार्यदिशा कुछ परिवर्तित करते हुए दोगुने उत्साह से प्रयत्नशील होना चाहिए। अंततः सफलता अवश्य मिलती है।

## जीने की राह

# प्रेमपूर्ण व्यक्ति करता भावनात्मक श्रृंगार

**हमें** कई चीजों से लगाव होता है और होना भी चाहिए। जब आप किसी के प्रति अत्यधिक लगाव रखने लगें तो थोड़ा बारीकी से ध्यान रखें। इसके दो हिस्से होते हैं- एक मोह, दूसरा प्रेम। जब भी हमें किसी के प्रति लगाव हो तो इस बात पर ध्यान दें कि इस लगाव में देना छुपा हुआ है या लेना। यदि आप देने को तैयार हैं तो यहां से प्रेम शुरू होगा और यदि लेने की उम्मीद रखते हैं तो यहां से मोह आरंभ होगा। कुल मिलाकर इसके पीछे चल रहा होगा अहंकार। मनुष्य लोगों से लगाव भी अहंकार के कारण पालता है। जहां अहंकार आया, वहीं हम सौदेबाजी पर उतर आते हैं और बिना अहंकार के जब आप किसी से लगाव रखते हैं तो वह भी आपके व्यक्तित्व के लिए गहना बन जाता है। उदाहरण के तौर पर हमें सजने-संवरने की वस्तुओं से लगाव है। अब इसमें अहंकार है तो आप सज तो लेंगे, पर शोभायमान नहीं होंगे। आप सुदर्शन हो सकते हैं, पर सौंदर्य नहीं झलकेगा। जैसे ही आप अहंकारशून्य होकर प्रेमपूर्ण होते हैं, तो प्रसाधनों के बिना भी गजब के आकर्षक हो सकेंगे। प्रेमपूर्ण व्यक्ति भावनात्मक श्रृंगार करता है। उसके नेत्रों में कजरा हो या न हो, पर गहराई होती है। उसका चेहरा सत्य वचन के साथ तेजस्वी होता है। उसकी भुजाएं पराक्रम के कारण आकर्षण का केंद्र होती हैं।

उसके हृदय पर मालाएं न हों, पर निर्मल भावनाएं अपनी ओर खींचने लगती हैं। उसका मस्तक किसी मुकुट से सजा हुआ न हो, पर विनम्रता के कारण झुककर सबसे ऊंचा नजर आएगा। उसके हाथों की अंगुलियों में मणि-मुद्रिका न हो, लेकिन दान देते-देते बहुत ही सुंदर हो जाएंगे। इसलिए ऐसा लगाव रखें, जो मोह से मुक्त और प्रेम से युक्त हो।

## नजरिया

# माइग्रेशन का फायदा

**इंटरनैशनल** माइग्रेशन आउटलुक की ताजा रिपोर्ट बताती है कि अमीर देशों की नागरिकता लेने के मामले में भारतीय अव्वल हैं। 2019 से ही भारत ओईसीडी(ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट) देशों के नए नागरिकों के मूल राष्ट्र के रूप में अपना प्रमुख स्थान बनाए हुए है। 2020 में भारत चीन को इस मामले में पीछे छोड़ चुका है। ध्यान रहे, श्रम की कमी से जूझते इन देशों के लिए ये नए नागरिक काफी उपयोगी साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि हाल के वर्षों में ओईसीडी देशों ने इस तरफ ध्यान दिया।

नतीजा यह कि इन देशों में आने वाले नए परमानेंट-टाइप माइग्रेंट की संख्या में खासी बढ़ोतरी देखने को मिली है। पिछले साल यानी 2022 की ही बात करें तो ओईसीडी देशों में आने वाले परमानेंट-टाइप माइग्रेंट्स की संख्या 61 लाख दर्ज की गई जो सीधे 26 फीसदी की बढ़ोतरी है। ध्यान रहे, इन 61 लाख में से 28 लाख भारतीय हैं। पूरी दुनिया के लिहाज से देखें तो भी ग्लोबल माइग्रेंट इनफ्लो में भारत का योगदान करीब 7.5 फीसदी है। यह स्थिति उन देशों के लिए तो फायदेमंद है ही, खुद भारत के लिए भी कम लाभदायक नहीं साबित हुई है। अव्वल तो विदेश जाने वाले इन लोगों से रेमिटेंस हासिल करने के मामले में भी भारत नंबर वन पर है। 2022 में यह रकम 111 अरब डॉलर यानी देश की जीडीपी का 3.3 फीसदी थी।



स्वाभाविक ही इस रकम से खपत में इजाफा होता है जिससे इकॉनमी को मजबूती मिलती है। लेकिन इसके और भी बहुत सारे फायदे हैं जो अलग-अलग रूपों में सामने आते हैं। इनका ठोस अंदाजा तब होता है जब हम इन माइग्रेंट्स के बदलते स्वरूप पर ध्यान देते हैं। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक देश को मिलने वाले रेमिटेंस का 36 फीसदी अमेरिका, इंग्लैंड और सिंगापुर के हाई-स्किल्ड माइग्रेंट्स से आता है। यानी इन माइग्रेंट्स का सबसे बड़ा हिस्सा टेक इंडस्ट्री में खप रहा है। और, इस तरह धीरे-धीरे सबसे गतिशील आर्थिक क्षेत्र में भारत और दुनिया के बीच एक पुल बनता जा रहा है।

इसका एक बड़ा फायदा कोलैबरेशंस के जरिए भारत में हो रहे निवेश और तकनीकी हस्तांतरण में भी देखा जा सकता है। विकसित देशों में हो रहे माइग्रेशन के इन फायदों के बीच यह बात भी ध्यान में रखने लायक है कि इस माइग्रेशन के पीछे सबसे बड़ा फैक्टर होता है बेहतर अवसरों की तलाश जिसकी इन देशों के मुकाबले अपने यहां कमी है। अगर हमें 2047 तक विकसित देश का स्टेटस हासिल करने का लक्ष्य पाना है तो तीन बुनियादी पहलुओं पर खास ध्यान देना होगा- शिक्षा, रोजगार और जीवन स्तर। दो-चार प्रतिष्ठित संस्थान बनाना काफी नहीं है। देश के शिक्षा संस्थान हाई-स्किल्ड युवा देने लगें तो बेहतर रोजगार के हालात बनेंगे जिससे क्वॉलिटी ऑफ लाइफ बेहतर होगी। और फिर विकसित देश बनने का सपना भी दूर नहीं रह जाएगा।

## प्रसंगतः

# संकल्प

एक बार नानक काशी के पास एक गांव में प्रवचन कर रहे थे। प्रवचन के बीच में उन्होंने कहा, सफलता के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आशावादी होना चाहिए। प्रवचन खत्म होने के बाद एक भक्त ने पूछा, गुरु जी, क्या किसी चीज की आशा करना ही सफलता की कुंजी है। नानक ने कहा, नहीं , केवल आशा करने से कुछ नहीं मिलता। मगर आशा रखने वाला मनुष्य ही कर्मशील होता है। लेकिन उस आदमी की समझ में ये बातें नहीं आ रही थी। उसने कहा, गुरु जी, आप की गूढ़ बातें मेरी समझ में नहीं आ रही हैं। उस समय खेतों में गेहूं की कटाई हो रही थी। तेज गर्मी पड़ रही थी। नानक ने कहा, चलो मेरे साथ। तुम्हारे प्रश्न का जवाब वहीं दूंगा। नानक उस आदमी को अपने साथ लेकर खेतों की तरफ चले गए। उन्होंने देखा कि एक खेत में दो भाई गेहूं की कटाई कर रहे थे। बड़ा भाई तेजी से कटाई करता आगे था दूसरा भाई पीछे था। नानक उस आदमी के साथ वहीं एक आम के पेड़ के नीचे बैठ गए। दोपहर हो गई थी। छोटा भाई बोला, भइया, आज तो पूरी कटाई हो नहीं पाएगी। अभी बहुत बाकी है, कल सुबह आकर काट लेंगे। बड़े भाई ने कहा, अब ज्यादा कहां बचा है। देखता नहीं, थोड़ा ही तो रह गया है। इन दो कतारों को काट लेंगे तो बाकी बारह कतारें रह जाएगी। इतना तो आराम से काट लेंगे। कल पर क्यों टालता है। बड़े भाई की बात सुन कर छोटा भाई जोश में आ गया और उसका हाथ भी तेजी से चलने लगा। थोड़ी देर में पूरा खेत कट गया। खेत कटने के बाद नानक वहां से चलने लगे तो भक्त ने कहा, मेरे प्रश्न का उत्तर तो शेष है। नानक ने कहा, तुम्हारे प्रश्न का जवाब तो उन दोनों भाइयों ने दे दिया जो खेत में गेहूं काट रहे थे। बड़ा भाई आशावादी था, तभी तो कटाई पूरी हुई। भक्त को अपने प्रश्न का उत्तर मिल गया।

## राजनीती

# गरबा करते वक्त गई जान, क्या है असल वजह

**जिस** तरह से गुजरात में गरबा के दौरान रविवार को दस लोगों की हार्ट अटैक से मौत हुई, वह बहुत ही चिंताजनक है। पिछले कई दिनों से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जिनमें कथित रूप से स्वस्थ व्यक्तियों को कसरत या कुछ और काम करते वक्त दिल का दौरा पड़ा और अचानक मृत्यु हो गई। ऐसा होना बहुत दुखद है, लेकिन इससे लोगों के मन में यह सवाल भी पैदा होता है कि कोई 'ऐसे ही' कैसे मर सकता है?

**कसरत नहीं कारण**

कई बार ऐसा माना जाता है कि ऐसी घटना अत्यधिक व्यायाम के कारण हुई, लेकिन यह पूरी तरह सच नहीं है। व्यायाम के दौरान युवाओं में अचानक दिल का दौरा आने की कई वजहें हो सकती हैं। इनमें हाइपरट्रॉफिक ऑब्सट्रक्टिव कार्डियोमायोपैथी, डाइलेटेड कार्डियोमायोपैथी, राइट वेंट्रिकुलर डिसप्लेसिया, वॉल्वुलर हृदय रोग, मायोकार्डिटिस या एथेरोस्क्लेरोटिक प्लाक के अचानक टूटने जैसे अज्ञात हृदय रोग शामिल हैं, जो समय पर पकड़ में नहीं आए इसलिए उनका निदान नहीं हो पाया।

-कई युवा मरीज जिन्हें संरचनात्मक हृदय रोग नहीं है, उन्हें एथेरोस्क्लोरोटिक प्लाक के अचानक टूटने के कारण दिल का दौरा पड़ता है। यह गतिहीन जीवन शैली खासकर वर्क फ्रॉम होम के कारण बना था और अचानक जोरदार गतिविधियों के चलते अस्थिर हो गया।

-कई वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते हैं, अगर वे अचानक तगड़ा व्यायाम करना शुरू कर दें तो उनमें हृदय संबंधी समस्याएं होने का खतरा बढ़ जाता है।

-जोरदार व्यायाम एक अप्रशिक्षित शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। इसीलिए मांसपेशियों को विकसित करने की कोशिश करने से पहले सहनशक्ति और ताकत बनाने की सलाह दी जाती है।



-व्यायाम करते समय भी वजन उठाने (जो जिम में युवाओं के बीच अधिक लोकप्रिय है) के अलावा साइकल चलाना, तैराकी, जॉगिंग और तेज चलना जैसे व्यायाम करना महत्वपूर्ण है।

-नियमित व्यायाम के लाभों में शरीर में वसा प्रतिशत को कम करना, शरीर की संरचना में सुधार करना, वजन अनुकूलित करना, कोलेस्ट्रॉल लेवल कम करना, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज कंट्रोल रखना शामिल है।

-कसरत करने से कई बीमारियां उन लोगों की अपेक्षा देर से घर बनाती हैं जो व्यायाम नहीं करते। नियमित आउटडोर व्यायाम और गतिविधियों ने मनोविज्ञान, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की समग्र गुणवत्ता पर भी लाभकारी प्रभाव दिखाया है।

-अत्यधिक शारीरिक खेल या जोरदार शारीरिक गतिविधि और व्यायाम में शामिल होने से पहले किसी भी संभावित अज्ञात हृदय रोग की जांच कराना महत्वपूर्ण है।

-बिना किसी बीमारी के भी धीरे-धीरे व्यायाम कार्यक्रम बनाना और व्यायाम कार्यक्रम को नियमित बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

**प्रदूषित जीवनशैली**

प्रदूषण के चलते भी हृदय और फेफड़ों की बीमारियों में तेजी देखी जा रही है। प्रदूषण का सीधा असर हमारे फेफड़ों पर पड़कर पूरे शरीर में फैलता है और खून की धमनियों की सूजन, एथेरोस्क्लेरोसिस और हृदय संबंधी बीमारियों को बढ़ावा देता है। आजकल की युवा पीढ़ी कामकाज की वजह से प्रदूषण से बच तो नहीं सकती, परंतु फेस मास्क लगा कर, धूम्रपान से बचकर खुले वातावरण में व्यायाम कर अपनी सेहत सुधार सकती है और बीमारियों से बच सकती है।

**संतुलित भोजन**

स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखना और व्यायाम कार्यक्रम का पालन करते हुए संतुलित और स्वस्थ भोजन लेना भी महत्वपूर्ण है। अपर्याप्त नींद या शराब के बाद नशे की हालत में कसरत करने से वर्कआउट सत्र के दौरान चोट लगने की संभावना अधिक होती है। इसी तरह, स्वस्थ शरीर और स्वस्थ दिमाग के लिए प्रोटीन, जटिल कार्बोहाइड्रेट और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर स्वस्थ संतुलित आहार के साथ एक स्वस्थ व्यायाम कार्यक्रम भी जोड़ा जाना चाहिए।

यह समझना चाहिए कि हृदय संबंधी समस्याओं, बीमारियों या मृत्यु का कारण व्यायाम नहीं है। यह अज्ञात बीमारियों या अप्रशिक्षित शरीर के साथ किया गया जोरदार व्यायाम है, जो हानिकारक हो सकता है। इसलिए धीरे-धीरे एक व्यायाम कार्यक्रम बनाकर उसे नियमित रूप से फॉलो करना चाहिए। आहार स्वस्थ हो और जीवनशैली की आदतें भी सही हों तो बीमारियों से बच सकते हैं।





# युद्ध के 26वें दिन गाजा छोड़कर मिस्त्र जा रहे विदेशी, पहली बार राफा क्रॉसिंग खोला गया

**तेल अवीव ।**
इजराइल और हमास के बीच जारी हिंसक संघर्ष में अब तक 9000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इसी बीच 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले क्षेत्र गाजा पट्टी से विदेशी लोगों के बाहर निकलने का सिलसिला शुरू हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पहली बार रफा क्रॉसिंग के माध्यम से युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे लोग मिस्त्र में शरण लेने जा रहे हैं।

**राफा क्रॉसिंग खोलने का फैसला** - अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक बीते 7 अक्तूबर को इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार मिस्त्र ने राफा क्रॉसिंग खोली है। क्रॉसिंग खोलने का निर्णय गाजा में सबसे बड़े शरणार्थी शिविर- जबालिया पर इजराइली डिफेंस फोर्सेज के हमले के कुछ घंटों बाद आया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, हमले में कम से कम 50 लोग मारे गए।

**फलस्तीनी इलाके में जाते दिखे लोग** - खबरों के मुताबिक बड़ी संख्या में विदेशी पासपोर्ट धारकों ने बुधवार को युद्धग्रस्त गाजा छोड़ना शुरू कर दिया। खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मिस्त्र की सीमा से सटे गाजा की दक्षिणी सीमा पर राफा क्रॉसिंग पार कर कितने लोग सुरक्षित जगहों पर जाने में कामयाब रहे। कुछ वीडियो रिपोर्ट्स में घटनास्थल के लाइव फुटेज में लोगों की भीड़ को टर्मिनल के फलस्तीनी हिस्से में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है।

**200 से अधिक ट्रकों का मिस्त्र से गाजा में प्रवेश** - इजराइल-हमास युद्ध के कारण पैदा हुए अभूतपूर्व मानवीय संकट के बीच अत्यंत जरूरी मदद की खेप ले जाने वाले 200 से अधिक ट्रक मिस्त्र से गाजा में प्रवेश कर चुके हैं। विदेशी लोगों के निकलने का सिलसिला शुरू होने के बावजूद रिपोर्ट्स में बताया गया है कि किसी भी व्यक्ति को प्रभावित क्षेत्र से भागने की अनुमति नहीं दी गई है। अनुमान के मुताबिक लगभग 400 विदेशी और दोहरी नागरिकता वाले लोग बुधवार को सीमा पार कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अपने छह साल के बेटे को समझती थी राक्षस, डायपर न बदलना पड़े इसलिए नहीं देती थी खाना; हत्या कर देश छोड़ा




**ह्यूस्टन ।** अमेरिका से इस साल मार्च में भागकर भारत आई छह साल के एक बच्चे की मां को ग्रैंड ज्यूरी ने हत्या समेत कई नए आरोपों में दोषी ठहराया है। दरअसल, 37 वर्षीय सिंडी सिंह पर आरोप है कि अपने विशेष देखभाल की जरूरत वाले बेटे नोएल रोड्रिग्ज-अल्वारेज की हत्या करने के बाद वह भारत भाग गई। पुलिस एक साल से बच्चे के शव की तलाश कर रही है। नोएल को आखिरी बार पिछले साल नवंबर में टेक्सास के एवरमैन में देखा गया था। जबकि अक्तूबर में उसकी दो जुड़वां बहनों का जन्म हुआ था। आरोपी महिला के 10 बच्चे थे। तीन भाई-बहन कथित तौर पर दादा-दादी के साथ रहते थे, जबकि नोएल और अन्य बच्चे एवरमैन में एक झोपड़ी में अपनी मां के साथ रहते थे। भारतीय मूल का सौतेला पिता सिंह भी इन्हीं लोगों के साथ झोपड़ी में रहता था। जांच से सामने आया कि सिंडी बच्चे के साथ बहुत बुरी तरह व्यवहार करती थी। वह विशेष देखभाल की जरूरत वाले नोएल को राक्षस बुलाती थी। उसका मानना था कि वह जुड़वां बच्चों को नुकसान पहुंचाएगा। अधिकारी ने बताया कि रिश्तेदारों और गवाहों से पता चला कि नोएल को खाना और पानी नहीं दिया जाता था क्योंकि सिंडी को उसका डायपर बदलना पसंद नहीं था। यहां तक कि एक रिश्तेदार ने सिंडी को नोएल के चेहरे पर चाबी से वार करते हुए भी देखा था, क्योंकि उसने पानी पी लिया था। एवरमैन के पुलिस प्रमुख क्रेग स्पेंसर ने बताया कि नोएल के शव की तलाश जारी है। टैरेंट काउंटी ग्रैंड ज्यूरी ने बच्चे की मां सिंडी सिंह को हत्या के एक आरोप, एक बच्चे को चोट पहुंचाने के दो आरोपों और लौटने के इरादे के बिना एक बच्चे को छोड़ने के एक आरोप में दोषी ठहराया है। माना जा रहा है कि सिंडी मार्च से अपने पति अर्शदीप सिंह और अपने छह अन्य बच्चों के साथ भारत में रह रही है। स्पेंसर ने सोमवार को कहा कि विभाग बच्चे की मां और सौतेले पिता का पता लगाने के लिए संघीय सहयोगियों के साथ काम कर रहा है। अगर इस अपराध में सौतेले पिता की भी भूमिका पाई गई तो उसके खिलाफ भी मामला दर्ज किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि संघीय सहयोगियों के साथ जल्द आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। इसके बाद उसे यहां वापस लाकर पूछताछ करेंगे क्योंकि कुछ सवालों के जवाब अभी नहीं मिले हैं। पुलिस को पिछले साल नवंबर में नोएल के लापता होने की गुमनाम सूचना मिली थी, तबसे वह जांच में लगी है। दंपती को भारत से प्रत्यर्पित करने की कोशिश कर रही है।

### सिख बुजुर्ग को घूंसे मारकर जान लेने वाले शख्स पर हेट क्राइम का मामला, 20 अन्य केसों में आरोप तय



**न्यूयॉर्क ।** में एक सिख व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने वाला व्यक्ति अब हेट क्राइम (घृणा अपराध) का आरोप लगा है। आरोपी गिलबर्ट ऑगस्टिन पर पीड़ित जसमेर सिंह की हत्या का आरोप लगाया गया है। आरोपी पर पहले हत्या, हमला करने और बिना लाइसेंस के वाहन चलाने का आरोप लगा था, लेकिन अब उसके ऊपर हेट क्राइम का आरोप भी शामिल किया गया है। आरोपी हाल ही में पहली बार अदालत में पेश हुआ था। उसपर 20 मामलों में आरोप तय किया गया। क्वींस डिस्ट्रिक्ट एटर्नी मेलिंदा कार्ट्ज ने कहा, यह दो गाड़ियों के बीच टक्कर का मामला है जो घृणित भाषा और क्रूर हिंसा तक बढ़ गया। यह नफरत ही इस घटना का कारण बना। भारतीय मूल के सिख और ऑगस्टिन की कार आपस में टकरा गई थी।

### कौन है हमास कमांडर इब्राहिम बियारी: इजराइल ने गाजा में ढूंढकर मारा, 2004 से यहूदियों को बना रहा था निशाना

**यरुशलम ।** इजराइल और हमास के बीच तीन सप्ताह से अधिक समय से युद्ध जारी है। अब तक इस संघर्ष में साढ़े नौ हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच, इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उन्होंने शरणार्थी शिविर पर हमला कर हमास के सेंट्रल जबालिया बटालियन के कमांडर इब्राहिम बियारी को मार डाला है। हालांकि, हमास का कहना है कि शिविर में उसका कोई नेता मौजूद नहीं था। आइए जानते हैं कि आईडीएफ जिसकी मौत का दावा कर रहा है आखिर वो कौन है। इब्राहिम बियारी गाजा पट्टी में जबालिया शरणार्थी शिविर में तैनात हमास के सेंट्रल जबालिया बटालियन का कमांडर था। इजराइली रक्षा बलों के अनुसार, आतंकवादी समूह द्वारा अपना जमीनी आक्रमण शुरू करने के बाद से, बियारी ने उत्तरी गाजा पट्टी में हमास के सभी अभियानों की देखरेख की। माना जाता है कि वह पिछले दशकों में इजराइल पर हुए कई हमलों में भी शामिल था।

# इजराइल-हमास युद्ध के बीच गाजा पट्टी के भविष्य पर मंथन, बहुराष्ट्रीय सेना की संभावना पर भी विचार

**तेल अवीव ।**
इजराइल और हमास के हिंसक संघर्ष के बीच अमेरिका और इजराइल गाजा पट्टी के भविष्य पर मंथन कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइल और आतंकी संगठन- हमास के बीच युद्ध में अब तक 9000 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। लगभग 20 लाख की आबादी वाले इलाके- गाजा पट्टी में इजराइल डिफेंस फोर्सेज की आक्रामक कार्रवाई के बाद अब पुनर्वास के तरीकों पर विचार हो रहा है। मीडिया की खबरों के मुताबिक अमेरिका और इजराइल गाजा पट्टी के भविष्य के लिए विकल्पों पर चर्चा कर रहे हैं। जिन विकल्पों पर विचार हो रहा है, इनमें हमास के सत्ता से बाहर होने पर अमेरिकी सैनिकों को गाजा पट्टी में तैनात करने के साथ-साथ एक बहुराष्ट्रीय सेना की संभावना भी शामिल है। जिन अन्य विकल्पों पर विचार किया जा रहा है उनमें मिस्त्र-इजराइल शांति संधि और अस्थायी संयुक्त राष्ट्र निगरानी की देखरेख करने वाली एक शांति सेना शामिल है। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि गाजा में सेना भेजने पर फिलहाल विचार नहीं किया जा रहा है। बातचीत अभी भी प्रारंभिक चरण में है, और यह स्पष्ट नहीं है कि अरब देश इजराइल हमास संकट से निपटने में भाग लेने में रुचि लेंगे या नहीं।





**किन विकल्पों पर हो रहा है मंथन** - इस मामले से परिचित लोगों ने कहा कि गाजा पट्टी में इजराइली सेना जमीनी आक्रमण शुरू कर चुकी है। ऐसे में गाजा के भविष्य के लिए तत्काल एक योजना तैयार करने की भावना से बातचीत शुरू की गई है। दूसरा विकल्प 1979 की मिस्त्र-इजराइल शांति संधि की देखरेख करने वाली शांति सेना की स्थापना करना होगा, जबकि तीसरे विकल्प में गाजा को अस्थायी रूप से संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में रखा जाएगा। इजराइल और हमास के संघर्ष की संवेदनशीलता को देखते हुए पहचान जाहिर न करने की अपील के साथ लोगों ने बताया, बातचीत अभी शुरुआती चरण में है और बहुत कुछ बदल सकता है। कुछ अमेरिकी अधिकारी विकल्पों को समय से पहले या असंभावित भी मानते हैं। हालांकि, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने मंगलवार को इस चुनौती की ओर इशारा किया जब उन्होंने सीनेट पैनल को बताया कि अमेरिका गाजा के भविष्य के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रहा है। खबरों के मुताबिक ब्लिंकन शुक्रवार, तीन नवंबर को एक बार फिर इजराइल का दौरा करेंगे। सीनेट विनियोग समिति के अनुसार, जब तक गाजा पर हमास का शासन है, अमेरिका यथास्थिति में बदलाव नहीं कर सकता। इजराइल गाजा को चला रहा है या नियंत्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका भी गाजा का संचालन नहीं कर सकता। इजराइली खुद भी यही प्रस्ताव देते हैं। ब्लिंकन के अनुसार, अलग-अलग संभावित क्रमपरिवर्तन को अमेरिका बहुत करीब से देख रहा है, ऐसा अन्य देश भी कर रहे हैं। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन के हवाले से मंगलवार रात आई रिपोर्ट में बताया गया कि शांति सेना के हिस्से के रूप में गाजा में अमेरिकी सैनिकों को भेजना ऐसा कुछ नहीं है जिस पर विचार किया जा रहा है या चर्चा चल रही है। अमेरिकी विदेश विभाग ने भी योजनाओं पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि इजराइली अधिकारियों ने बार-बार कहा है कि उनका गाजा पर कब्जा करने का इरादा नहीं है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा है कि 7 अक्टूबर के हमले के बाद गाजा पट्टी पर हमास का शासन अस्वीकार्य है। बता दें कि आतंकी हमले में 1400 इजराइली लोगों की मौत हुई थी। 200 से अधिक लोगों को बंधक बनाया गया। खबरों के मुताबिक इजराइल और अमेरिका दोनों का मानना है कि फलस्तीनी प्राधिकरण गाजा पर शासन कर सकेगा, इस बात के भी बहुत कम सबूत हैं। वेस्ट बैंक पर शासन कर रहा फलस्तीनी प्राधिकरण गाजा पर कब्ज़ा करने का इच्छुक है या नहीं, क्या प्राधिकरण सक्षम होगा इन सवालों के ठोस जवाब नहीं मिले हैं। बता दें कि अमेरिका और यूरोपीय संघ ने हमास को आतंकवादी समूह नामित किया है। गाजा में पुनर्वास को लेकर सभी तीन विकल्प राष्ट्रपति जो बाइडन और खाड़ी देशों सहित अन्य देशों के लिए भी राजनीतिक खतरा पैदा कर सकते हैं। इजराइल पर भी इसका असर पड़ेगा। बाइडन प्रशासन की नीतियों से परिचित एक व्यक्ति के अनुसार, बाइडन का मानना है कि अमेरिकी सैनिकों की एक छोटी सी टुकड़ी को भी नुकसान पहुंचाना राजनीतिक रूप से जोखिम भरा साबित हो सकता है।

# सैन फ्रांसिस्को में इसी महीने मिलेंगे बाइडन और जिनपिंग

## व्हाइट हाउस ने दी जानकारी



**वॉशिंगटन ।**
अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव करीन जीन-पियरे ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। इससे साफ हो गया है कि चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग इसी महीने अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे। लेकिन अभी कार्यक्रम की घोषणा नहीं की गई है। बाइडन और जिनपिंग आखिरी बार पिछले साल इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर मिले थे। जीन-पियरे ने कहा कि यह अहम बैठक सैन फ्रांसिस्को में होने वाली है। राष्ट्रपति बाइडन अपने चीनी समकक्ष से बातचीत के लिए उत्सुक हैं। हालांकि उन्होंने बैठक के एजेंडे के बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया। जीन-पियरे ने कहा कि हम नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में नेताओं के बीच एक रचनात्मक बातचीत का लक्ष्य रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकार चीन के साथ रिश्ते में अपनी नीति को लेकर स्पष्ट है। उन्होंने इसे गहन प्रतिस्पर्धा बताया। उन्होंने कहा कि बाइडन की शी जिनपिंग के साथ कठिन, लेकिन महत्वपूर्ण बातचीत होगी। जीन-पियरे ने हाल ही में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और उनके चीनी समकक्ष के बीच हुई बैठकों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका को चीन के साथ संबंधों को कैसे आगे बढ़ना है, इसको लेकर हमारी नीति बिल्कुल स्पष्ट है। इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। हम चीन के साथ संबंधों को आगे बढ़ना चाहते हैं। तीव्र प्रतिस्पर्धा का तात्पर्य गहन कूटनीति से है। उन्होंने कहा कि यह बैठक लंबी राजनयिक बातचीत के बाद होने जा रही है। तीन अमेरिकी सचिव चीन की यात्रा कर चुके हैं। विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन चीन में अपने समकक्षों के साथ महत्वपूर्ण बातचीत की है। इससे संबंधों में बदलाव आया है। इसलिए यह एक महत्वपूर्ण राजनयिक बातचीत होने जा रही है।

पिछले हफ्ते वॉशिंगटन में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने राष्ट्रपति बाइडन से मुलाकात थी। इसके बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने अमेरिका और चीन दोनों को रिश्ते में प्रतिस्पर्धा को जिम्मेदारी से बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया है। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका और चीन को वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

# डब्ल्यूएचओ क्षेत्रीय निदेशक के तौर पर साइमा वाजेद नामित, जनवरी में बोर्ड के सामने प्रस्तुत होगा नामांकन

**ढाका ।**
**विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दक्षिण-पूर्व एशया के डब्ल्यूएचओ क्षेत्रीय निदेशक के तौर पर साइमा वाजेद को नामित किया है। सदस्य राज्यों ने दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के डब्ल्यूएचओ क्षेत्रीय समिति के 76वें सत्र में साइमा वाजेद को नामित करने के लिए मतदान किया था। नामांकन 22 से 27 जनवरी 2024 को स्विट्जरलैंड के जिनेवा में होने वाले 154वें सत्र के दौरान डब्ल्यूएचओ बोर्ड के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। नवनियुक्त क्षेत्रीय निदेशक को एक फरवरी 2024 से पदभार ग्रहण होगा।**

वाजेद एक ऑटिज्म विशेषज्ञ हैं और वह विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक के पद पर चुनाव लड़ रही हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अपने पक्ष में देशों का समर्थन जुटाने के लिए साइमा वाजेद भारत का दौरा कर रही हैं। इससे पहले आसियान देशों के



सम्मेलन में भी बांग्लादेशी राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के साथ साइमा वाजेद ने इंडोनेशिया का दौरा किया था।

### भारत के लिए परेशानी

विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्वी क्षेत्रीय निदेशक के चुनाव में बांग्लादेश की साइमा वाजेद का मुकाबला नेपाल के शंभु प्रसाद आचार्य के साथ है। चूंकि भारत के बांग्लादेश और नेपाल, दोनों के साथ ही बहुत अच्छे संबंध हैं, ऐसे में किसी एक देश के नेता को चुनना भारत के लिए भी मुश्किल है। साइमा वाजेद ने अभी तक राजनीति में आने के संकेत नहीं दिए हैं लेकिन जिस तरह से वह अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में शीर्ष पदों पर काम करने में दिलचस्पी ले रही हैं, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि वह देर-सबेर राजनीति में एंट्री कर सकती हैं।

# वॉल्ट डिज्नी वर्ल्ड रिसॉर्ट में पहली बार मना दिवाली का जश्न, भारत की संस्कृति का किया गया प्रदर्शन

**न्यूयॉर्क ।**
रोशनी का पर्व दिवाली हिंदू धर्म के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक है। दिवाली के मौके पर हर जगह दीपों की जगमगाहट नजर आती है। वैसे तो त्योहार खुशियों और उत्साह का होता है, लेकिन दिवाली में यह उत्साह कई गुना बढ़ जाता है। दिवाली को भारत ही नहीं बल्कि और भी देशों में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। हालांकि, इस साल पहली बार इस त्योहार को फ्लोरिडा के वॉल्ट डिज्नी वर्ल्ड रिसॉर्ट में भी मनाया गया।

**सैकड़ों डांसरों ने भारत की संस्कृति दिखाई** - इस दौरान सैकड़ों नर्तकों (डांसर) ने भारत की संस्कृति और विरासत की झलक दिखाई। बताया जा रहा है कि दिवाली के पहले युवा उत्सव की मेजबानी जश्न प्रोडक्शंस ने की थी। इस दौरान, डिज्नी स्प्रिंग्स और डिज्नी के एनिमल किंगडम थीम पार्क में नाच गाना हुआ। यहां देशभर के 400 से अधिक डांसरों ने भाग लिया।

**दीपावली मनाना बहुत आनंददायक रहा** - जश्न प्रोडक्शंस की संस्थापक जेनी बेरी ने बताया कि तीन दिवसीय डांस फेस्ट में उत्तरी अमेरिका के डांसरों ने भी भाग लिया था। बेरी ने कहा, 'वॉल्ट डिज्नी वर्ल्ड रिजॉर्ट में पहली बार दिवाली मनाना बहुत आनंनदायक रहा। हमने दक्षिण एशियाई डांसरों के साथ इस महत्वपूर्ण त्योहार की खुशी और




उत्साह साझा किया। पृथ्वी पर सबसे जादुई जगह में दिवाली का जश्न मनाना वास्तव में एक सपना सच होने जैसा था।

**भारत के इन राज्यों से लोगों ने लिया भाग** - 26-28 अक्तूबर तक चलने वाले इस फेस्टिवल की शुरुआत डिज्नी स्प्रिंग्स में एक आधिकारिक परेड के साथ हुई, जहां लोगों ने अपना तैयार किया गया नाच दिखाया। डिज्नी के एनिमल किंगडम थीम पार्क में आयोजित डांस फेस्ट में 17 डांस स्कूल और गुजरात, पंजाब, आंध्र प्रदेश सहित भारत के विभिन्न क्षेत्रों के प्रदर्शन शामिल थे।

**एक हजार से अधिक लोगों भारतीय संगीत लुत्फ उठाया** - जानकारी के मुताबिक, यह फेस्ट अपनी तरह का पहला उत्सव था, जिसने बच्चों को विश्व प्रसिद्ध मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया। इस दौरान एक हजार से अधिक अतिथियों ने दीपावली कार्यक्रम के दौरान भारतीय संगीत और वेशभूषा का लुत्फ उठाया।

# अमेरिका में राष्ट्रीय खतरे की प्राथमिकता में घृणा अपराध ऊपर, बाइडन की नीति पर बोले एफबीआई निदेशक

**वॉशिंगटन ।**
अमेरिकी सरकार देश में घृणा अपराध से सख्ती से निपटने पर फोकस कर रही है। राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन में एक शीर्ष अधिकारी ने सांसदों को बताया कि बाइडन प्रशासन ने घृणा अपराधों को राष्ट्रीय खतरे की प्राथमिकता में ऊपर उठा दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यहूदी समुदाय को सभी आतंकवादी संगठनों द्वारा किए जाने वाले ऐसे सभी धर्म आधारित हमलों का लगभग 60 प्रतिशत सामना करना पड़ता है।

### खुफिया जानकारी साझा करने पर ध्यान

अमेरिकी कांग्रेस में सुनवाई के दौरान संघीय जांच एजेंसी- फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने सांसदों से कहा कि एजेंसी कानून प्रवर्तन प्रयासों की एक श्रृंखला के माध्यम से घृणा अपराधों में वृद्धि से निपट रही है। क्रिस्टोफर के अनुसार, एफबीआई संयुक्त आतंकवाद कार्य बल, घृणा अपराध जांच



और खुफिया जानकारी साझा करने पर ध्यान दे रही है।

### राष्ट्रीय स्तर पर संगठनों के साथ जनसंपर्क

उन्होंने कहा, हम सभी 56 संयुक्त आतंकवाद कार्य बलों के माध्यम से जांच और आउटरीच और खुफिया साझाकरण जांच दोनों के माध्यम से निपट रहे हैं। घृणा अपराधों को राष्ट्रीय खतरे की प्राथमिकता में ऊपर लाया गया है। यहूदी समुदाय के प्रति घृणा अपराध बढ़ने की आशंका को देखते हुए एफबीआई ने राष्ट्रीय स्तर पर संगठनों के साथ हमने बहुत से जनसंपर्क किए हैं।

### यहूदी समुदाय को निशाना बना रहे आतंकी

क्रिस्टोफर रे ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से भी कई बार जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग लिया है। एफबीआई का प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय भी ऐसा करता है। उन्होंने कहा, हमने धर्मस्थलों आदि के लिए सक्रिय शूटर प्रशिक्षण दिएं है। हालांकि, वास्तविकता यह है कि यहूदी समुदाय लगभग सभी आतंकवादी संगठनों के निशाने पर है। इन्हें विशिष्ट रूप से लक्षित किया जाता है।

### देश के कुल अपराध का 60 फीसदी

एफबीआई निदेशक ने एक सवाल के जवाब में कहा, जब आप एक ऐसे समूह को देखते हैं जो अमेरिकी आबादी का लगभग 2.4 प्रतिशत हिस्सा है, तो यह हर किसी की चिंता का कारण होना चाहिए। यह आबादी सभी धर्म-आधारित घृणा अपराधों का 60 प्रतिशत के बराबर है। इसलिए उन्हें हमारी मदद की जरूरत है।

### स्पेशल सेल बनाया गया, घृणा अपराध पर सख्ती

एफबीआई निदेशक के अनुसार अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी ने समुदायों के खिलाफ आस्था आधारित घृणा और हिंसक चरमपंथी अपराधों पर नजर रखने के लिए एक घरेलू आतंकवाद घृणा अपराध संलयन सेल बनाया है। इसका मकसद घरेलू आतंकवाद या घृणा अपराध से सख्ती से निपटना है। उन्होंने कहा, एफबीआई का विचार दोनों की विशेषज्ञता को एक साथ लाने का था। कुछ घृणा अपराध पहले से सक्रिय हैं, जिनमें विशेष मामले भी शामिल हैं। यह मामला आराधनालय पर बमबारी के प्रयास में व्यवधान जैसा है।

### राष्ट्रीय खतरा प्राथमिकता में हेट क्राइम

उन्होंने कहा, हमारे पास ऐसे कई मामले हैं। इसलिए एफबीआई ने घृणा अपराधों को राष्ट्रीय खतरा मानते हुए प्राथमिकता सूची में ऊपर कर दिया है। एजेंसी विश्वास आधारित समुदायों तक व्यापक पहुंच के प्रयास कर रही है। व्यापक जांच भी कराई जा रही है। जांच एजेंसी के निदेशक के तौर पर उन्हें कुछ ही वर्ष हुए हैं। आराधनालयों पर कई बार हमले या हमले के प्रयास हुए हैं। एफबीआई ने ऐसी वारदात को रोकने में भी कामयाबी पाई है।

### एफबीआई घृणा अपराध रोकने के प्रयास में जुटी

एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा, कोलोराडो और नेवादा में धर्मस्थलों पर बमबारी का प्रयास किया गया। कैलिफोर्निया में सभास्थलों पर गोलीबारी का प्रयास किया गया। हालात टेक्सास के शहर कोलीविले जैसी थी। उन्होंने कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से ट्री ऑफ लाइफ में अपराध स्थल पर जा चुके हैं। इसलिए यह एक बड़ी समस्या है।

# राज विस चुनाव : दलित विरोधी, महिला अत्याचार और सनातन विरोधी सरकार को राजस्थान से हटाना है : शेखावत

**जैसलमेर ( हिंस )।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी महंत प्रतापपुरी की नामांकन रैली में पोकरण पहुंच कर कांग्रेस सरकार के खिलाफ जोरदार हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार दलित विरोधी, सनातन विरोधी है। इस सरकार में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। इस कुराज की सरकार को राजस्थान से हटाकर ही दम लेना है। रैली को केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राष्ट्रीय सचिव विजया राहटकर सहित अनेक भाजपा नेताओं ने सम्बोधित किया। शेखावत ने कहा कि राजस्थान की पहचान महिलाओं के त्याग, मीरा की भक्ति और कर्माबाई के खीचड़ें से थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे बलात्कार की राजधानी बना दिया। सरकार की उदासीनता के चलते पिछले पांच साल में दो लाख महिलाओं से दुराचार की घटनाएं हुई हैं। हमें इन चुनावों में इस महिला अत्याचार का बदला लेना है। यह बदला तलवार से नहीं वोट से लेना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार दलित विरोधी है। इसने दलित समुदाय की जड़ें उखाड़ने का काम किया। पिछले दिनों जयपुर में मामूली सी रोडरेज की घटना में एक वर्ग विशेष के युवक के परिजनों को तुरंत 50 लाख रुपए दे दिए गए, जबकि दलित समुदाय के एक परिवार के दो बच्चों की मृत्यु हुई। उस परिवार के लोग सात दिन तक सड़क पर बैठे रहे, लेकिन उन्हें फूटी कौड़ी तक नहीं दी गई। आखिरकार समाज के लोग आगे आए और उस परिवार को एक करोड़ की मदद दी गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह चुनाव न केवल राजस्थान के लिए, बल्कि देश के लिए भी महत्वपूर्ण है। हमारे भारत पर अनेक ताकतों ने हमले किए। भारत की बौद्धिकता और वैभव से आकर्षित होकर सनातन पर हमला किया, लेकिन हमारे पूर्वजों ने उन्हें वापस कर दिया। कई आक्रांता आए और सनातन को मिटाने का संकल्प किया। यह सरकार भी सनातन विरोधी है और हम



सब जानते हैं कि जो सनातन पर प्रहार करेगा, वह इस राज्य में राज नहीं कर सकता। पोखरण में भगवा का अपमान हुआ। इसका बदला लेना है। यह संकल्प कर रहे हैं। नामांकन की सभा उस संकल्प की शुरुआत है। केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि मोदीजी ने हमें प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से घर बनवाकर दिए। जल जीवन मिशन के माध्यम से दस करोड़ कनेक्शन दिए। करोड़ों लोगों के घरों में बिजली पहुंचाई। महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए रसोई गैस का चूल्हा पहुंचाया। घरों में शौचालय बनाए। जिस राम मंदिर के निर्माण का पीढ़ियों से इंतजार हो रहा था। वह सपना भी जल्दी ही साकार होने वाला है। इसलिए यह समय वोट के माध्यम से मोदीजी का अभिनंदन करने और उन्हें धन्यवाद देने का है। शेखावत ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में भेदभाव करती है। जल जीवन मिशन में पाइप लाइन डालने के काम में भी राजनीतीकरण हो रहा है। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भेदभाव इसका बदला लेना है। अब इस भेदभाव का हिसाब बराबर करना है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह देश आगे बढ़ रहा है, लेकिन राजस्थान पिछड़ रहा है। अब इस कुराज की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेना है। यह काम पोकरण से होना चाहिए। आगामी 25 नवंबर को कमल का फूल खिलाना है। पिछली बार जो कुछ मतों की कमी रह गई थी, वो इस बार नहीं रहना चाहिए। नामांकन रैली में बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा। मुस्लिम समाज के हजारों कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। इसके बाद आयोजित सभा में महंत प्रतापपुरी ने स्वागत उद्बोधन दिया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और भाजपा की राष्ट्रीय सचिव विजया राहटकर भी केंद्रीय मंत्री शेखावत के साथ पोकरण आईं। महंत प्रतापपुरी ने अनेक वरिष्ठ भाजपा नेताओं की मौजूदगी में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इससे पहले, सुबह केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत दिल्ली से जैसलमेर पहुंचे। यहां जैसलमेर एयरपोर्ट पर शेखावत का स्वागत किया गया। जैसलमेर एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से पोकरण पहुंचे। परमाणु शक्ति की प्रतीक पोकरण नगरी में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। नामांकन रैली के बाद केंद्रीय मंत्री शेखावत, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पोकरण से जैसलमेर एयरपोर्ट पहुंचकर दिल्ली के लिए प्रस्थान किया।

# आतंकवादी हमलों की ताजा घटनाओं के मद्देनजर पूरे कश्मीर में सुरक्षा बढ़ी

**श्रीनगर ( हिंस )।** आतंकवादी हमलों की ताजा घटनाओं के मद्देनजर पूरे कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पिछले कुछ दिनों में हुए आतंकी हमलों में एक पुलिस कर्मी और एक गैर-स्थानीय मजदूर की मौत हो गई, जबकि एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने शहर के कई हिस्सों के साथ-साथ घाटी के अन्य हिस्सों में वाहनों और पैदल चलने वालों की जांच तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि शहर के सभी प्रमुख चौराहों, इसके प्रवेश और निकास बिंदुओं, जिला मुख्यालयों की ओर जाने वाली महत्वपूर्ण सड़कों पर नाका और मोबाइल वाहन चौकियां (एमवीसीपी) स्थापित की गई हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के जवानों को संवेदनशील स्थानों खासकर अल्पसंख्यक आबादी वाले इलाकों के आसपास तैनात किया गया है। सुरक्षा बल उन क्षेत्रों पर भी नजर रख रहे हैं जहां गैर-स्थानीय लोग रहते हैं। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम के कारण अधिकांश गैर-स्थानीय मजदूर घाटी छोड़ चुके हैं, लेकिन कुछ अभी भी यहूदी बस्तियों में रह रहे हैं। कश्मीर घाटी में आतंकवादी हमलों का ताजा दौर देखने को मिला है। बारामूला जिले में मंगलवार को आतंकवादियों ने सात बच्चों के पिता एक पुलिसकर्मी की उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी। इससे पहले रविवार को श्रीनगर में आतंकवादियों की गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि सोमवार को पुलवामा जिले में उत्तर प्रदेश के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

# मुख्यमंत्री ने अंत्योदय परिवारों को दी बड़ी सौगात

## सरकारी कर्मचारियों को मिलेगी कैशलैस उपचार सुविधा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंत्योदय परिवारों को बड़ी सौगात देते हुए 1.80 लाख रुपए से तीन लाख रुपए तक की वार्षिक आय वर्ग के परिवारों को आयुष्मान व चिरायु योजना का लाभ देने की शुरुआत की है। बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने 1.80 लाख रुपए से तीन लाख रुपए तक की वार्षिक आय वर्ग के परिवारों के सदस्यों को सैद्धांतिक रूप से कार्ड वितरित कर इस योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल भी मौजूद रहे। इस योजना के तहत अभी तक 38 हजार परिवारों ने आवेदन किया था। बुधवार से इन सभी परिवारों को आयुष्मान व चिरायु योजना का लाभ मिलना शुरू हो गया। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कर्मचारी व पेंशन भोगियों को भी मनोहर तोहफा देते हुए कैशलैस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में मत्स्य व बागवानी विभाग के 894 कर्मचारियों को इसमें शामिल किया गया है। पहले चरण में बीमारियों के 1055 पैकेज व हरियाणा के 305 अस्पतालों को सम्मिलित किया गया है। आगामी समय में अन्य विभागों में भी इस कैशलैस सुविधा को लागू कर दिया जाएगा, जिससे प्रदेश के सभी कर्मचारियों को लाभ होगा। इसके अलावा, प्रदेश के मान्यता प्राप्त पत्रकार भी कैशलैस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इस सुविधा के पूरी तरह लागू होने पर हरियाणा के करीब 3.5 लाख नियमित कर्मचारी, तीन लाख पेंशनभोगी और उनके 20 लाख आश्रित सूचीबद्ध अस्पतालों में नकद रहित (कैशलेस) उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में कुल 1340 बीमारियों को कवर किया गया है। प्रदेश में सूचीबद्ध 569 अस्पतालों में इस कैशलैस सुविधा का लाभ उठाया जा सकेगा व भविष्य में देशभर के अस्पताल इस योजना से जोड़े जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्त आयुक्त, राजस्व टीवीएसएन प्रसाद, पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी अनुपमा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एसवाईएल नहीं वाईएसएल का किया जाए निर्माण : भगवंत मान

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र व हरियाणा सरकार को एसवाईएल की बजाए वाईएसएल का निर्माण करने की सलाह दी है। मुख्यमंत्री मान बुधवार को लुधियाना में आयोजित *मैं पंजाब बोलदा* कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश सरकार ने पंजाब दिवस पर इस बहस कार्यक्रम को आयोजित किया था। इसमें प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर खुली बहस के लिए विपक्षी राजनीतिक दलों को भी आने का निमंत्रण दिया गया था। मुख्य मंच पर मुख्यमंत्री के अलावा भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़, अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल, कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग तथा नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा की कुर्सियां लगाई गई थीं, लेकिन विपक्ष का कोई भी नेता इस बहस में शामिल होने के लिए नहीं पहुंचा। इस दौरान पीएयू के बाहर कई संगठनों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एसवाईएल, ट्रांसपोर्ट, पंजाब पर कर्जा, रोजगार व इंडस्ट्री निवेश पांच मुद्दों पर विपक्षी दलों को घेरा। इसके बाद आप की भविष्य की योजनाएं बताई। बहस का समय दस बजे से 12 बजे तक रखा गया था। समय पूरा होने के बाद




मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एसवाईएल के मुद्दे के पर विपक्ष को घेरा, जिसमें अभी तक के एसवाईएल को लेकर लिए गए फैसलों की बात की गई है। वहीं, पंजाब मुद्दों पर एक बुकलेट भी छपवाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तक आप सरकार एसवाईएल के मुद्दे पर तीन बार सुप्रीम कोर्ट गई है। उन्होंने एक बार भी कोई हलफनामा दाखिल नहीं किया, बल्कि उर्जा मंत्री शेखावत से मिलने पहुंचे थे और एसवाईएल का पानी देने से मना किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री शेखावत को सुझाव दिया कि इस सतलुज यमुना नहर को यमुना सतलुज नहर (वाईएसएल) बना दिया जाए। सतलुज में अब पानी नहीं बचा। यमुना में अभी भी पानी है और उस पानी को हरियाणा और पंजाब को दिया जाए। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि पहली सरकारों ने नौकरियां निकाल नियुक्ति पत्र दिए। फिर चुनाव हुए और सरकारें बदल गई। नियुक्ति पत्र लेकर भी नौकरियां नहीं ले सके। अब आप सरकार नौकरियां दे रही हैं। मान ने कहा कि सिर्फ 18 महीने में हम 56 हजार 796 करोड़ का निवेश लेकर आए,जबकि बीते पांच सालों में ये 1.17 लाख और उससे पहले 2013 से 2017 तक 32 हजार 995 करोड़ रुपए था। मान ने कहा कि पंजाब के खजाने पर कर्जे का बोझ वर्ष 2012 में पड़ना शुरू हो गया था। वर्ष 2012 में 83099 करोड़ का कर्जा था, जो अब 3.14 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। कई पुरानी अदायगियां छोड़ी गईं, जिसे अब धीरे-धीरे वापस किया जा रहा है। मान ने दूसरा मुद्दा ट्रांसपोर्ट का उठाया। मान ने अकाली दल की कुर्सी की तरफ इशारा करते हुए बताया कि इन्होंने गलत तरीकों से अपने रूट लिए। 31-31 किमी का रूट बढ़ाते बढ़ाते दूर-दूर तक पहुंच गए। दिल्ली एयरपोर्ट से प्राइवेट बसें चलती थीं। 3500 रुपए किराया लिया जाता था। आप सरकार ने बसें चलाई और 1100 रुपए में दिल्ली एयरपोर्ट से बसें चलाई।

## दीयाकुमारी ने रैली निकाल किया शक्ति प्रदर्शन

# नामांकन भरने से पहले अपराध को लेकर गहलोत सरकार को कोसा

**जयपुर ( हिंस )।** विधानसभा चुनाव के नामांकन के तीसरे दिन जयपुर कलेक्ट्रेट में गहमा-गहमी का माहौल रहा। कुछ रिटर्निंग अधिकारियों के चैंबर में नामांकन भरने वालों की भीड़ रही, तो वहीं कुछ सीटों पर तीन दिन बाद भी खाता नहीं खुला। विद्याधर नगर से बुधवार को भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी दीया कुमारी ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के लिए दीया कुमारी ने सीकर रोड स्थित चुनाव कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। उनके काफिले में सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। दीया कुमारी के नामांकन पत्र भरने के दौरान भाजपा सांसद रामचरण बोहरा और मालवीय नगर से विधायक कालीचरण सराफ भी साथ रहे। नामांकन रैली निकालने से पहले दीया कुमारी ने अपने चुनाव कार्यालय पर



कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की मौजूदा कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए प्रदेश में राम राज्य की स्थापना करने की जरूरत बताई। दीया कुमारी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं पहले सवाई माधोपुर से विधायक रहीं, फिर राजसमंद से सांसद बनीं। दस साल से राजनीति में हूं और मुझे लगता है कि मैंने अग्नि परीक्षा भी दी है। पार्टी ने मुझे भरतपुर, उदयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग की जनता की सेवा करने के बाद अब जयपुर की जनता की सेवा करने का मौका दिया है। मैं जयपुर की ही बेटी हूं और राजस्थान में अब डबल इंजन की सरकार बनाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में जिस तरह का क्राइम रेट बढ़ा है, महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे है, अब जरूरत है कि हमें राजस्थान में राम राज्य की स्थापना करनी होगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने अपनी पहली लिस्ट में विद्याधर नगर सीट से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी का टिकट काटकर दिया कुमारी को प्रत्याशी बनाया था। इसके बाद राजवी और उनके समर्थकों ने विरोध जताया था। भाजपा ने दूसरी सूची में राजवी को चित्तौड़गढ़ से टिकट दिया तो विद्याधर नगर सीट पर विवाद खत्म हो गया। नामांकन भरने के बाद दीया कुमारी ने कहा कि मैंने सवाई माधोपुर और राजसमंद में जैसा काम किया, वैसा ही काम जयपुर में करेंगे। हमारा पूरा फोकस डेवलपमेंट के साथ ही रोजगार पर रहेगा। महिलाओं को कैसे आत्मनिर्भर बना सकते हैं, इस पर काम किया जाएगा। अभी राजस्थान महिला अत्याचार में नंबर वन है। हमारी सरकार आएगी तो इस पर फोकस रहेगा। विद्याधर नगर में हेल्थ सर्विस कैसे बड़े इसे ध्यान में रखते हुए सैटेलाइट हॉस्पिटल की जरूरत को पूरा किया जाएगा। गर्ल्स के लिए कॉलेज बनाने और यहां की जनता को बेसिक फैसिलिटी मिल सके, इस पर काम करेंगे। जिस दिन में जीतकर विधायक बनूंगी, उसी दिन से मैं अपने क्षेत्र में इन सभी मुद्दों पर काम करना शुरू कर दूंगी।

## पंजाब में महाबहस से कुछ घंटे पहले राज्यपाल ने दो बिलों को मंजूरी दी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के मुद्दों पर आज आहूत मान सरकार की महाबहस से कुछ घंटे पहले राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने दो बिलों को मंजूरी प्रदान कर दी है। मान सरकार ने राज्यपाल के पास तीन बिल भेजे थे। इन बिलों को मंजूरी नहीं दिए जाने के कारण पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट का रुख कर चुकी है। इस केस की सुनवाई तीन नवंबर को होगी। इससे पहले ही राज्यपाल ने दो बिलों को मंजूरी प्रदान कर दी है। राज्यपाल ने पंजाब गुड्स एंड सर्विसिज टैक्स (संशोधन) बिल 2023 और इंडियन स्टैंप (पंजाब संशोधन) बिल 2023 को मंजूरी प्रदान की है। पहला बिल ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी लगाने तथा जीएसटी अपील ट्रिब्यूनल स्थापित करने का रास्ता साफ करेगा।

# आआपा विधायक के ठिकानों पर 13 घंटे तक चली ईडी की कार्रवाई

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मोहाली से आम आदमी पार्टी के विधायक एवं रियल एस्टेट कारोबारी कुलवंत सिंह के ठिकानों पर 13 घंटे से अधिक दस्तावेज खंगाले। ईडी की टीम ने कुलवंत सिंह के कारोबार से संबंधित कई दस्तावेजों को अपने कब्जे में लिया है। ईडी की टीमों ने मंगलवार की सुबह कुलवंत सिंह के मोहाली, अमृतसर समेत कई ठिकानों पर रेड की थी। कुलवंत सिंह प्रसिद्ध रियल एस्टेट कंपनी जेएलपीएल के एमडी भी हैं। मंगलवार को दिनभर ईडी की सर्च चलती रही। शाम करीब पांच बजे कुलवंत सिंह भी मोहाली पहुंचे। इसके बाद करीब चार घंटे तक ईडी ने कुलवंत सिंह तथा उनकी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पूछताछ करके बयान दर्ज किए। ईडी ने इस कार्रवाई के दौरान अमृतसर से 75 लाख रुपए जब्त किए हैं, जबकि मोहाली स्थित उनके घर और दफ्तर से उनकी कई प्रॉपर्टियों के कागजात अपने कब्जे में लिए गए हैं। ईडी की कार्रवाई देर रात पूरी हुई। बुधवार को आआपा विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि ईडी के अधिकारियों की तरफ से पूछे गए सारे सवालों के जवाब दिए गए हैं। उन्होंने जो संपत्ति के दस्तावेज लिए हैं, वह सभी विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग को दिए गए एफिडेविट में भी दर्ज है। कुलवंत सिंह ने कहा कि उन्होंने ईडी के अधिकारियों से रेड के संबंध में बात की थी। उन्होंने दावा किया यह रूटीन जांच है। कुलवंत सिंह ने कहा कि वह ईडी को पूरी तरह से सहयोग करेंगे। अगर उन्हें बुलाया जाएगा तो वह जांच में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

# राजस्थान में बनेगी भाजपा की सरकार, तिजारा से हुआ शंखनाद : आदित्यनाथ

**अलवर ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और तिजारा से इसका शंखनाद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री अलवर के सांसद और तिजारा से भाजपा प्रत्याशी बाबा बालकनाथ के नामांकन के लिए तिजारा आए थे। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि राजस्थान में हिंदू विरोधी कांग्रेस की सरकार है। राजस्थान में गोमाता को नुकसान हुआ है। अपराध, गोकशी, बलात्कार के बढ़ते मामलों से राजस्थान फेमस हो गया है। हम उत्तर प्रदेश में अपराध मिटा सकते हैं तो राजस्थान में क्यों नहीं मिटाया जा सकता। योगी ने कहा कि राजस्थान में अराजकता नहीं बल्कि रामराज्य लाएंगे। भाजपा की सरकार बनी तो उत्तर प्रदेश की तरह अपराधियों में यहां भी खौफ होगा। आदित्यनाथ ने कहा कि बालकनाथ का अपना कोई परिवार नहीं है। बालकनाथ ने तिजारा को ही अपना परिवार माना है। उनका एक ही मकसद है कि कोई भी इंसान परेशान नहीं हो, इसलिए बालकनाथ तिजारा आए हैं। उन्होंने इस दौरान मोदी सरकार की जमकर तारीफ की। उन्होंने मोदी सरकार की योजनाओं को भी गिनाया। योगी ने मोदी को संत के रूप में काम करने वाला प्रधानमंत्री बताया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आतंकियों द्वारा मारे गए कन्हैया के परिवार को पांच लाख का सहयोग भी बड़ी मुश्किल से मिलता है जबकि गोतस्करों को सरकार 50 लाख की सहायता दे देती है। जयपुर में बाइक भिड़ंत में 50 लाख का मुआवजा दिया, आखिर यह भेदभाव क्यों है। आदित्यनाथ के स्वागत के लिए सभास्थल के बाहर रोड पर करीब दो दर्जन बुलडोजर खड़े रहे। बुलडोजर से कार्यकर्ताओं ने योगी का फूलों से स्वागत किया। आतिशबाजी भी की गई। महंत बालकनाथ ने कहा कि अलवर की भूमि सौभाग्यशाली है। यहां से राजस्थान की जीत का शंखनाद आज से हो गया है। पहले प्रत्याशी के रूप में वह नामांकन दाखिल कर रहे हैं। पहली तारीख है और योगी आदित्यनाथ का आगमन हुआ है, इससे सुखद अवसर कहां हो सकता है। राजस्थान में भाजपा का झंडा लहराएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर पार्टी में भजनलाल सैनी, श्योनारायण, हितेश यादव, भारत सैनी, नवीन यादव, अशोक यादव, निरंजन सैन, सतपाल प्रजापत, फूलसिंह सैनी आदि को पार्टी में शामिल किया। इस दौरान बाबा बालकनाथ, पूर्व सभापति संदीप दायमा, अलवर प्रभारी लक्ष्मीकांत, भाजपा नेता रामकिशन मेघवाल, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, जिलाध्यक्ष उम्मेद भाया, फूलनाथ महाराज सहित बड़ी संख्या में साधु-संत मौजूद रहे।

## छात्राओं से अश्लील हरकत मामले में जिला शिक्षा अधिकारी व डीएसपी तलब

**जींद ( हिंस )।** उचाना के सरकारी स्कूल में छात्राओं से स्कूल प्रचार्या द्वारा अश्लीलल हरकत करने के मामले में राज्य महिला आयोग ने जिला शिक्षा अधिकारी, डीएसपी को दो नवंबर को पंचकूला में तलब किया है। जिसमे पीड़ित छात्राओ को बुलाया गया है। हांलाकि पुलिस ने छात्राओ की शिकायत पर स्कूल प्रचार्या के खिलाफ अश्लील हरकत करने, बंधक बनाने तथा दस पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खापों के सहयोग से युवा नेत्री सोनिया दुहन लड़ेगी संस्कृति बचाने की लड़ाई

**हिसार ( हिंस )।** प्रदेश की संस्कृति बचाने के लिए देशभर की खापों ने संघर्ष का ऐलान कर दिया है। इसके तहत नारनौंद की दादा देवराज धर्मशाला में महापंचायत का आयोजन किया गया। बुधवार को हुई इस महापंचायत की अध्यक्षता सतरोल खाप के प्रधान दलबीर सिंह ने की। महापंचायत में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि एक गोत्र, एक गांव व गांव की सीमा के लगते गांव में शादी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए युवा नेत्री सोनिया दुहन प्रदेश की सभी पंचायतों के सरपंचों से मैरिज एक्ट में कानूनी बदलाव के लिए प्रस्ताव पास करवाएंगी और पैदल यात्रा करके प्रदेश के मुख्यमंत्री को चंडीगढ़ में प्रस्ताव सौंपेगी। युवा नेत्री सोनिया दुहन ने बताया कि आज हमारे प्रदेश की संस्कृति





बदलती जा रही है। एक गांव या एक गोत्र में शादी की जा रही है, जिससे हमारे रिश्ते नातों में भी बदलाव हो रहा है। सरकार ने खापों को ऑनर किलिंग का आरोप लगाकर बदनाम करने का काम किया ताकि वह हमारी नस्ल को बर्बाद कर सके, लेकिन प्रदेश की जनता जागरुक हो चुकी है। सतरोल खाप के प्रधान दलबीर सिंह ने बताया कि प्रदेश की संस्कृति को बचाने के लिए इस लड़ाई की शुरुआत हमारी खाप की बेटी ने शुरू की है और हम उनके साथ हैं। खापों के बीच में सभी के समर्थन से यह भी फैसला लिया गया कि एक गांव, एक गोत्र व पड़ोसी गांव में शादी नहीं की जाएगी। खापें समाज को जोड़कर देश को आगे बढ़ने का काम करती हैं। ऑनर किलिंग के नाम पर खापों को साजिश के तहत बदनाम किया गया। महम चौबीसी के प्रतिनिधि रामपाल राठी ने बताया कि सरकार कानून में बदलाव करके यह कानून बनाए की एक गांव, एक गोत्र में शादी ना करें क्योंकि अब जो कानून है उसमें कोई कहीं भी शादी कर सकता है।

# किसान संगठित होकर लड़े अपने हकों की लड़ाई : राकेश टिकैत

**फरीदाबाद ( हिंस )।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने कहा है कि हरियाणा का तेजी से शहरीकरण हुआ है, किसानों की जमीनें सरकार अधिग्रहण कर रही है, लेकिन किसान चाहे कुछ भी कारोबार कर ले, जो जमीन चली गई तो वह उस जमीन को दोबारा नही खरीद सकता, इसलिए जब तक जमीन बची है, उसे बचाकर रखो। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विश्व में संघर्ष होंगे, पॉलिटिकल पार्टियां खत्म हो जाएगी, केवल खाप पंचायत और गांव बचेंगे और उन्हें ही लड़ाई लड़नी पड़ेगी। टिकैत ने कहा कि सरकार की मंशा है कि खाप पंचायतों को तोड़ा जाए, सरकार ऐसा एजेंडा ला रही है कि खाप पंचायतें एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी करे और



सरकारी खाप पंचायतें रहे इसलिए हम सभी को एकजुटता से कार्य करना है। राकेश टिकैत बुधवार को हरियाणा सरकार में पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया के सेक्टर-3 स्थित कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया के संयोजन में 52 पाल व अन्य गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। राकेश टिकैत ने कहा कि किसान को संगठित होकर अपने हकों की लडाई लडनी होगी क्योंकि जब दिल्ली में किसान आंदोलन चल रहा था, तभी पूरे देश का किसान संगठित था और संगठन की ताकत के आगे सरकार को झुकना पड़ा और तीनों काले कानून वापिस लेने पड़े। उन्होंने कहा कि यहां के लोग शांत स्वभाव के है, यहां 20-25 साल पहले भी धरने प्रदर्शन होते रहे है और बिलौचिए लीडर किसी भी पार्टी के रहे, उन्होंने समझौते के आधार पर धरने उठाने का काम किया है। कंपनी सरकार अपना काम करती रही और बिलौचिए अपना काम। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया ने कहा कि पूरी 52 पाल, डीग बराहे सहित अन्य गणमान्य लोग इस आंदोलन में राकेश टिकैत जी के साथ खड़ेहै और जो भी आगे की रूपरेखा होगी, उसी के अनुरूप कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ग्रीन एक्सप्रेसवे पर मोहना पर कट दिए जाने की मांग को लेकर किसान कई दिनों से प्रदर्शन व धरने पर बैठे हुए है। इन्हीं किसानों से मिलने के लिए राकेश टिकैत यहां पहुंचे थे। इस अवसर पर तेवतिया पाल के प्रधान चौधरी विजेंद्र सिंह तेवतिया ,सुरेंद्र तेवतिया चेयरमैन, चौधरी रणजीत सिंह बारहों के प्रतिनिधि, राजवीर सिंह तेवतिया, कृष्ण पाल तेवतिया, जगदीश चौधरी, राजगीर गहलोत, ओम प्रकाश धनखड़, हरबीर चौधरी, महेन्द्र तेवतिया ,अनिल नाहरसिंह, वीरेंद्र पाल सिंह आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।




# अक्तूबर में यूपीआई के जरिए 1141 करोड़ लेनदेन किए गए, लगातार तीसरे महीने एक हजार करोड़ के पार आंकड़ा

**नई दिल्ली ।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने अक्टूबर में 17.16 लाख करोड़ रुपये के 1141 करोड़ लेनदेन को प्रोसेस किया। इसके साथ ही लगातार तीसरे महीने यूपीआई के जरिए 1,000 करोड़ से अधिक लेनदेन किए गए। सितंबर में यूपीआई से 15.8 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 1,056 करोड़ लेनदेन किए गए थे। वहीं अगस्त में 15.76 लाख रुपये मूल्य के 1058 करोड़ लेन-देन यूपीआई के जरिए किए गए थे। जुलाई महीने में यूपीआई प्लेटफॉर्म पर 996 करोड़ लेन-देन दर्ज किए गए थे। वित्त वर्ष 2023 में यूपीआई प्लेटफॉर्म ने कुल 139 लाख करोड़ रुपये के कुल 8,376 करोड़ लेनदेन को प्रोसेस किया था। उससे एक साल पहले यानी वित्तीय वर्ष 2022 में 84 लाख करोड़ रुपये के 4,597 करोड़ लेनदेन प्रोसेस किए गए थे। एनपीसीआई अगले दो से तीन साल में एक महीने में करीब तीन हजार करोड़ लेनदेन या एक दिन में एक सौ करोड़ लेनदेन का लक्ष्य लेकर चल रहा है। पीडब्ल्यूसी इंडिया की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2027 तक यूपीआई लेनदेन प्रति दिन 100 करोड़ लेनदेन को पार करने की उम्मीद है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि यूपीआई खुदरा डिजिटल भुगतान परिदृश्य पर हावी रहेगा और अगले पांच वर्षों में कुल लेनदेन की मात्रा का 90 प्रतिशत इसी के जरिए होगा।

## फिल्मों के प्रसिद्ध स्थानों पर घूमना है 94 प्रतिशत भारतीयों की पसंद, 2024 में इन शहरों में घूमने की है चाहत

**नई दिल्ली ।** भारतीय अब बॉलीवुड की फिल्मों और टीवी में दिखाए जा रहे कार्यक्रमों के आधार पर घूमने का स्थान चुन रहे हैं। 2024 में 94 प्रतिशत भारतीय इन्हीं स्थानों पर जाना चाह रहे हैं। स्काईस्कैनर के सर्वे के मुताबिक, इनमें शिमला से लेकर पेरिस तक पसंदीदा स्थान हैं। स्काईस्कैनर ने 1,000 भारतीयों पर यह सर्वे किया है। इसके मुताबिक, 2024 में भारतीयों को यात्रा करने के लिए प्रेरित करने वाले शीर्ष शहरों मे हिमाचल प्रदेश का मनाली है, जहां ये जवानी है दीवानी फिल्म से लोग प्रभावित हैं। इसके बाद लद्दाख है, जहां 47 फीसदी लोग जाना चाहते हैं। इसे 3 इडियट्स में दिखाया गया है। स्थान यूनाइटेड किंगडम के लंदन में 43 प्रतिशत भारतीय जाना चाहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार,पेरिस 42 प्रतिशत भारतीयों का आकर्षण का केंद्र है। इस शहर को एमिली इन पेरिस में दिखाया गया है। पिछले साल दिसंबर में नेटफ्लिक्स सिटकॉम के सीजन 3 के लॉन्च के बाद जनवरी में पेरिस के सर्च में 23 फीसदी का इजाफा हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम की बेटी के वित्तीय लेन-देन से जुड़े मामले में न्याय मित्र नियुक्त ये है पूरा मामला




**नई दिल्ली ।** केरल उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी और उनकी कंपनी के एक निजी कंपनी कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड के साथ हुए वित्तीय लेन-देन की सतर्कता जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान मदद के लिए बुधवार को न्यायमित्र नियुक्त किया। मामले से जुड़े एक वरिष्ठ सरकारी वकील ने बताया कि न्यायमूर्ति के बाबू ने अधिवक्ता अखिल मोहन को न्याय मित्र नियुक्त किया और मामले को दो नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। मामले में याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील बीए अलूर ने भी घटनाक्रम की पुष्टि की। सामाजिक कार्यकर्ता गिरीश बाबू ने इस याचिका में सतर्कता अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें मुख्यमंत्री की बेटी और उनकी कंपनी के कोच्चि स्थित कंपनी के साथ वित्तीय लेन-देन की जांच करने से इनकार कर दिया गया था। केरल में हाल ही में कोच्चि स्थित निजी खनिज कंपनी और वीना और उनकी आईटी फर्म के बीच कुछ वित्तीय लेनदेन को लेकर विवाद पैदा हो गया था। ऐसे सबूत भी सामने आए हैं जिनसे पता चलता है कि कंपनी का सत्तारूढ़ माकपा और विपक्षी कांग्रेस नीत यूडीएफ दोनों के शीर्ष नेताओं के साथ लेन-देन था। यह मुद्दा तब सामने आया जब एक मलयालम दैनिक ने बताया कि कोचीन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड ने 2017 और 2020 के बीच सीएम की बेटी को कुल 1.72 करोड़ रुपये का भुगतान किया। अंतरिम निपटान बोर्ड के एक फैसले का हवाला देते हुए खबर में कहा गया है कि कोच्चि स्थित कंपनी का पहले वीना की आईटी कंपनी के साथ परामर्श और सॉफ्टवेयर समर्थन सेवाओं के लिए समझौता था। आयकर विभाग के समक्ष खनिज कंपनी के अधिकारियों के बयान का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तथ्य के बावजूद कि उनकी फर्म द्वारा कोई सेवा प्रदान नहीं की गई थी, राशि का भुगतान मासिक आधार पर किया गया था ऐसा एक प्रमुख व्यक्ति के साथ उनके संबंधों के कारण किया गया। हालांकि, विजयन ने आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि आरोप उनकी छवि खराब करने और उन्हें बदनाम करने के लिए लगाए गए हैं। राजनीतिक नेताओं और शीर्ष नौकरशाहों के खिलाफ अदालतों में भ्रष्टाचार के कई हाई प्रोफाइल मामले लड़ चुके बाबू का इस साल सितंबर में यहां कलामस्सेरी स्थित उनके आवास पर निधन हो गया था।

### हफ्ते में 70 घंटे काम पर एडोबी के सीईओ ने भी दी राय, शांतनु नारायण ने अपनी प्रतिक्रिया में कही ये बात

**नई दिल्ली ।** नारायण मूर्ति के युवाओं को 70 घंटे काम करने करने का सुझाव देने के एक सप्ताह बाद एक और तकनीकी दिग्गज एडोबी के सीईओ शांतनु नारायण ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एडोबी के अध्यक्ष और सीईओ ने उस्मानिया विश्वविद्यालय में छात्रों के एक समूह को संबोधित करते हुए युवाओं से अपील की कि वे वैसा ही करें जो उनके लिए बेहतर हो। इन्फोसिस के पूर्व सीएफओ टीवी मोहनदास पई द्वारा आयोजित पॉडकास्ट में मूर्ति ने कहा था कि अगर देश के युवा हफ्ते में 70 घंटे की शिफ्ट में काम करें तो भारत आगे बढ़ सकता है और प्रगति कर सकता है, जैसा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी और जापान में हुआ था। शांतनु नारायण ने कहा, मैं कड़ी मेहनत करता हूं क्योंकि मैं जो करता हूं उससे प्यार करता हूं और चीजों को पूरा करना चाहता हूं। मेरे करियर में कई बार ऐसा समय आता है जब मैं कुछ करना चाहता हूं ऐसे में आप पागलों की तरह काम करते हैं। साथ ही, एडोब में ऐसे लोग हैं जो मेरे साथ काम करते हैं और वे समय निकालना चाहते हैं और मैं उनका समर्थन करता हूं। उस्मानिया दीक्षांत समारोह में डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त करने वाले पद्मश्री पुरस्कार विजेता ने इस बात पर भी जोर दिया कि पेशेवरों को वह करना चाहिए जो वे चाहते हैं। अगर आप जो करते हैं उसे पसंद नहीं करते हैं तो आप केवल खुद को दोषी मानते हैं। हैदराबाद में जन्मे कॉरपोरेट लीडर ने विश्वविद्यालय में अपने समय को याद करते हुए कहा कि वह बहुत अच्दे छात्र नहीं थे और इंजीनियरिंग के अपने अंतिम वर्ष में गंभीर हो गए थे। प्रतिस्पर्धा के बढ़ते दौर में नारायण ने छात्रों से कहा कि वे दीर्घकालिक नजरिए को ध्यान में रखें और स्वीकार करें कि वे हर चीज में शीर्ष पर नहीं रहेंगे। उन्होंने इसके लिए विराट कोहली का उदाहरण देते हुए कहा कि वे भी कभी-कभी डक पर आउट हो जाते हैं पर ये मायने नहीं रखता। बता दें कि मौजूदा आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ विराट कोहली शून्य पर आउट हो गए थे। इससे पहले आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने 70 घंटे काम के मसले पर नारायणमूर्ति के विचारों से असहमति जताई थी।



त्योहारों में बिगड़ा बजट

# चीनी, दाल और प्याज की कीमतें उच्च स्तर पर, निकट अवधि में राहत की उम्मीद नहीं

**नई दिल्ली ।**

त्योहारी मौसम में रसोई का बजट बिगड़ता नजर आ रहा है। मुख्य रूप से रोजाना उपयोग में आने वाली वस्तुओं चीनी, दाल और प्याज की कीमतों में 80 फीसदी तक की बढ़त आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी के दाम बढ़कर 12 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं।वहीं, खुदरा बाजार में प्याज भी 80 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव तक बिक रहा है।अरहर दाल की कीमत भी 152 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है।

दरअसल, आपूर्ति में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से वैश्विक बाजारों में चीनी के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसका असर घरेलू बाजार में भी चीनी की कीमतों पर दिख रहा है। उपोभक्ता मामलों के मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, घरेलू बाजार में चीनी 45 रुपये प्रति किलो बिक रही है। हालांकि, कीमतों को नियंत्रित करने के लिएसरकार ने चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है।

### अरहर दाल : एक साल में 40 फीसदी बढ़कर 152 रुपये किलो

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, अरहर दाल एक साल में 40 फीसदी तक महंगी हो चुकी है। 31 अक्तूबर, 2022 को अरहर दाल की कीमत 110.56 रुपये किलो थी। 31 अक्तूबर, 2023 यानी सोमवार को यह बढ़कर 152 रुपये के पार पहुंच गई। इसी तरह, उड़द दाल का भाव 107 रुपये से बढ़कर 120 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर पहुंच गया।मूंग दाल 101 रुपये से बढ़कर 115 रुपये किलो के पार पहुंच गया। चना दाल की कीमत भी 71 रुपये किलो से बढ़कर 83 रुपये प्रति किलोग्राम के करीब पहुंच गई है।

### प्याज : 90 फीसदी तक बढ़ गए दाम, अब 80 रुपये प्रति किलो

मंत्रालय के अनुसार, प्याज के दाम पिछले साल इसी समय 28 रुपये किलो थे। अब यह 50 रुपये किलो से ज्यादा हो गया है। हालांकि, खुदरा बाजार में प्याज की कीमतें 80 रुपये के करीब पहुंच गई हैं। थोक बाजारों में



यह 60-70 रुपये किलो बिक रही हैं। हालांकि, सरकार रियायती दाम पर ज्यादा प्याज बेच रही है, बावजूद इसके दाम में कोई असर नहीं दिखा है।

### निकट अवधि में राहत की उम्मीद नहीं...

विश्लेषकों का कहना है कि ये तीनों उत्पाद रसोई के ऐसे सामान हैं, जिनकी हर दिन मांग होती है। ऐसे में निकट समय में इनकी कीमतों में कमी आने के आसार बहुत कम हैं।

### जारी रह सकता है निर्यात प्रतिबंध

अक्तूबर, 2022 से सितंबर, 2023 के बीच चीनी उत्पादन 3.36 करोड़ टन रहा है। इस दौरान निर्यात में 74 लाख टन की वृद्धि रही। इससे दाम बढ़े हैं।उम्मीद है कि सरकार घरेलू मांग को पूरा करने और चीनी की कीमतों को थामने के लिए निर्यात प्रतिबंध जारी रख सकती है।

## आईटी कंपनी ने अपने कर्मचारियों को महीने में 10 दिन दफ्तर से काम करने को कहा, रिपोर्ट्स में दावा

**नई दिल्ली ।** भारतीय आईटी सेवा कंपनी इंफोसिस ने घर से काम कर रहे अपने कुछ कर्मचारियों को महीने में 10 दिन ऑफिस आकर काम करने को कहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस बारे में मध्य-स्तर की भूमिकाओं वाले कर्मचारियों को ईमेल भेजा गया गया है। बैंड 5 और 6 स्तरों (जिसमें मध्य-स्तर के प्रबंधक, परियोजना प्रमुख और प्रवेश स्तर के कर्मचारी शामिल हैं) के कर्मचारियों को भेजे गए एक ईमेल में उन्हें महीने में 10 दिन कार्यालय में रहने के लिए कहा गया है। इंफोसिस के एक कर्मचारी ने मीडिया से बातचीत में यह




दावा किया है। इन्फोसिस के सीईओ सलिल पारेख ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के कंपनी के नतीजे जारी करने के दौरान कहा था कि आईटी कंपनी की रिमोट वर्क को लेकर लचीली नीति है। इंफोसिस इकलौती आईटी कंपनी नहीं है जिसने अपने कर्मचारियों को ऑफिस से काम करने के लिए कहा है। हाल ही में इसकी प्रतिस्पर्धी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने भी कुछ टीमों को पूरे समय ऑफिस से काम करने के लिए कहा है। टीसीएस के सीईओ के. क्रिथिवासन ने पिछले अर्निंग कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, हमारा मानना है कि कार्यालय से काम करना सहयोगियों, ग्राहकों और टीसीएस के लिए अच्छा है।

## अक्तूबर में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि आठ महीने के निचले स्तर पर, पीएमआई 55.5 पर पहुंचा



**नई दिल्ली ।**

**भारत में विनिर्माण गतिविधियां अक्तूबर महीने में आठ महीने के निचले स्तर पर रहीं। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण के अनुसार नए ऑर्डर में नरमी से उत्पादन वृद्धि में कमी दर्ज की गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अक्टूबर में गिरकर 55.5 पर आ गया, जो सितंबर में 57.5 था। अक्तूब में यह आठ महीने के निचले स्तर पर रहा।**

अक्तूबर महीने के पीएमआई आंकड़ों में हालांकि लगातार 28वें महीने समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार के संकेत मिले हैं। पीएमआई की भाषा में सूचकांक का 50 से ऊपर होने का मतलब विस्तार है जबकि इसका 50 से नीचे होना संकुचन को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र एसोसिएट निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, '' नया ऑर्डर सूचकांक एक साल के निचले स्तर पर फिसल गया। कुछ कंपनियों ने अपने उत्पादों की मौजूदा मांग को लेकर चिंता जाहिर की है।'' सर्वेक्षण के अनुसार कुल नए ऑर्डर, उत्पादन, निर्यात, खरीदारी के स्तर तथा खरीद में धीमी ही सही, पर्याप्त बढ़ोतरी हुई। नियुक्ति गतिविधि फीकी पड़ गई और कारोबारी विश्वास पांच महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई। सर्वेक्षण के अनुसार, '' अक्टूबर के आंकड़ों ने सितंबर के बाद से वृद्धि में गिरावट का संकेत है। वास्तविक सबूतों से पता चलता है कि कुछ उत्पादों की धीमी मांग और भयंकर प्रतिस्पर्धा ने तेजी को रोक दिया है।'' नौकरियों की बात की जाए तो चार प्रतिशत से भी कम कंपनियों ने अतिरिक्त कर्मचारियों को काम पर रखा और 95 प्रतिशत ने कार्यबल संख्या अपरिवर्तित रही। रोजगार सृजन की दर मामूली और अप्रैल के बाद से सबसे धीमी है। कीमतों की बात करें तो लागत दबाव बढ़ा है, जबकि 'आउटपुट' मूल्य मुद्रास्फीति कम हो गई।

## वाणिज्यिक एनपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रु की बढ़ोतरी, दो महीने में दूसरी बार बढ़े दाम

**नई दिल्ली ।**



सरकारी तेल कंपनियों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 100 रुपये की बढ़ोतरी की है। पिछले दो महीनों में दूसरी बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। अक्तूबर में कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 209 रुपये की बढ़ोतरी की थी। इस बढ़ोतरी के एलपीजी सिलेडरों की कीमत तब 1731.50 रुपये हो गई थी। कीमत में नई बढ़ोतरी के बाद अब दिल्ली में 19 किलो वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का दाम 1,731 से बढ़कर 1,833 रुपये हो गया है। वहीं मुंबई में इसकी कीमत 1,785.50 रुपये, कोलकाता में 1,943 रुपये और चेन्नई में 1999.50 रुपये हो गई है। अक्तूबर में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत मुंबई में 1,684 रुपये, कोलकाता में 1,839.50 रुपये और चेन्नई में 1,898 रुपये थी। बता दें, एक सितंबर को तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में 158 रुपये की कटौती की थी। इसके बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत घटकर 1,522 रुपये हो गई थी। अगस्त महीने की शुरुआत में भी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपये की कटौती की थी। हालांकि, पिछले दो महीनों में कंपनियों ने दो बार कीमतों में बढ़ोतरी की है। हालांकि, इस दौरान खाना पकाने के लिए रसोई में इस्तेमाल होने वाली घरेलू गैस सिलेंडरों की कीमतों में कोई भी बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में 14.2 किलो घरेलू सिलेंडर की कीमत अब भी 903 रुपये है।

## सरकार ने अक्टूबर में जीएसटी से 1.72 लाख करोड़ जुटाए: पिछले साल से 13 प्रतिशत ज्यादा, लगातार 8वीं बार जीएसटी 1.5 लाख करोड़ से ऊपर

**नई दिल्ली ।**

सरकार ने अक्टूबर 2023 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी से 1.72 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। ये एक साल पहले यानी अक्टूबर 2022 के मुकाबले 13 प्रतिशत ज्यादा है। तब जीएसटी से 1.51 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए थे। वहीं एक महीने पहले सितंबर में सरकार ने जीएसटी से 1.63 लाख करोड़ रुपए जुटाए थे।




लगातार 8वीं बार ऐसा हुआ है कि रेवेन्यू कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ से ऊपर रहा है। हालांकि अब तक सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन अप्रैल 2023 में हुआ था, जब ये आंकड़ा 1.87 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया था। इसके अलावा लगातार 20 महीने से देश का जीएसटी कलेक्शन 1.4 लाख करोड़ रुपए से ऊपर बना हुआ है।

### सीजीएसटी 30,062 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 38,171 करोड़ रुपए रहा

वित्त मंत्रालय ने कहा, अक्टूबर 2023 में जीएसटी कलेक्शन 1,72,003 करोड़ रुपए रहा है। इसमें सीजीएसटी 30,062 करोड़ रुपए, स्जीएसटी 38,171 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 91,315 करोड़ रुपए (माल के आयात पर कलेक्ट किए 42,127 करोड़ रुपए सहित) और सेस 12,456 करोड़ रुपए रहा है। सेस में माल के आयात से मिले 1294 करोड़ रुपए शामिल हैं।

### अब तक 11.65 लाख करोड़ रु. का जीएसटी कलेक्शन हुआ

फाइनेंशियल ईयर 2023-24 यानी पिछले 7 महीने में अब तक टोटल 11.65 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ है। वहीं पूरे फाइनेंशियल ईयर 2022-23 की बात की जाए तो इसमें टोटल 18.10 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ था।

### 2017 में लागू हुआ था जीएसटी

जीएसटी एक इनडायरेक्ट टैक्स है। इसे वैराइटी ऑफ प्रीवियस इनडायरेक्ट टैक्स (वैट), सर्विस टैक्स, परचेज टैक्स, एक्साइज ड्यूटी और कई इनडायरेक्ट टैक्स को रिप्लेस करने के लिए 2017 में लागू किया गया था। जीएसटी में 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार स्लैब हैं।

मुकेश अंबानी को लगा झटका

# लाभ के मामले में एसबीआई ने रिलायंस को पछाड़ा

**नई दिल्ली ।**

पूंजीकरण के लिहाज से सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को तगड़ा झटका लगा है। वित्त वर्ष 2022-23 में एसबीआई ने 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का फायदा कमाकर रिलायंस को पीछे छोड़ दिया है। रिलायंस का लाभ 44,205 करोड़ रुपये रहा है।

एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस ने 2021-22 में कुल 66,702 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। इस अवधि में एसबीआई ने 31,675 करोड़ रुपये का फायदा कमाया था। पिछले वित्त वर्ष में जहां रिलायंस के मुनाफे में 22,497 करोड़ रुपये की कमी आई है, वहीं एसबीआई का लाभ 18,557 करोड़ रुपये बढ़ गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और एसबीआई ऐसे संस्थान हैं, जो निवेश, निवेशक और अन्य वित्तीय पैमाने पर सबसे आगे हैं।दोनों के पास ग्राहकों का बड़ा आधार है।उनके पास पूंजी की भी




कोईकमी नहीं है।रिपोर्ट में कहा गया है कि ये दोनों कंपनियां भले ही महारत्न की श्रेणी में नहीं आती हैं, पर देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इनका 37 फीसदी का अहम योगदान है।

### 2022-23 में लाभ कमाने वाली शीर्ष-8 कंपनियां

- एचडीएफसी बैंक 44,109
- टीसीएस 39,106
- ओएनजीसी 38,829
- एलआईसी 36,397
- आईसीआईसीआई 31,897
- वेदांता 27,356
- इन्फोसिस 23,268
- आईटीसी 18,753

### सरकारी कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में एसबीआई की हिस्सेदारी 45 फीसदी

शेयर बाजार में सूचीबद्ध कुल सरकारी कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 11 लाख करोड़ रुपये है। इसमें 5 लाख करोड़ रुपये के साथ अकेले देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआईकी 45 फीसदी हिस्सेदारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, फायदा कमाने वाली शीर्ष-10 कंपनियों में केवल एक महारत्न कंपनी ओएनजीसी ही शामिल है। इस समय 13 महारत्न कंपनियां हैं, जबकि 1997 में पहली बार 9 महारत्न कंपनियां बनी थीं। अभी 16 नवरत्न और 68 मिनीरत्न कंपनियां हैं। सेवा क्षेत्र देश के विकास में इस समय 53 फीसदी योगदान दे रहा है।

## बुनियादी उद्योगों की वृद्धि चार माह में सबसे कम, कोयला, प्राकृतिक गैस और इस्पात में बढ़ोतरी



**नई दिल्ली ।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा उद्योगों की वृद्धि दर सितंबर, 2023 में धीमी होकर 8.1 फीसदी पर आ गई।यह मई, 2023 के बाद इसका चार माह का निचला स्तर है।उस समय बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 5.2 फीसदी रही थी।एक साल पहले की समान अवधि में यह वृद्धि दर 8.3 फीसदी व अगस्त, 2023 में 12.5 फीसदी रही थी। मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर में कच्चे तेल का उत्पादन 0.4 फीसदी घट गया।पिछले साल की समान अवधि में इसमें 2.3 फीसदी गिरावट आई थी। कोयला उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 16.1 फीसदी पहुंच गई।प्राकृतिक गैस में 6.5 फीसदी व इस्पात में 9.6 फीसदी तेजी रही।चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर में उत्पादन की रफ्तार घटकर 7.8 फीसदी रही। केंद्र का राजकोषीय घाटा पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में लक्ष्य का 39.3 फीसदी बढ़कर 7.02 लाख करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान छमाही में यह 37.3 फीसदी रहा था। लेखा महानिरीक्षक के आंकड़ों के मुताबिक, 2022-23 में यह जीडीपी के अनुपात में 6.4 फीसदी रहा था। सरकार ने राजकोषीय घाटे को चालू वित्त वर्ष में 5.9 फीसदी पर लाने का लक्ष्य रखा है।आंकड़ों के मुताबिक, कर से राजस्व 11.60 लाख करोड़ 49.8 फीसदी रहा है। शुद्ध कर संग्रह बजट अनुमान का 52.3 प्रतिशत रहा। केंद्र का कुल खर्च 21.19 लाख करोड़ या बजट अनुमान का 47.1 फीसदी रहा।

# विपुल शाह ने जमा की बड़े स्टार्स की फौज

## -लंदन ड्रीम्स की हॉलीवुड ड्रामा की कास्टिंग से हो सकती है तुलना



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के जाने-माने प्रोडयूसर विपुल शाह ने बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार्स की एक फौज जमा की, जो पहले शायद ही कभी किया गया था। इसमें एक खास तरह की कास्टिंग कूप हुई, जिसमें सलमान खान, अजय देवगन, असिन, आदित्य रॉय कपूर और ओम पुरी को लंदन ड्रीम्स में कास्ट किया गया। आज तक किसी प्रोड्यूसर ने इस तरह के स्केल पर फिल्म बनाने के बारे में नहीं सोचा था। ऐसे में लंदन ड्रीम्स की किसी बड़े हॉलीवुड ड्रामा की कास्टिंग से तुलना की जा सकती है। इस फिल्म की रिलीज के बाद जिसे उसकी हाई प्रोडक्शन वैल्यू और म्यूजिक के लिए तारीफ मिली, ये इंस्टेंट फैन फेवरेट बन गई। क्रिटिक्स ने फिल्म को एक ऐसे अनुभव की तरह सराहा जिसमें ड्रामा और भावनाओं भरपूर थी। लंदन ड्रीम्स को खास बनाने वाली बात यह थी कि इसमें मुख्य भूमिकाओं में हॉलीवुड के कुछ बड़े नाम भी थे। इस फिल्म में क्रिस विल्सन, पॉल ग्रेगरी और दूसरे बड़े नाम थे। यह पहली बार था जब एक इंडियन प्रोड्यूसर ने हॉलीवुड की प्रतिभाओं के साथ सहयोग किया था। विपुल शाह के बड़ा नजरिया साफ तौर पर अपने समकालीनों से आगे था और उन्होंने लंदन ड्रीम्स को ऐसी फिल्म बनाया जो बॉलीवुड के इतिहास में अपनी एक खास जगह बना गई। विपुल शाह की आइकोनिक लंदन ड्रीम्स ने साल पूरे किए। लंदन ड्रीम्स का म्यूजिक आज भी एक कल्ट फॉलोइंग में है जिसमें बार्सन यारों, मन को अति भावे जैसे ट्रैक्स फेन्स के फेवरेट बन गए। 14 साल के बाद भी सलमान खान और अजय देवगन के फैन्स लंदन ड्रीम्स में अपने पसंदीदा अभिनेताओं के इन गानों और सीन्स को सेलिब्रेट करते हैं। विपुल अमृतलाल शाह की सनशाइन पिक्चर्स एक ऐसा प्रोडक्शन हाउस रहा है जो वसेर्टाइल कंटेंट के लिए जाना जाता है। बता दें कि विपुल अमृतलाल शाह एंटरटेनमेंट वर्ल्ड का एक जाना माना नाम हैं जिन्होंने अपने काम और फिल्मों के जरिए सिनेमा में कई बड़े योगदान दिए हैं और हमेशा से देते आए हैं।

# पूरे भारत में पहुंची थी प्रेम रतन धन पायो

## -बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर ने किया खुलासा



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर ने खुलासा किया, प्रेम रतन धन पायो एक ऐसी फिल्म थी जो पूरे भारत में पहुंची! यह मेरी उन फिल्मों में से एक थी जो बहुत अच्छी चली और मैंने जो भी कपड़े पहने थे, वे सभी अनामिका ने बनाए थे। फिल्म में मैंने खुद को स्टाइल किया था; मैंने पश्चिमी परिधान भी पहने थे, लेकिन मेरे सभी भारतीय परिधान अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन किए गए थे। सोनम आगे कहती हैं, मुझे याद है कि मैं कुछ शादियों में गई थी और मैंने बहुत सारी लड़कियों को एक जैसे कपड़े पहने हुए देखा था और मुझे लगा कि यह अद्भुत है। मुझे एहसास हुआ कि यही सिनेमा की ताकत है। शुरूआत में मुझे यह समझ में नहीं आया और सूरज जी (बड़जात्या) ने मुझे बताया कि यह हरे रंग की साड़ी थी जो माधुरी ने उनकी एक फिल्म में पहनी थी और वह बकाइन और पीली साड़ी थी जो अमृता ने पहनी थी और ये पोशाकें थीं जो वास्तव में काम कर गयी। वह आगे कहती हैं, सूरज जी ने कहा, ये वे रंग हैं जो मुझे चाहिए, और आप देखेंगे कि यह काम करेगा। मेरे लेट ट्वेंटीज में, उस समय मेरे कई दोस्तों की शादियाँ हो रही थीं और मैं उन शादियों में जा रही थी और मैंने उनमें से कई को वही अनामिका पोशाक पहने देखा जो मैंने प्रेम रतन धन पायो में पहनी थी और मुझे वह बहुत अद्भुत लगी और बहुत खुशी और गर्व महसूस हुआ! सोनम, अपनी अविश्वसनीय स्टाइलिंग समझ के माध्यम से, दुनिया में भारत की फैशन एंबेसडर हैं। वह एक उद्यमी भी हैं जिन्होंने रहसन और भाने जैसे अपने व्यावसायिक उद्यमों के माध्यम से फैशन में भारी निवेश किया है। वह वैश्विक स्तर पर फैशन की सबसे प्रभावशाली आवाजों में से एक हैं और भारत में एक लक्जरी ब्रांड की इक्विटी पर उनका अविश्वसनीय प्रभाव है। सोनम का कहना है कि वह आज जो स्टाइल आइकन हैं, बनने के लिए उन्होंने फैशन पर कभी किसी हैंडबुक का पालन नहीं किया। अभिनेत्री कहती हैं, मैं मिथुन राशि का हूं, इसलिए जब भी मैं सुबह उठती हूं तो मुझे लगता है कि मेरा मूड हर दिन अलग होता है और मैं हर दिन एक अलग व्यक्ति होता हूं। और मुझे लगता है कि हम खुद को अभिव्यक्त करने का एक तरीका वह है जो हम पहनते हैं। मुझे लगता है, जैसे आप किसी को भी कुछ भी पहने हुए देखते हैं, हम बता सकते हैं कि वे कौन हैं, इंसान के रूप में। यह अभिव्यक्ति का एक रूप है। काम के मोर्चे पर, सोनम अगले साल से शुरू होने वाले दो प्रोजेक्ट्स में दिखाई देंगी, जिनमें से एक बैटल फॉर बिटोरा है और दूसरे को गुप्त रखा गया है। मालूम हो कि फैशन आइकन और बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर का भारतीय फैशन परिदृश्य और पॉप संस्कृति पर प्रभाव निर्विवाद है। उन्हें इसका एहसास तब हुआ जब उन्होंने अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म प्रेम रतन धन पायो में खुद को स्टाइल किया!

# ऐश्वर्या-नील के रिश्ते पर विक्की ने किया कमेंट, एक्ट्रेस ने जवाब



**मुंबई (ईएमएस)।** पॉपुलर शो बिग बॉस सीजन 17 के बीते एपिसोड में दो वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है। समर्थ जुरेल और मनस्वी ममगई के आने से घर का माहौल एकदम बदल गया है। ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार की तो लाइफ में वक्त और जज्बात और हालात दोनों बदल गए। बता दें शो में काफी हड़कंप देखने को मिला । वहीं, अब आने वाले एपिसोड में भी काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। ईशा और अभिषेक के अलावा, विक्की जैन और ऐश्वर्या शर्मा के बीच भी भयंकर तू-तू, मैं-मैं देखने को मिलेगी। आपको बता दें अपकमिंग एपिसोड में शांत स्वभाव की दिखने वाली ऐश्वर्या शर्मा का गुस्सा फूटने वाला है। इस एपिसोड में वो विकी जैन को लपेटते हुए नजर आएंगी। दरअसल, विक्की ने नील और ऐश्वर्या के रिश्ते को लेकर कुछ ऐसा कह दिया है, जिसकी वजह से ऐश्वर्या का पारा हाई हो गया है। और वे विक्की पर बरसती नजर आ रही हैं। प्रोमो में दिखाया गया है कि, घर के कुछ कंटेस्टेंट्स गार्डन एरिया में चील करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान विक्की नील से मजाक करते दिख रहे हैं। वो नील से कहते हैं कि- तूने गलती से डेटिंग के टाइम पर कह दिया था कि तू बहुत क्यूट लगती है ऐसे करते हुए. इसके जवाब में नील हंसते हुए कहते हैं कि हमने डेट नहीं किया सीधा शादी की, जिसके बाद विक्की जोर से हंसते हुए दिखाई देते हैं। वहीं ये सब सुन ऐश्वर्या को बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता और वे काफी अपसेट हो जाती है, जिसके बाद वो नील से भी इस बारे में बात करती हुई नजर आती हैं। एक्ट्रेस कहती है कि खुद की शादी का ठिकना नहीं है। वो हमारी पर्सनल लाइफ पर कैसे कमेंट कर सकता है। आने वाले एपिसोड में ऐश्वर्या विक्की पर बुरी तरह से भड़कती नजर अएंगी। वे कहती हैं कि ये अकेला ही पीड़ित मर्द है यहां पर, जिसके जवाब में विक्की कहते हैं कि ऐसा क्यों लग रहा है तुम्हें, इस बीच दोनों की बहस शुरू हो जाती है और ऐश्वर्या जोर-जोर से चिल्लाने लगती हैं। इस दौरान वो विक्की को कहती हैं कि दूसरे के रिश्तों की पंचायत करने की आपको कोई जरूरत नहीं है।

# कॉफी विद करण में नजर आएंगे सनी और बॉबी



बालीवुड एक्टर सनी देओल अपने भाई बॉबी देओल के साथ लोकप्रिय चैट शो कॉफी विद करण के आठवें सीजन में नजर आने वाले हैं। दूसरे एपिसोड के दौरान, शो के होस्ट करण जौहर ने खुलासा किया कि सनी को टेडी बियर पसंद है। करण जौहर ने कहाः कौन जानता होगा कि जो आदमी एक हैंडपंप से देश में खलबली मचा सकता है, उसे वास्तव में टेडी बियर पंसद हो सकते है। करण ने गदर 2 की सफलता के लिए सनी की सराहना की। वह उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन देते हुए कहते हैः पहली चीज जो मुझे करनी है वह है आपको स्टैंडिंग ओवेशन देना। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में पिता धर्मेंद्र के किस सीन पर सनी देओल ने अपनी प्रतिक्रिया दी। कॉफी विद करण सीजन 8 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। बता दें कि फिल्मों में बेशक सनी देओल दर्जनों खलनायकों को पीटते हुए दिखाई दिए हों, लेकिन वास्तव में एक्टर बेहद दयालु हैं।

# अब ऋषभ शेट्टी ने की विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल की तारीफ!



मुंबई (ईएमएस)। इन दिनों विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेर काफी चर्चित हो रही है। कई नेता और अभिनेता इस फिल्म की तारीफ कर चुके हैं। पिछले शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस सिनेमाई कृति ने अपनी सम्मोहक कहानी और विक्रांत मैसी के असाधारण प्रदर्शन से फिल्म उद्योग और दर्शकों दोनों के दिलों पर कब्जा कर लिया है।दर्शकों से मिल रही वर्ड ऑफ माउथ भी बॉक्स ऑफिस नंबरों में योगदान दे रही है, और फिल्म ने पहले सप्ताहांत में 6.7 करोड़ की कमाई की है, और बॉक्स ऑफिस पर रुझान बढ़ रहा है क्योंकि दर्शक इसे देखने के लिए सिनेमाघरों में आ रहे हैं। कमल हासन और शुबमन गिल सूची को प्रसिद्ध ग्रेड से सराहना मिली, फिल्म को अब कंतारा फेम अभिनेता-निर्देशक-निमार्ता ऋषभ दर्शकों से प्यार और समर्थन मिला है। बहुमुखी अभिनेता ने सोशल मीडिया पर फिल्म के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह फिल्म एक महत्वपूर्ण सबक देती है। हम चाहे कितनी भी गहराई में गिर जाएं, जीवन को फिर से शुरू करना हमें एक अलग आयाम देता है। ऋषभ शेट्टी के शब्द इस बात की गवाही देते हैं कि विधु विनोद चोपड़ा निर्देशित 12वीं फेल पूरे देश में धूम मचा रही है और जनता के प्यार और असाधारण शब्दों से इसका स्वागत किया जा रहा है। सच्ची कहानी पर आधारित 12वीं फेल उन लाखों छात्रों के संघर्ष पर आधारित है जो यूपीएससी प्रवेश परीक्षा देते हैं। लेकिन साथ ही, यह उस एक परीक्षा से आगे निकल जाता है और लोगों को असफलता की स्थिति में हिम्मत न हारने और फिर से शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करता है। विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित यह फिल्म अब हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

# प्रियंका हुस्न का कहर बरपा रही इवेंट में



अंतरराष्ट्रीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा मुंबई में आयोजित होने वाले जियो मामी फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए इंडिया आई हैं। इवेंट में एक्ट्रेस अपने हुस्न का कहर बरपाती हुई शिरकत कर चुकी हैं। जियो मामी फिल्म फेस्टिवल में जैसे ही प्रियंका चोपड़ा ने एंट्री मारी, हर किसी की नजर उनके लुक पर ही टिकी रह गई। लुक की बात करें तो इस दौरान ऑफ शोल्डर व्हाइट शिमरी गाउन पहना और इसके साथ ही ओपन मैचिंग जैकेट भी कैरी की। इसके साथ उन्होंने अपने बालों का बन बनाया है, जिसमें वो बेहद क्लासी और स्टाइलिश लग रही हैं। अपने हुस्न के जादू से सबको इम्प्रेस करते हुए प्रियंका ने रेड कार्पेट पर एक से बढ़कर एक गजब पोज दिए।लेटेस्ट सामने आई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि प्रियंका खूबसूरत डिजायनर व्हाइट गाउन पहनकर इवेंट में पहुंचीं। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें आते ही इंटरनेट पर छा गईं हैं।

# काइली की बोल्ड तस्वीरें खूब हो रही वायरल

हाल ही में हॉलीवुड एक्ट्रेस काइली जेनर ने कुछ ब्लैक एंड व्हाइट लुक की तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि काइली जेनर ब्लैक लैदर शॉर्ट ड्रेस में बेहद बोल्ड लग रही हैं। इसके साथ उन्होंने हाई हील पेयर की हुई है। चेहरे पर बालों को कातिलाना अंदाज में बिखेरते हुए काइली कैमरे के सामने मदमस्त अदाएं दिखा रही हैं। फैंस एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं। बता दें काइली सोशल मीडिया की दुनिया में काफी एक्टिव रहती है। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 399 मिलियन फॉलोवर्स हैं। बता दें कि हॉलीवुड एक्ट्रेस काइली जेनर अपने लुक्स को लेकर अक्सर चर्चा में रहती है। वह सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर तहलका मचाती रहती हैं।

# अदिति राव हैदरी ने जीता प्रतिष्ठित अवॉर्ड

बीते दिनों मुंबई में आयोजित एक ओटीटी अवॉर्ड शो में अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने प्रतिष्ठित परफॉर्मर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता है। यह प्रमाण है विशेष रूप से दो उल्लेखनीय वेब सीरीज, ताजः डिवाइडेड बाई ब्लड और जुबली में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का। ताजः डिवाइडेड बाई ब्लड में अदिति के अनारकली के किरदार ने दर्शकों और आलोचकों को समान रूप से प्रभावित किया। भावनाओं की



एक विस्तृत सीरीज को व्यक्त करने की उनकी क्षमता और उनके किरदार की गहराई ने फिल्म पर एक अमिट छाप छोड़ी। जुबली में 1940 के दशक की अभिनेत्री सुमित्रा कुमारी के रूप में अदिति ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपनी कला के प्रति समर्पण दिखाया। किरदार की दुनिया में रहने और एक शक्तिशाली प्रदर्शन देने की उनकी क्षमता जो उनके दर्शकों को आकर्षित करती है, उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दशार्ती है।

# पूजा देओल क्यों रहती हैं लाइमलाइट से दूर, पति सनी देओल ने किया खुलासा



बॉलीवुड एक्टर सनी देओल हमेशा चर्चा में रहते हैं। सनी देओल अब तक कई सुपरहिट फिल्में दे चुके हैं। उनकी फिल्म के कई डायलॉग्स को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। कॉफी विद करण-8 के दूसरे एपिसोड में एक्टर सनी देओल और बॉबी देओल नजर आएंगे। इस एपिसोड में सनी देओल ने कई राज खोले हैं। इसी बीच सनी देओल ने अपनी पत्नी पूजा को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की पत्नी हमेशा लाइमलाइट से दूर रहती हैं। कॉफी विद करण-8 के दूसरे एपिसोड में सनी देओल ने पूजा के लाइमलाइट से दूर रहने की वजह का खुलासा किया है। सनी ने कहा, हम सभी व्यक्तिगत रूप से ऐसे ही हैं। पूरे दिन काम करने के बाद मैं ऐसी जगह जाना पसंद करता हूं, जहां मुझे शांति मिले। जब आप घूमते हैं तो लोग आपको घूरते हैं। इसलिए जब भी हमें मौका मिलता है, हम विदेश यात्रा करते हैं क्योंकि वहां कोई आपको परेशान नहीं करता है। सनी और पूजा ने वर्ष 1984 में गुपचुप तरीके से शादी की थी। पूजा एक लेखिका भी हैं और उन्होंने फिल्मों में अभिनय भी किया है। उन्होंने फिल्म 'हिम्मत' में अतिथि कलाकार की भूमिका निभाई। उसके बाद पूजा ने किसी भी फिल्म में काम नहीं किया। एक्टिंग के साथ-साथ पूजा ने सनी देओल की फिल्म 'यमला पगला दीवाना-2' की कहानी भी लिखी। सनी के काम की बात करें तो कुछ महीने पहले रिलीज हुई सनी की फिल्म गदर-2 बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। फिल्म ने 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। अब चर्चा है कि सनी रणवीर कपूर की 'रामायण' में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में सनी हनुमान का किरदार निभाएंगे। इसके अलावा सनी की अपने-2, यमला पगला दीवाना-4 भी जल्द ही पर्दे पर आएगी।

## सूडोकु नवताल- 6600

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6599 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्दजाल - 7347

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कं | क | दो | यु | ला | प | नं | दा | दे | वी | क |
| ज | च | ल | प | ह | रिं | गा | ना | दि | शा | त्रि |
| अं | इ | न | म | सं | दा | प | श | र | ला | शू |
| क | कु | दा | जं | धा | ब | र्व | नू | रि | श | ल |
| क | ति | श | न | घा | क | त | न | न | वी | ता |
| सा | से | र | कां | ग | ड़ी | र्त | कू | ती | कू | रु |
| पौ | हु | न | री | अं | गा | म | य | कौ | ला | न |
| क | बा | अ | ब | री | क | शे | त | न | श | चौ |
| क | स | थो | गि | व | न | ज | र | शा | जू | खं |
| द | र | ना | प | ति | रं | र्त | ऐ | ब्र | प | बा |
| थो | दू | सा | रु | मा | नी | हो | जा | एं | म | क |

*शब्द जाल में भारत के 10 प्रमुख पर्वतों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

कंचनजंघा, नंगा पर्वत, नंदा देवी, चौखंबा, दूनागिरी, सासेर कांगड़ी, नूनकून, गाशेर ब्रम, पौहुनरी, त्रिशूल

### शब्दजाल - 7346 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | अ | मे | रि | क्रि | पा | तू | हॉ | की | प | बा |
| न | र | ग्बी | प | के | डे | ने | शि | या | ड़ | स्के |
| अ | दा | जा | ला | ट | ग | स | द | ह | प | ट |
| वा | ग | टे | पा | ब | दू | फु | प | बे | लि | बॉ |
| ली | ना | अ | ब | न | जा | ल | ट | स | प | ल |
| बॉ | इ | इ | मो | ल | प | वा | त | बॉ | यु | बां |
| ल | जी | ल | ह | व | टे | रि | स | ल | ल | ग |
| र | रि | भा | र | त | प | नि | रा | ल | वि | ला |
| क | या | बा | तें | व | टे | ज | स | शा | जू | दे |
| र | ग | ल | प | न | सिं | ब्रा | स्ट | अ | प | श |
| बां | स | ल | लॉ | रु | स | जू | डो | प | क | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6300

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 5 | 4 | 3 | | 1 |
| | 33 | | 29 | | 33 | |
| 6 | 7 | | 1 | | | 2 |
| | 42 | 4 | 29 | 4 | 25 | |
| 5 | | 7 | | | | 3 |
| | 37 | 6 | 32 | 2 | 33 | 7 |
| 3 | | 1 | | | 6 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6299 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 |
| 1 | 37 | 6 | 29 | 2 | 29 | 6 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 38 | 4 | 29 | 4 | 29 | 4 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 7 | 33 | 2 | 32 | 6 | 37 | 7 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# रोहित शर्मा वनडे रैंकिंग में टॉप-5 में आए : शुभमन गिल अब बाबर आजम से 2 पॉइंट्स पीछे, गेंदबाजी में शाहीन नंबर-1

**दुबई।** टीम इंडिया के बैटर रोहित शर्मा आईसीसी की ताजा रैंकिंग में टॉप-5 में पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम टॉप पर बरकरार हैं, पर उनके और शुभमन गिल के बीच अब केवल 2 पॉइंट्स का ही फासला रह गया है। जबकि विराट कोहली 7वें स्थान पर खिसक गए हैं। गेंदबाजों की बात करें तो पाकिस्तानी गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी लंबी छलांग लगाते हुए 10 से सीधे टॉप पर पहुंच गए हैं। आईसीसी ने बुधवार को नई रैंकिंग जारी की है। रोहित को डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन के खिलाफ शानदार पारी का मिला फायदा

रोहित शर्मा को 29 अक्टूबर को डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ बनाए 87 रन की पारी का फायदा मिला है। रोहित पिछले हफ्ते छठे स्थान से खिसक कर 8वें स्थान पर पहुंच गए थे। अब ताजा रैंकिंग में भारतीय ओपनर रोहित शर्मा 743 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। उन्हें तीन स्थान का फायदा हुआ है।

### बाबर और गिल के बीच सिर्फ 2 अंकों का अंतर

भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ताजा रैंकिंग में भी बाबर के बाद दूसरे स्थान पर हैं, लेकिन बाबर और उनके बीच पिछले हफ्ते 25 अक्टूबर को जारी रैंकिंग में 5 अंकों का गैप था, जो इस बार केवल 2 अंकों का रह गया है। बाबर के 818 अंक है, जबकि शुभमन गिल के 816 अंक है। वहीं पिछले हफ्ते जारी रैंकिंग में बाबर आजम 829 अंकों के साथ टॉप पर थे। वहीं गिल 823 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर थे।

क्विंटन डी कॉक 765 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कायम हैं। जबकि डेविड वॉर्नर 761 अंकों के साथ पांचवे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पिछले हफ्ते (25 अक्टूबर) जारी रैंकिग में चौथे स्थान पर काबिज हेनरिक क्लासन 2 स्थान खिसक कर चौथे से छठे स्थान पर चले गए हैं। जबकि विराट को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वे छठे से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके 735 अंक हैं।

### शाहीन शाह अफरीदी ने लगाई लंबी छलांग

शाहीन शाह अफरीदी पिछले हफ्ते की रैंकिंग में दसवें स्थान से सीधे टॉप पर पहुंच गए हैं। शाहीन शाह ने वर्ल्ड कप में मंगलवार को बांग्लादेश के खिलाफ मैच में 9 ओवर में सिर्फ 23 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं 27 अक्टूबर को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए मैच में भी अफरीदी ने 3 विकेट लिए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### गोवा में खेले जा रहे नेशनल गेम्स में हरियाणा की बेटी शिल्पा ने सोना तो प्रियंका ने जीती चांदी




**जींद।** नेशनल गेम्स गोवा में एथलेटिक्स हरियाणा के एथलीट खिलाड़ियों ने तीसरे दिन तक 1 स्वर्ण पदक, 5 रजत और 1 कांस्य पदक सहित कुल 7 पदक जीते हैं। एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ (फरीदाबाद)के द्वारा दी गई। जानकारी के अनुसार 37वें नेशनल गेम्स का आयोजन गोवा में किया गया है। नेशनल गेम्स में एथलेटिक्स हरियाणा के 61 एथलीट खिलाड़ी 29 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक भाग लेंगे। प्रतियोगिता के तीसरे दिन महिला वर्ग जेवलिन थ्रो में शिल्पा रानी ने जीता सोना एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान (पानीपत) ने बताया कि नेशनल गेम्स गोवा में प्रतियोगिता के तीसरे दिन महिला वर्ग जेवलिन थ्रो इवेंट में शिल्पा रानी (जींद) ने 54 मीटर 82 सैंटीमीटर की बेहतरीन जेवलिन थ्रो कर स्वर्ण पदक विजेता बनकर हरियाणा राज्य का गौरव बढ़ाया। प्रियंका सिंह ने जीता चांदी तो आंध्र प्रदेश की रश्मि ने कांस्य किया अपने नाम प्रियंका सिंह चरखी (दादरी) ने 53 मीटर 75 सैंटीमीटर की दूरी पर जेवलिन फेंककर रजत पदक अपने नाम किया और इस इवेंट में कांस्य पदक रश्मि के शेट्टी (आंध्र प्रदेश) ने प्राप्त किया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष और ऐलानाबाद विधायक चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, महासचिव राजकुमार मिटान, उपाध्यक्ष राजीव खत्री, निदेशक नरेंद्र मोर,वरिष्ठ संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत, मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपड़ा,टीम कोच एवं मैनेजर जितेंद्र बांगर और जसवंत सिवाच ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

### रिपोर्टर बनकर मुंबई में फैंस से मिले सूर्यकुमार यादवः वर्ल्ड कप के फीवर पर किए सवाल-जवाब, मास्क लगाए सूर्या को पहचान नहीं सके लोग

**मुम्बई ।** टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर बैटर सूर्यकुमार यादव मुंबई के मरीन ड्राइव पर रिपोर्टर बनाकर फैंस से सवाल-जवाब किए। इस दौरान सूर्या फेस मास्क पहने हुए थे। उनके हाथ में एक कैमरा भी था। सूर्या लोगों से बातचीत करते हैं, लेकिन उन्हें कोई पहचान नहीं पाता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने यह मजेदार वीडियो शेयर किया है। बीसीसीआई ने जो वीडियो शेयर किया है, इस वीडियो में सूर्या मास्क और चश्मा लगाकर अपने कमरे से बाहर निकलते हैं और रवींद्र जडेजा भी उन्हें नहीं पहचान पाते हैं। इसके बाद सूर्या उन्हें बताते हैं कि वह मरीन ड्राइव जा रहे हैं। जडेजा कहते हैं कि उन्हें कोई नहीं पहचान पाएगा। होटल से निकलकर सूर्या मरीन ड्राइव जाते हैं और फैंस से मुंबई और वर्ल्ड कप के बारे में सवाल-जवाब करते हैं। इस दौरान उन्हें कोई भी पहचान नहीं पाता है। भारत कल यानी 2 नवंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका से भिड़ेगा। भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। 6 में से 6 मुकाबले जीतकर भारत के 12 पॉइंट्स हैं। टीम इंडिया को अभी 3 मैच और खेलने हैं। टेबल में दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका है। 6 में से 5 जीतने के बाद साउथ अफ्रीका के 10 पॉइंट्स हैं। उसके 3 मैच बाकी हैं। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया तीसरी और चौथी पोजिशन पर बरकरार हैं। दोनों टीमों ने 6-6 मुकाबले खेले हैं और 8-8 पॉइंट्स हासिल किए हैं। नेट रन रेट होने की वजह से न्यूजीलैंड तीसरे नंबर पर है।



### बाबर के प्रदर्शन से नाराज शाहिद अफरीदी बोले, राहुल और विराट से सीखें

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी टीम के कप्तान बाबर आजम के प्रदर्शन से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि बाबर ने अब तक न ही रन बनाये हैं और न मैच में जीत दिलायी। अफरीदी ने कहा , रन आना अलग बात है और उनका मैच जिताकर जाना दोनों अलग अलग बातें हैं। भारतीय टीम के केएल राहुल और विराट कोहली को देखिए। वो मैदान पर भी रहते हैं, रन भी बनाते हैं, गेंदे भी खेलते हैं और मैच जिताकर जाते हैं पर हमें बाबर में ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। अफरीदी बोले, बाबर मैदान पर उतरते हैं तो हमें ऐसा लगता ही नहीं है कि ये मैच जिताकर आएंगे। वहीं ऐसा लगता है कि ये 50 रन बनाकर वापस आ जाएगा। हमें एक ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो मैच जिताकर वापस आए। हमें सच में एक मैच विजेता खिलाड़ी की जरूरत है। मैं बाबर का प्रशंसक हूं। लेकिन अक्सर वह अपने प्रदर्शन से निराश करते हैं। अगर उन्हें महान वाली कैटेगरी में आना है तो उन्हें अपना शानदार प्रदर्शन दिखाना होगा। आजम का प्रदर्शन विश्व कप में अब तक कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने 7 मैचों में अब तक सिर्फ 216 रन बनाए हैं।



# भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबला आज

**मुम्बई ।**

**एकदिवसीय विश्वकप में गुरुवार को भारतीय टीम का मुकाबला श्रीलंका से होगा। पहले ही सेमीफाइनल के लिए जगह पक्की होने के कारण भारतीय टीम इस मैच में बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। भारतीय टीम करीब 12 साल बाद वानखेड़े स्टेडिम में श्रीलंका के साथ होने वाले मुकाबले को जीतकर अपना विजय अभियन बरकरार रखना चाहेगी। भारतीय टीम ने अपने अब तक के सभी मैच जीते हैं। ऐसे में इस मुकाबले में वह जीत की प्रबल दावेदान नजर आती है। भारतीय टीम जहां लय में है, वहीं श्रीलंकाई टीम बेहद कमजोर स्थिति में है। वह सेमीफाइनल की दौड़ से तकरीबन बाहर हो गयी है। पिछली बार 2011 के विश्व कप फाइनल में भारत और श्रीलंका का मुकाबला इसी स्टेडियम में हुआ था।**




तब भारत ने मुकाबले के साथ ही खिताब भी जीता था। अब इस बार श्रीलंकाई टीम हिसाब बराबर करना चाहेगी। इस बार भारतीय टीम पर कोई दबाव नहीं है। उसपर इस मैच के परिणाम से प्रभाव नहीं पड़ेगा पर श्रीलंका के लिए यह मैच जीतना बेहद अहम है। उसे टूर्नामेंट में बने रहने इस टूर्नामेंट में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी जिससे कि उसका नेट रन रेट भी बेहतर हो। अभी श्रीलंकाई टीम अंक तालिका में 7वें स्थान पर हैं। 6 मैचों में उसके केवल दो मुकाबलों में ही जीत मिली है। अगर वह ये मैच बड़े अंतर से जीत लेती है तो अंक तालिका में पांचवे नंबर पर आ जाएगी। अभी जिस प्रकार के हालात है उसमें उसका जीतना संभवन नजर नहीं आता। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी कमजोर है। चोट के कारण उसके कई प्रमुख खिलाड़ी इस टूर्नामेंट से बाहर हैं। भारत और श्रीलंका के बीच अब तक कुल 167 एकदिवसीय मैचों में आमना-सामना हुआ है। इस दौरान भारत ने 98 मुकाबलों में जीत दर्ज की है, जबकि श्रीलंका 57 मौकों पर विजयी हुआ है। दोनों टीमों के बीच 11 मैच बिना परिणाम के खत्म हुए और 1 मैच टाई पर खत्म हुआ। भारत और श्रीलंका की टीम के बीच एकदिवसीय विश्व कप में अब तक कुल 9 बार मुकाबला हुआ है। इसमें से चार में टीम इंडिया जीती है, तो इतने ही मैचों में मैदान श्रीलंका ने मारा है। वहीं, एक मैच का कोई परिणाम नहीं निकल सका है।


वानखेड़े स्टेडियम की पिच अपनी समान उछाल और गति के कारण बल्लेबाजों को मदद करती है। यही कारण है कि इस पिच को बल्लेबाजों के लिए अच्छा माना जाता है। यहां जमकर रन बनते हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

**भारतीय टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, आर अश्विन , सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल (विकेटकीपर)

**श्रीलंकाई टीम :** कुसल मेंडिस , महेश तीक्ष्णा, दिलशान मदुशंका, पथुम निसांका, कुसल जेनिथ, दिमुथ करुणारत्न, चरित असलांका, धनंजय डीसिल्वा, सदीरा समारविक्रमा, दुनिथ वेल्लालागे, कसुन राजिथा, मथीशा पथिराना और लाहिरू कुमारा, चमिका करुणारत्ने

# इंडिया को विश्वकप में कोई टीम टक्कर नहीं दे पायी : स्मिथ



**मुंबई ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ भारतीय क्रिकेट टीम की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि इस बार विश्वकप में उसे किसी भी टीम ने टक्कर नहीं दी है। स्मिथ के अनुसार अनुभवी हरफनमौला हार्दिक पंड्या के चोटिल होकर बाहर होने से भी भारतीय टीम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। साथ ही कहा कि विश्व कप में भारतीय टीम अब तक हावी रही है और कोई भी टीम उसे टक्कर नहीं दे पायी है। भारतीय टीम ने अब तक सभी छह मैचों में जीत हासिल कर अंक तालिका में नंबर एक स्थान हासिल किया है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि भारत ने इतना प्रभावशाली प्रदर्शन किया है कि अभी तक टूर्नामेंट में उसे किसी से भी कड़ी टक्कर नहीं मिली है। इंग्लैंड के खिलाफ टीम के केवल 230 रन बनाने के बाद लगा कि वे इस बार मुश्किल में आ जाएंगे पर जिस प्रकार इंग्लैंड टीम आउट हुई उससे साफ हो गया कि वह पिच बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं थी। स्मिथ ने यह भी माना कि एक टीम के रूप में भारत पिछले कुछ साल से घरेलू मैदान पर एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहा है।

उन्होंने कहा कि घरेलू मैदान पर भारत को हराना हमेशा कठिन होता है। वे अपनी परिस्थितियों में बहुत अच्छा खेलते हैं। उनके पास संतुलित टीम है। इसके साथ ही तेज और स्पिन गेंदबाजी का शानदार मिश्रण है। उन्होंने अपनी सभी कमजोरियों को दूर किया है। दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल कप्तान रहे स्मिथ ने कहा कि हार्दिक के चोटिल होने से भारतीय टीम का संतुलन थोड़ा गड़बड़ा गया था पर उन्होंने एक बल्लेबाज और एक अतिरिक्त गेंदबाज रखकर कमी पूरी कर ली। स्मिथ ने कहा कि भारतीय टीम के पास ऐसे खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है जो इन हालातों से निपटने का तरीका ढूंढ सकते हैं। भारतीय टीम के मैचों में स्टेडियम दर्शकों से पूरी तरह से भरे रहे हैं। स्मिथ ने कहा कि भारतीय टीम ने प्रशंसकों की उम्मीदों का दबाव हावी नहीं होने दिया है।

# आजम को निशाना बनाने वालों पर भड़के वकार

**लाहौर ।**

**पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने विश्वकप में टीम के कमजोर प्रदर्शन को लेकर कप्तान बाबर आजम को निशाना बनाने की आलोचना की है। इससे पहले एक अन्य पूर्व क्रिकेटर अजहर अली ने आजम के संदेशों को सार्वजनिक करने के लिए पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की आलोचना की थी। पाक टीम के इस बार सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें भी तकरीबन समाप्त हो गयी हैं जिससे प्रशंसक और कई अन्य दिग्गज क्रिकेटर भड़के हुए हैं।**



इसके बाद पीसीबी और कप्तान बाबर के बीच विवाद की बातें भी सामने आयीं। इसमें कहा गया है कि पीसीबी के प्रमुख बाबर आजम का फोन नहीं उठा रहे हैं. इसके बाद पीसीबी प्रमुख ने कहा कि आजम ने उन्हें कोई फोन नहीं किया था और केवल संदेश भेजे थे। पीसीबी प्रमुख ने इन संदेशों को मीडिया के सामने सार्वजनिक भी कर दिया था। इसी को लेकर ही यूनिस भड़के हुए हैं। यूनिस ने सोशल मीडिया पर लिखा, ये क्या कर रहे हैं आप लोग। इस कठिन समय में बाबर को अकेला छोड़ दें। वह पाकिस्तान क्रिकेट की संपत्ति हैं। इससे पहले शोएब मलिक और मो हफीज सहित कई क्रिकेटरों ने बाबर से कप्तानी छोड़ने को कहा था। इनका कहना था कि बाबर कप्तानी छोड़ने के बाद बल्लेबाजी पर ध्यान दे सकते हैं। मीडिया में कप्तान की जो बातें आयी हैं वह जका अशरफ से संबंधित हैं। अशरफ ने जो चैट निजी मीडिया के सामने पेश किये उसमें उसमें पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीओओ सलमान नसीर और बाबर से हुई बातचीत का जिक्र है।

# पंड्या की वापसी के बाद अय्यर का बाहर होना तय



**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अभी अपनी चोट से उबर रहे हैं पर सेमीफाइनल में उनकी वापसी की उम्मीद है। पंड्या की वापसी के बाद बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को बाहर बैठना पड़ सकता है। इसका कारण है कि अब तक विश्वकप में अय्यर का प्रदर्शन खास नहीं रहा है जबकि आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने पिछले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। सूर्यकुमार ने अपनी पारी के दौरान 49 रन बनाकर टीम को संभाला था। टीम इंडिया के पूर्व चयनकर्ता जतिन परांजपे ने कहा, हम सभी जानते हैं कि सूर्यकुमार ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में रोहित का अच्छा साथ दिया। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ गेंदबाजों का अच्छी तरह से सामना किया। वहीं हार्दिक की टीम में वापसी पर केएल राहुल चौथे नंबर पर श्रेयस अय्यर की जगह बल्लेबाजी करने के लिए उपलब्ध हैं। वहीं पूर्व विकेटकीपर और कॉमेंटेटर दीप दास गुप्ता ने कहा कि सूर्यकुमार यह अंदाजा लगाने में सफल रहे थे कि लखनऊ की पिच पर 280 रन के आस-पास का स्कोर बनाना कठिन होगा। ऐसे में विरोध टीम के लिए 240 रन भी पर्याप्त रहेंगे। उन्होंने कहा कि अय्यर अभी अच्छी बल्लेबाजी भी नहीं कर रहे हैं। ऐसे में हालातों को देखते हुए 5वें और छठे क्रम पर सूर्यकुमार या पंड्या में से किसी एक को अवसर मिल सकता है। अय्यर के अब तक 6 पारियों में 34 की औसत से केवल 134 रन बनाए हैं। वे एक ही अर्धशतक लगा सके हैं। उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। वहीं सूर्यकुमार ने अब तक 2 पारियों में 51 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 100 का रहा है।

### वानखेड़े स्टेडियम में लगेगी सचिन की प्रतिमा

**मुंबई ।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की एक प्रतिमा यहां के वानखेड़े स्टेडियम में लगने जा रही है। ये प्रतिमा भारत-श्रीलंका मैच से पहले लग जाएगी। सचिन इसमें अपने पसंदीदा लॉफ्टेड ड्राइव शॉट लगाते दिखेंगे। तेंदुलकर की इस प्रतिमा का अनावरण सचिन तेंदुलकर स्टैंड में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे करेंगे। इस दौरान सचिन सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। इस महान क्रिकेटर की ये प्रतिमा मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) द्वारा बनाई गई है। वानखेड़े इस क्रिकेटर का घरेलू क्रिकेट मैदान भी है। तेंदुलकर ने वानखेड़े स्टेडियम में कई बड़े रिकॉर्ड बनाए है। यही पर उन्होंने नवंबर 2013 में अपना आखिरी टेस्ट खेला था। प्रसिद्ध मूर्तिकार प्रमोद कांबले ने इस प्रतिमा को बनाया है। कांबले के अनुसार, तेंदुलकर की प्रतिमा 14 फीट ऊंची है। इसमें वह उस मुद्रा में दिखेंगे जिसके लिए वह जाने जाते थे। पहले इस प्रतिमा को एमसीए क्लब में रखा जाना था लेकिन बाद में एमसीए अधिकारियों ने इसे सार्वजनिक जगह पर लगाने का फैसला लिया ताकि सभी इसे देख सकें।

# आईएफएफ तकनीकी समिति ने सभी आयु समूहों में राष्ट्रीय टीमों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया

**नई दिल्ली।** सभी आयु समूहों में पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीमों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति की बुधवार को वर्चुअल बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भारत के पूर्व कप्तान आईएम विजयन ने की और इसमें एआईएफएफ महासचिव शाजी प्रभाकरन, उप महासचिव सत्यनारायण एम, तकनीकी निदेशक सैयद साबिर पाशा और सदस्य पिंकी बोमपाल मगर, हरजिंदर सिंह, अरुण मल्होत्रा, क्लाइमेक्स लॉरेंस और यूजीनसन लिंगदोह ने भाग लिया। महासचिव ने तकनीकी समिति को उस समझौता ज्ञापन के बारे में सूचित किया जिस पर एआईएफएफ ने मध्य एशियाई फुटबॉल संघ (सीएएफए) के साथ हस्ताक्षर किए थे। एमओयू के अनुसार, सभी आयु समूहों की भारतीय राष्ट्रीय टीमों को सीएएफए टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। तकनीकी समिति के सदस्यों ने इस तथ्य की सराहना की कि सीएएफए के सदस्य देश मूल रूप से मजबूत फुटबॉल खेलने वाले देश हैं, और इससे भारतीय फुटबॉलरों को कठिन विरोधियों के खिलाफ खेलने में मदद मिलेगी। प्रभाकरन ने कहा, जिन टूर्नामेंटों में हम मध्य एशियाई टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे, उनसे हमारे फुटबॉलरों को उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और प्रदर्शन करने में काफी मदद मिलेगी। इस तरह के टूर्नामेंट खेलने का अवसर मिलने से हमें उच्च लक्ष्य रखने में मदद मिलेगी और हमारा लक्ष्य 2026 तक शीर्ष एशियाई टीमों को चुनौती देना शुरू करना है। समिति ने इस साल की शुरुआत में एशियाई खेलों में उच्च रैंकिंग वाले विरोधियों और कठिन परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद पुरुष और महिला टीम के खिलाड़ियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। सदस्यों ने यह भी सिफारिश की कि एशियाई खेलों जैसे टूर्नामेंटों के लिए क्लबों द्वारा रिलीज किए गए खिलाड़ियों के मामले पर अगली कार्यकारी समिति की बैठक में चर्चा की जाए। समिति के सदस्य इस बात पर सहमत हुए कि सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम ने एशियाई खेलों में थाईलैंड और चीनी ताइपे जैसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सराहनीय प्रदर्शन किया, लेकिन सिफारिश की कि ब्लू टाइग्रेसेस को ऐसे आयोजनों की तैयारी के लिए लंबे समय तक तैयारी का समय और एक्सपोज़र मैत्री मैचदिया जाना चाहिए। समिति ने सदस्यों को सुझाव दिया कि अंडर-23 राष्ट्रीय टीम का निर्माण किया जाना चाहिए, जिसका नेतृत्व वर्तमान सीनियर राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच और भारत के पूर्व डिफेंडर महेश गवली को दिया जाए। खिलाड़ियों की प्रगति को सुव्यवस्थित करने के लिए गवली को अन्य जूनियर टीमों के विकास के लिए परियोजना का नेतृत्व करने के लिए भी सुझाव दिए गए। एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में भारत की अंडर-17 महिला टीम के प्रदर्शन को सदस्यों ने खूब सराहा, खासकर जब उन्होंने कोरिया गणराज्य और थाईलैंड जैसी उच्च रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ अच्छी प्रतिस्पर्धा की।





### रोहित ने स्ट्राइक रेट के मामले में विराट को पीछे छोड़ा




**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा विश्वकप में इस बार नये अंदाज में दिखे हैं ।रोहित को बल्लेबाजी में किये बदलाव का लाभ भी मिला है। ये पहली बार है जब वह रनों के मामले में विराट कोहली से आगे निकल आये हैं। रोहित ने अब तक आक्रामक तरीके से खेलते हुए 21 पारियों में 56 की औसत से 1056 रन बनाये हैं। इस दौरान उन्होंने 56 छक्के भी लगाये हैं। इसमें 2 शतक और 8 अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 113 का रहा है। पहली बार करियर में रोहित बेहद तेजी से बल्लेबाजी कर रहे है जिससे भारतीय टीम अच्छी शुरुआत करने में सफल रही है। इससे टीम को एक दशक के खिताब मिलने की उम्मीदें प्रबल हो गयी हैं। रोहित शर्मा स्ट्राइक रेट के मामले में अब केवल वीरेंद्र सहवाग से ही पीछे हैं। सहवाग ने 2008 में 120 के स्ट्राइक रेट से 824 रन बनाए थे। वहीं स्ट्राइक रेट के मामले में पहली बार रोहित विराट कोहली से भी आगे निकले हैं। विराट ने अपने एकदिवसीय करियर में 5 बार 100 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। वहीं कोहली ने साल 2014 में 104 के स्ट्राइक रेट से 685 रन बनाए थे। तब उन्होंने 3 शतक और 3 अर्धशतक भी लगाये थे। वहीं साल 2023 में कोहली ने अब तक 18 पारियों में 962 रन बनाये हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 103 का रहा है और उन्होंने 4 शतक और 5 अर्धशतक लगाये हैं। दूसरी ओर रोहित ने इस बार 113 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं।

## इस सीजन के रग्ज...



**अपने** घर के लिए इस सीजन में रग्ज खरीदने से पूर्व उसके फाइबर, रंगों के बारे में अच्छी तरह जांच-परख लें। खासकर बरसात के मौसम में चटख रंग न खरीदें। अपने कमरे के फर्श को रग्ज से सजाने से पहले कमरे का साइज और डाइमेंशन पर गौर करें कि कहां-कहां रग्ज थोड़ा और कहां इसका फैलाव ज्यादा आएगा। जैसे दरवाजों के पास रग्ज को थोड़ा काटना पड़ सकता है। अगर आप अपने कमरे को रग्ज से कवर करना चाहते हैं तो यह आपके कमरे की दीवार से दो फीट छोटा होना चाहिए। कई वाल टू वाल रग्ज लगाना भी पसंद करते हैं। रग्ज सुंदर दिखे यह इस बात पर निर्भर करता है कि इसकी बुनावट किस तरह की गई है? इसकी फिनिशिंग कैसी है? सवाल यह नहीं कि जो भी रग्ज आप खरीदने जा रहे हैं, वह कितना महंगा है? और वह सबसे बढ़िया है कि नहीं? सवाल यह है कि रग्ज वही बढ़िया है, जो आपके घर में सजता है। प्लांट बेस्ड फाइबर जैसे जूट, हेम्प आदि ऐसे रग्ज हैं जो किसी भी स्पेस में आसानी से फिट हो सकते हैं। ये अलग-अलग स्टाइल में मौजूद हैं और आपके घर के डेकोर के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। नेचुरल फेब्रिक सदाबहार हैं। इन्हें पारम्परिक, आधुनिक या फिर ग्रामीण परिवेश वाले घर और बीच हाऊस में सजाया जा सकता है। इनका जमीनी टेक्सचर काफी आकर्षक है। ये रग्ज सुनहरी तथा सिल्की शाइन में भी होते हैं। लोककला आधारित फेब्रिक तथा फ्लोरल आर्ट के साथ-साथ ट्रॉपिकल लैंडस्केप हमें इन गर्मियों में भी कूल-कूल अहसास देती है।

## मच्छरों को भगाने वाला टीवी...




**टीवी** घर में मनोरंजन का सबसे अच्छा साधन है और अगर यह टीवी आपके मनोरंजन के साथ-साथ मच्छरों की समस्या से भी निजात दी लाए तो फिर क्या कहने। जी हां, अब आपको मच्छर भागने के लिए किसी मॉस्किटो कोल नहीं बस टीवी ऑन कीजिए और मच्छर दूर भाग जाएंगे। एलजी ने एक ऐसा ही टीवी लॉन्च किया है जो मनोरंजन के साथ-साथ मच्छर दूर करने का भी काम करता है। मॉस्किटो अवे टीवीकी शुरुआती कीमत भारतीय बाजार में 26,900 रुपए तय की है जो 47,500 रुपए तक है। एलजी मॉस्किटो अवे टीवी भारतीय ग्राहकों को ध्यान में रखकर विकसित गया है। इसमें अल्ट्रा सोनिक डिवाइस का इस्तेमाल किया गया है जो एक बार एक्टिवेट होने के बाद मच्छरों को दूर भागाने का काम करती है। इसमें साउंड वेब्ज तकनीक के जरिए यह बिना किसी हानिकारक रेडिएशन के मच्छरों को दूर करती है। कंपनी का दावा है कि यह तकनीक वैश्विक संगठनों के नियमों के अनुरूप है। इसकी जांच भारत के अंतरराष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी एवं विषज्ञान संस्थान में भी की गई है। इस मच्छर भगाने वाली तकनीक का इस्तेमाल करने के लिए टीवी को हमेशा चालू रखने की भी जरूरत नहीं है।

## चेहरे और शरीर का ध्यान रखें...



आमतौर पर लड़के अपने चेहरे और शरीर के रखरखाव को लेकर ज्यादा सतर्क नहीं होते हैं, लेकिन आज के समय में लोगों का चेहरा भी उन्हें सफलता दिलाने का काम करता है। ऐसे में युवाओं को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। चेहरे पर साबुन लगाने से नमी चली जाती है। फेशवॉश का इस्तेमाल करें। अगर आपके चेहरे पर मुंहासें है तो उनका उपचार करें। उन्हें फोड़ें नहीं और न ही उन पर साबुन लगाएं। कोई एंटीसेप्टिक क्रीम लगा सकते हैं। क्लीन शेव लड़के हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। लेकिन कई लड़कों को दाढ़ी रखना पसंद होता है चाहे बाल हो या नहीं। ऐसे में चेहरे पर कुछ जगह दाढ़ी और कुछ जगह खाली हिस्सा, बिल्कुल भी अच्छा नहीं दिखता है। दाढ़ी के साथ एक्सपेरिमेंट न करें और हमेशा क्लीन शेव बने रहें। साथ ही जब शेव करें तो गर्दन के बाल भी ट्रिम कर लें। ये शर्ट पहनने पर बहुत भद्दे दिखते है। युवाओं की नाक के बाल बहुत ज्यादा बढ़ते हैं। ऐसे में नाक के बाल काट लें। इससे सामने वाले को आप से घिन नहीं आएगी। इसके अलावा कई युवाओं को पीठ में छोटे-छोटे पस भरे दाने होते हैं, इनका उपचार करें। सही साबुन का इस्तेमाल करें और जरूरत पड़ने पर डर्मेटोलॉजिस्ट से सम्पर्क करें।

## तेजी से कैसे बढ़ाएं दाढ़ी...?



**कुछ** ऐसे तरीके हैं, जिसे अपनाकर आप दाढ़ी की वृद्धि दर को थोड़ा बढ़ा सकते हैं। इसके लिए आपको इसकी ठीक ढंग से देखभाल करनी होगी। त्वचा के लिए तैयार कोई अच्छा एक्सफोलिएट मास्क भी ट्राइ करें। इससे दाढ़ी के बालों को उगने में मदद मिलेगी। धैर्य रखें और अपनी दाढ़ी को बढ़ने और विकसित होने दें। विकसित हेने के बाद खाली जगह अपने आप ही भरने लगेंगी। प्रोटीन शरीर को ऐसे पौष्टिक तत्व उपलब्ध कराता है जो ज्यादा बालों को उगाता है और सोना इसलिए जरूरी है क्योंकि इसी समय पौष्टिक तत्व अपना काम करता है। कैस्टर के तेल को एक बेहतरीन कंडीशनिंग ट्रीटमेंट माना जाता है, जो बालों को बढ़ाने के साथ-साथ आपकी दाढ़ी को सही दिशा में आगे बढ़ाएगा। विटामिन बी1, बी6 और बी12 भी बालों को जल्दी बढ़ाने में मदद करता है।

हिमाचल प्रदेश के उत्तर पूर्व में स्थित किन्नौर जिले को हाल ही में देशभर के प्रथम वायु-प्रदूषण मुक्त जिले का खिताब मिला है। किन्नौर को प्रकृति ने दिल खोलकर सुंदरता नवाजी है। वैसे किन्नौर की जीवनशैली अब रॉयल हो चली है। जिले के हर घर में कम से कम एक गाड़ी जरूर है और किन्नौर के सभी गांवों में अब 80 प्रतिशत तक घर पक्के बन चुके हैं। पहले ये घर मिट्टी, पत्थर व लकड़ी के हुआ करते थे। वायु-प्रदूषण से मुक्त होने के साथ ही किन्नौर कई मामलों में खास है। किन्नौर में और क्या रहस्य है यही जानने की कोशिश है यह आलेख।



# रुपसियों का देश...



**हिमाचल प्रदेश** के उत्तर पूर्व में स्थित किन्नौर जिले को हाल ही में देशभर के प्रथम वायु-प्रदूषण मुक्त जिले का खिताब मिला है। किन्नौर की हवा को लेकर रिसर्च में पाया गया कि हिमाचल के इस खूबसूरत जनजातीय जिला में 2.5 माइक्रोन के पीएम यानी पार्टीकुलेट मैटर का स्तर सालाना 3.7 जमा माइनस वन प्रति क्यूबिक मीटर पाया गया।

यह नेशनल एयर क्वालिटी टारगेट से दस फीसदी कम है। दिल्ली की भयावह स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां यह स्तर 148 जमा माइनस 51 प्रति क्यूबिक मीटर है। यदि हवा साफ हो और तय मानकों के अनुसार हो तो भारत में हर साल 45 हजार लोग दूषित हवा के कारण होने वाली विभिन्न बीमारियों से मरने से बच सकते हैं। दूषित शहरों में लोगों की जीवनी शक्ति भी कम हो जाती है। लेकिन किन्नौर का जीवन खुली किताब है और अनेक रहस्यों को समेटे भी। यहां के रीति-रिवाज आपको चौकाएंगे भी, लुभाएंगे भी। कुदरत भी यहां अपने हर रूप में मौजूद है, सुरम्य भी और खतरनाक भी।

आसमां से ऊंचे हिमशिखर, बर्फीले झरने, गुनगुनाती बलखाती नदियां-ये नजारे नयनाभिराम हैं, लेकिन भारी बर्फबारी के बाद जब यह इलाका कुछ माह के लिए शेष दुनिया से कट-छट जाता है, तब कुदरत के कठोर थपेड़ों का एहसास करवाता है किन्नौर। हमारे पुरातन ग्रंथों में किन्नरी शब्द का संबोधन रूपसी के लिए किया गया है। शायद उसी किन्नर शब्द से ही यह किन्नौर बसा है। यानी रुपसियों का देश लेकिन हालिया वर्षों में किन्नर शब्द का प्रयोग देशभर में ट्रांसजेंडर के लिए किया जाने लगा है जिससे वहां के लोग खासे दुखी हैं। इसे लेकर समय-समय पर उन्होंने सरकार को ज्ञापन भी सौंपे हैं। कुदरत की तरह ही हिमाचल के इस कबाइली इलाके की महिलाओं का सौंदर्य भी नैसर्गिक है यानी ऐसी खूबसूरती जो मेकअप की लीपापोती की मोहताज नहीं। यहां की युवतियविशुद्ध देसी, लेकिन लावण्य से भरपूर ां मेकअप से कोसों दूर हैं।

कुदरत ने जो हुस्न बख्शा है, उसकी चमक बरकरार रखने के लिए उन्हें किसी तरह की लीपापोती की जरुरत नहीं। कच्चे अखरोट की दातुन से चिट्टे-चिट्टे दांत और उसी से होंठों की लाली का देसी मेकअप कोई इनसे सीखे। इन पर अभी तक जमाने का रंग कम ही चढ़ पाया है। हालांकि कई इलाकों में किन्नौरी परिधानों के इतर जीन्स व सलवारें पहने किशोरियां दिख जाती हैं लेकिन अधिकांश पारंपरिक वेशभूषा में ही नजर आती हैं।

### विज्ञान की मुहर लगी

अपनी स्वास्थ्यवर्धक जलवायु के लिए दशकों से प्रसिद्ध रहा है किन्नौर लेकिन अब देश का पहला वायु प्रदूषणमुक्त जला घोषित होने के बाद वैज्ञानिक तौर पर भी यहां की जलवायु पर मोहर लग गई है। किन्नौर प्राकृतिक नजारों से न केवल लबरेज है, बल्कि यहां की मनोरम घाटियां और चट्टानें काटकर बनाई गई सड़कें यहां घूमने आने वालों को रोमांच का अनुभव करवाती हैं। यहां के महाभारत काल के अधिकांश देवालय विदेशी पर्यटकों समेत सभी को मंत्रमुग्ध करते हैं। शीत मरुस्थल के रूप में विख्यात किन्नौर अब साल भर लोगों की पहुंच के भीतर रहता है। हालांकि गर्मियों में यहां आना ज्यादा फायदेमंद है, क्योंकि सर्दियों में यहां अधिकांश स्थानों पर तापमान जमाव बिंदू से नीचे रहता है। इसके अलावा बर्फबारी भी अक्सर सर्दियों में किन्नौर का रास्ता रोक देती है। एक ओर यह तिब्बत से सटा है, वहीं दूसरी ओर इसकी सीमाएं लाहौल स्पिति और शिमला को भी छूती हैं। पर्यटन की बयार किन्नौर तक पहुंच चुकी है। सांगला और रिकांगपिओ वैली में अब विश्वस्तरीय होटल बन चुके हैं, जो अक्सर विदेशी सैलानियों से भरे रहते हैं। सांगला घाटी में पिछले कुछ सालों के दौरान होम स्टे ने भी काफी जोर पकड़ा है और लोगों ने अपने घरों को होम स्टे के तहत होटलों में तबदील कर दिया है।

### बहु पति विवाह

किन्नौर क्षेत्र की लड़की का विवाह एक ही परिवार के सभी सगे भाइयों से एक साथ किया जाता है। यहां के निवासी इस प्रथा का संबंध पांडवों के अज्ञातवास से जोड़ते हैं। घर की एक ही छत के नीचे रहने वाले परिवार के सभी भाई एक ही युवती से परंपरा के अनुसार शादी करते हैं और विवाहित जीवन जीते हैं। अगर किसी महिला के कई पतियों में से किसी एक की मौत भी हो जाए तो भी महिला को दु:ख नहीं मनाने दिया जाता है। किन्नौर में विवाह की परंपरा भी अजीब ढंग से निभाई जाती है। जब किसी युवती की शादी होती है तो परिवार वाले उस परिवार के लड़कों के बारे में पूरी जानकारी आदि ले लेते हैं। विवाह में सभी भाई दूल्हे के रूप में सम्मलित होते हैं। शादी के बाद निभाई जाने वाली कई परंपराएं और बाद का विवाहित जीवन एक टोपी पर निर्भर करता है। जैसे किसी परिवार में चार भाई है। सभी की विवाह एक ही महिला से हुआ है। अगर कोई भाई अपनी पत्नी के साथ है तो वह कमरे दरबाजे पर अपनी टोपी रख देता है। भाइयों में मान मर्यादा इतनी रहती है कि जब तक टोपी दरवाजे पर रखी है कोई दूसरा भाई उस स्थान पर नहीं जा सकता। जनजातीय जिला किन्नौर में भोटी भाषा प्रचलित है। बोलचाल की भोट भाषा में किन्नौर को खुनु, बुशैहरी और स्थानीय लोग कन्नावर या कनौर कहते हैं। स्थानीय भाषा में लोग अपने को कनौरस या किन्नौरस कहते हैं। तिब्बती लोग किन्नौरों को खुनु-पा कहते हैं और किन्नौरे अपनी भाषा को कनौवरिंगकत कहते हैं। किन्नौर में एक ही किन्नौरी भाषा अथवा कनौवरिंगकत ही नहीं है, बल्कि हर गांव में अलग-अलग बोलियां बोली जाती हैं। फिर भी इस अनेकता को एकता के रूप में बांधने वाली एक किन्नौरी भाषा को पूरे किन्नौर में प्रयोग कर सकते हैं।




### महिला होती है मुखिया

यहां पुरुष नहीं बल्कि महिलाएं घर की मुखिया होती हैं। इनका काम होता है पति व संतानों की सही ढंग से देखभाल करना। परिवार की सबसे बड़ी स्त्री को गोयने कहा जाता है। उसके सबसे बडे पति को गोर्तेस, कहते हैं यानी घर का स्वामी। यहां की एक और बात खास होती है वह यह कि यहां खाने के साथ शराब अनिवार्य होती है। यदि पुरुषों का मन दुखी होता है तो यह शराब और तम्बाकू का सेवन करते हैं वहीं जब महिलाओं को किसी बात को लेकर दु:ख होता है तो वह गीत गाती हैं। सर्दी में बर्फबारी की वजह से यहां की महिलाएं और पुरुष घर में ही रहते हैं। बर्फबारी की वजह से कोई काम नहीं रहता है। इन दिनों इन लोगों के पास बस मौज मस्ती में दिन व रात गुजारने होते हैं। महिलाएं सारा दिन पुरुषों के साथ गप्पें मारती हैं। किन्नौर जिले का मुख्याल्य रिकांग पिओ है। ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों और हरे-भरे पेड़ों से घिरा यह क्षेत्र ऊपरी, मध्य और निचले किन्नौर के भागों में बंटा हुआ है। यहां पहुंचने का मार्ग दुर्गम होने के कारण यह क्षेत्र बहुत लंबे समय तक पर्यटकों से अछूता रहा है, लेकिन अब साहसिक और रोमांचप्रिय पर्यटक यहां बडी संख्या में आने लगे हैं। प्राकृतिक दृश्यावली से भरपूर इस जिले की सीमा तिब्बत से सटी हुई है, जो इसे सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनाती है। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला से लगभग 250 किमी. दूर राष्ट्रीय राजमार्ग 22 पर यह नगर स्थित है। पहाड़ों और जंगलों के बीच कलकल ध्वनि से बहती सतलुज और स्पीति नदियों का संगीत यहां की सुंदरता में चार चांद लगा देता है। स्पीति नदी आगे चलकर खाब में सतलुज से मिल जाती है।

### आदर-सत्कार की भावना

यहां के प्राकृतिक सौंदर्य की तरह यहां के लोग भी सुंदर हैं। किन्नर बालाएं फलों से सुसज्जित अपनी परंपरागत टोपियां पहनती हैं। टोपियों के दोनों ओर पीपल पत्र नामक चांदी का एक गहना बना होता है और चांदी के ही एक नक्काशीदार कड़े पर कसा रहता है। अपने शरीर को ये ऊनी कम्बल से साडी की भांति लपेटे रखती हैं। इस ऊनी कम्बल को स्थानीय भाषा में 'दोहडू' कहा जाता है।

किन्नरियों में मेहमानों के आदर-सत्कार की भावना भी बहुत होती है। मेहमानों का स्वागत वे अपने हाथों से शराब पेश करके करती हैं। ऐसा करते समय उन्हें कोई संकोच नहीं होता, क्योंकि शराब को किन्नर समाज में महत्व प्राप्त है, लेकिन ताज्जुब की बात यह भी है कि जहां किन्नरियां शराब को बनाने से लेकर पेश करने तक का कार्य अपने हाथों से करती हैं, वहीं वे स्वयं शराब को मुंह तक नहीं लगातीं। शाल बुनने में तो उनका कोई सानी नहीं है। उनकी बनाई शालों में प्रकृति के विभिन्न रूप परिलक्षित होते हैं। सर्दियों में जब भारी बर्फबारी के कारण किन्नौर का सम्पर्क शेष दुनिया से कट जाता है तो किन्नारियां ऊनी कपडे, कालीन और अन्य चीजें बुनने का काम करती हैं। उनके बनाए ऊनी वस्त्रों में डोहरियां, पट्टू, गुदमा आदि उल्लेखनीय हैं।



### जूठी घास नहीं खाता याक



प्राकृतिक नजारों से भरपूर किन्नौर के लोग बड़ी संख्या में भेड़-बकरी पालन का काम करते हैं। यहां तक कि भारतीय प्रशासनिक सेवा तक में कार्यरत अधिकारियों के परिवारों में भी अभी तक भेड़-बकरी पालन की परंपरा जारी है। कन्नौर क्षेत्र में कहीं-कहीं याक पाया जाता है। यह जानवर पालतू व जंगली दोनों तरह का होता है। इसे बहुत पवित्र माना जाता है। इसकी विशेषता यह है कि अन्य अपवित्र पदार्थो की तो बात ही छोड़िए, दूसरे जानवरों द्वारा चरी हुई घास को भी यह जूठा मान कर छोड़ देता है और नई उगी घास ही खाता है। याक में सूंघने की विलक्षण शक्ति ोती है। बर्फ के नीचे छिपे गढ्डों का इसे पता चल जाता है और यह उनसे बच कर ठीक मार्ग बनाता हुआ आगे बढ़ता चलता है। हिमाच्छादित क्षेत्रों में कई जगह गहरे गड्ढ़ों में गिरने से दुर्घटनाएं हो जाती हैं। याक की सूंघने की क्षमता का लाभ मनुष्य को भी मिलता है। इसे नमक बहुत पसंद है। किसी पत्थर पर नमक लगाकर इसके आगे रख दिया जाए तो याक उसे कई घंटों तक चाटता रहता है। वैसे तो यह सीधा-सादा जानवर है, परंतु किसी कारण इसे क्रोध आ जाए तो खैर नहीं। प्राय: किन्नौर के याक का रंग सफेद होता है। दूसरे रंग का याक सुगमता से दिखाई नहीं देता। किन्नौर की वादियों का आकर्षण देश-विदेश से यहां आए सैलानियों के हृदय में ऐसा समा जाता है कि वे यहां की नैसर्गिक सुंदरता तथा धार्मिक आस्था वाले भोले-भाले लोगों से हुई अपनी मुलाकात को लंबे समय तक अपने दिल में संजोए रहते हैं। यही नहीं, हिमालय की रचना के गूढ़ रहस्यों को जानने की चेष्टा करते हुए जिज्ञासु पर्यटक बार-बार यहां आने की इच्छा मन में संजोए रहते हैं।

# अंधेरे में इस्तेमाल न करें स्मार्टफोन...

**आप** भी उन लोगों में जरूर शामिल होंगे जो रात को सोने से पहले कमरे की लाइट बुझाकर अपने स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते होंगे। अगर आप अभी तक ऐसा करते आएं हैं तो अब आपको संभल जाने की जरुरत है। बता दें कि लगातार ऐसा करने के चलते कई लोगों में अंधेपन के लक्षण देखें गए हैं और दो महिलाएं तो पूरी तरह आंखों की रौशनी गंवा बैठी हैं।

### कौन हैं महिलाएं

न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक एक महिला की उम्र 22 साल जबकि दूसरी की 40 साल है।

अंधेरे में स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने से शुरुआत में इनमें अंधेपन के लक्षण देखे गए। डॉक्टर्स के मना करने के बावजूद इन्होंने सावधानी नहीं बरती जिसके चलते अब ये पूरी तरह आंखों की रौशनी गंवा चुकीं हैं। इस बीमारी का नाम ट्रांजिएंट स्मार्टफोन ब्लाइंडनेस बताया जा रहा है।




### एक आंख का न करें इस्तेमाल

रिपोर्ट के मुताबिक अंधेरे में फोन इस्तेमाल करते हुए आंख स्क्रीन की रोशनी के हिसाब से काम कर रही होती है लेकिन जैसे ही आप दूसरी आंख का इस्तेमाल करते हैं दोनों तारतम्य नहीं बैठा पाते और ब्लाइंडनेस का अनुभव होता है। इसलिए इससे बचना बेहद जरूरी है।

### बाथरूम में न ले जाएं फोन

आजकल स्मार्टफोन का हर जगह हर समय इस्तेमाल करना लोगों की आदत हो गई है, लेकिन अगर आप भी अपना स्मार्टफोन बाथरूम में लेकर जाते है तो संभल जाएं क्योंकि इसका बाथरूम में इस्तेमाल खतरनाक हो सकता है। बाथरूम में फोन को लेकर जाने से उसके गिरने या स्क्रीन के डैमेज होने का खतरा ज्यादा रहता है क्योंकि गीले हाथों से स्मार्टफोन का प्रयोग करने से टचस्क्रीन खराब होती है। बाथरूम में स्मार्टफोन का बार-बार इस्तेमाल करने से सिम कार्ड में भी नमी आ सकती है। बाथरूम में नमी के कारण स्मार्टफोन के सर्किट्स पर असर पड़ सकता है क्योंकि भाप या पानी की एक बूंद भी इसके लिए खतरनाक साबित हो सकती है। बाथरूम में साबुन, पानी के साथ आप खुद को साफ कर लेते हैं लेकिन स्मार्टफोन को नहीं कर पाते नतीजतन 10 में से 9 फोंस में बीमारी फैलाने वाले कीटाणु रहते हैं। बाथरूम के बड़े शीशे के सामने बैठकर स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने से वाई-फाई सिग्नल ब्रेक होता है क्योंकि बड़े शीशे वाई-फाई सिग्नल को रिफ्लेक्ट करते है और उसके कारण सही सिग्नल आपके फोन तक नहीं पहुंच पाते। प्राप्त रिसर्च के अनुसार, यूके में प्रत्येक महीने 1.5 लाख स्मार्टफोन फ्लश में गिर जाते है। एक स्टडी के अनुसार बाथरूम में फोन का ज्यादा इस्तेमाल व्यक्ति को लंबे समय तक वही रहने की आदत डाल देता है।



### क्या हैं लक्षण

शुरुआत में इन महिलाओं को कुछ वक्त के लिए दिखाई देना बंद हो जाता था। महिलाओं के कई टेस्ट किए गए लेकिन ऐसा क्यों हो रहा है इसका पता नहीं चल पाया। बाद में इन महिलाओं से जब पूछा गया कि ऐसा अक्सर कब होता है तो उन्होंने बताया कि रात में जब वे लेटकर स्मार्टफोन इस्तेमाल कर रहीं होती हैं तब ऐसा अक्सर होता है। तो अगर आपको भी टेम्परेरी ब्लाइंडनेस का अनुभव हो रहा है तो ये संभल जाने का वक्त है।



# एंटीबायोटिक लेने से पहले ध्यान रखें ये बातें

**सर्दी-जुकाम** या बुखार में बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक्स लेने की आदत सेहत के लिए कई दिक्कतें पैदा कर सकती है। ब्रिटेन में हुए एक शोध के अनुसार बार-बार एंटीबायोटिक्स लेने से पेट में मौजूद खराब बैक्टीरिया के साथ अच्छे बैक्टीरिया भी मर जाते हैं। जिससे बैक्टीरियल सिस्टम बिगड़ जाता है। ऐसे में पैंक्रियाज की कार्य प्रणाली बिगड़ने के कारण टाइप-टू डायबिटीज का खतरा भी बढ़ जाता है।

बार-बार एंटीबायोटिक्स के इस्तेमाल से शरीर में इनके प्रति रेसिस्टेंस बढ़ने लगता है। जिस वजह से कुछ समय बाद मौसमी बीमारियों में ली जाने वाली एंटीबायोटिक्स दवाएं न के बराबर असर करती हैं। ऐसे में मरीज हाई डोज वाली एंटीबायोटिक्स का आदी होने लगता है जो गंभीर रोगों को जन्म देती हैं।

### ये हैं साइड इफेक्ट्स

इन दवाओं के लिए नियमित डोज और कोर्स होता है। सही तरीके से एंटीबायोटिक्स न लेने पर साइड इफेक्ट हो सकता है। इसमें स्टेफन जॉनसन सिंड्रोम बेहद आम है। इस सिंड्रोम में मुंह में छाले और चेहरे व छाती पर दाने निकल आते हैं। यह जानलेवा भी हो सकता है।



### वायरल में असरदार नहीं

एंटीबायोटिक्स वायरल फीवर में अधिकतर मरीज बिना किसी डॉक्टरी सलाह के एंटीबायोटिक्स ले लेते हैं। जो असर नहीं दिखाती है। एंटीबायोटिक्स से बैक्टीरिया मरते हैं जबकि वायरल फीवर वायरस के कारण होता है। ऐसे में एंटीबायोटिक्स खाने से शरीर को नुकसान होता है।

### 5-7 दिन में ठीक होता है वायरल

वायरल फीवर, सर्दी-जुखाम होने पर एक निश्चित समय के बाद ही ठीक होता है। इसमें 5-7 दिन लगते हैं। इसमें एंटीबायोटिक्स दवाएं नहीं लेनी चाहिए। केवल फीवर या सर्दी की दवा लें। निर्धारित समय में अपने से ठीक हो जाएगा। डायरिया-दस्त में या बाहर खाना खाने के बाद भी एंटीबायोटिक्स न खाएं। इसे लेने से पहले डॉक्टरी सलाह जरूर लें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**